हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

पेज : 08

हमारा लक्ष्य खिताब फिर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर खिताब जीतना है ...



www.naisochlive.com | पटना, सोमवार, 30 मार्च 2026, वर्ष- 09, अंक- 35, पृष्ठ-12, मूल्य - 3:00 | naisochexpress@gmail.com

# जागरूक रहें, बहकावे में न आएं: पीएम

## मन की बात के 132वें एपिसोड : ऊर्जा संकट पर अफवाहों से बचने और एकजुटता का आह्वान

### युवाओं, खेल और फिटनेस पर दिया विशेष जोर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संघर्ष की वैश्विक स्थिति और ऊर्जा संकट पर चिंता जताते हुए रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम से एक बार फिर देशवासियों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और एकजुटता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संघर्ष के कारण पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता प्रभावित हो रही है। ऐसे समय में अफवाहों से दूर रहना और आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करना जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 132वें एपिसोड में आज उक्त बातें कहीं। उन्होंने खाड़ी देशों के संघर्ष के बीच वहां रह रहे भारतीयों को संभालने के लिए दिए सहयोग पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि दुनिया की ऊर्जा आवश्यकताएं इस क्षेत्र से जुड़ी हैं, जिससे मौजूदा संघर्ष का असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि भारत अपने अंतरराष्ट्रीय संबंधों का उपयोग कर स्थिति का सामना कर रहा है। प्रधानमंत्री ने इस विषय पर राजनीति करने से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यह 140 करोड़ लोगों से जुड़ा मुद्दा है और इसमें स्वार्थ की राजनीति का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने अफवाह फैलाने वालों को देश के लिए हानिकारक बताया और नागरिकों से अपील की कि वे केवल सरकारी जानकारी पर भरोसा करें। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे कई देशों में ईंधन संकट की स्थिति बनी है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से देश की पांडुलिपि धरोहर के संरक्षण में जनभागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि 'ज्ञान भारतम्' पहल के तहत पांडुलिपियों का संरक्षण और उनसे जुड़ी जानकारी एकत्र की जा रही है। इसके लिए एक ऐप भी विकसित किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने पास सुरक्षित पांडुलिपियों की जानकारी साझा करें। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में देश में खेलों के प्रति बढ़ते उत्साह और उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने आईसीसी टी-20 विश्व कप में भारतीय पुरुष टीम की जीत और रणजी ट्रॉफी में जम्मू-कश्मीर की ऐतिहासिक उपलब्धि की चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश के एथलीट कुलवीर सिंह की उपलब्धि का जिक्र किया, जिन्होंने न्यूयॉर्क सिटी हाफ मैराथन में तीसरा स्थान प्राप्त किया। वह एक घंटे से कम समय में हाफ मैराथन पूरा करने वाले पहले भारतीय बने। उन्होंने अनाहत सिंह द्वारा स्क्वैश ऑन फायर ओपन जीतने और 8 मार्च को 'अस्मिता' महिला लीग के आयोजन का भी उल्लेख किया और कहा कि देश में नारी शक्ति खेलों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रधानमंत्री ने हर बार की तरह इस बार भी स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने नियमित व्यायाम, योग और संतुलित आहार की आवश्यकता पर बल दिया। एक प्रसंग में उन्होंने बताया कि उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक कंटेंट क्रिएटर युवराज दुआ के अनुरोध का उत्तर दिया, जिसका उनके पिता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा और उन्होंने शुगर का सेवन कम कर दिया। उन्होंने बेंगलुरु के 'प्रयोग इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन रिसर्च' के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह संस्थान बच्चों को विज्ञान के व्यावहारिक अनुभव से जोड़ रहा है। इसके साथ ही उन्होंने नागा समुदाय की 'मोरुंग' प्रणाली का उल्लेख किया, जो परंपरा और आधुनिक शिक्षा का समन्वय प्रस्तुत करती है।

### युवाओं और खेलों पर विशेष जोर

प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है और युवाओं की भागीदारी से राष्ट्र निर्माण को नई दिशा मिलती है। उन्होंने "माय भारत" जैसे संगठनों और विभिन्न प्रतियोगिताओं में युवाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। खेलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने टी-20 विश्व कप और रणजी ट्रॉफी में भारतीय खिलाड़ियों की उपलब्धियों को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह बढ़ रहा है, खासकर महिलाओं की बढ़ती भागीदारी उल्लेखनीय है।

### फिटनेस और स्वास्थ्य पर जोर

प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से अपनी जीवनशैली में सुधार लाने की अपील करते हुए कहा कि योग और नियमित व्यायाम को अपनाना जरूरी है। उन्होंने शुगर और खाने के तेल के अत्यधिक सेवन से बचने की सलाह दी, ताकि जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचा जा सके। अंत में उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास और सीखने की इच्छा ही सफलता की कुंजी है, और देश के विकास में हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

# पश्चिम एशिया संकट: देश में ईंधन आपूर्ति सामान्य, पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में जारी संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद रहने के बीच केंद्र सरकार ने कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। सरकार ने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराहट में खरीदारी से बचने की अपील की है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, देशभर के सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं। कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है और सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं। पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। घरेलू मांग को देखते हुए रिफाइनरियों से एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है। मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। साथ ही घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए डीजल पर 21.5 रुपये प्रति लीटर और एटीएफ पर 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया गया है। घरेलू पाइप्ड गैस और सीएनजी-ट्रांसपोर्ट के लिए 100 प्रतिशत आपूर्ति जारी है। औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को उनकी औसत खपत का लगभग 80 प्रतिशत गैस मिल रही है, जबकि उर्वरक संयंत्रों को 70 से 75 प्रतिशत आपूर्ति दी जा रही है। आपूर्ति बनाए



रखने के लिए अतिरिक्त एलएनजी और आरएलएनजी की व्यवस्था की जा रही है। मार्च महीने में 2.9 लाख से अधिक नए पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं। एलपीजी आपूर्ति भी सामान्य बनी हुई है।

एक दिन में 55 लाख से अधिक घरेलू सिलेंडर वितरित किए गए हैं और किसी भी डीलर के पास गैस खत्म होने की सूचना नहीं है। ऑनलाइन बुकिंग 94 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जबकि डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड आधारित वितरण 53 प्रतिशत से बढ़कर 84 प्रतिशत हो गया है। कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति को चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर अब पूर्व स्तर के लगभग 70 प्रतिशत तक पहुंचाया गया है। 14 मार्च से अब तक 39,368 मीट्रिक टन वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति की गई है, जबकि एक दिन में लगभग 64,000 छोटे सिलेंडर बेचे गए। सरकार ने राज्यों को अतिरिक्त 48,000 किलोलीटर मिट्टी तेल आवंटित किया है और कोयले की अतिरिक्त आपूर्ति भी सुनिश्चित की है, ताकि एलपीजी पर दबाव कम किया जा सके। जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्ती करते हुए देशभर में करीब 2900 छापे मारे गए हैं और लगभग 1000 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। तेल विपणन कंपनियों ने 1200 से अधिक पेट्रोल पंप और गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया है तथा अब तक 480 नोटिस जारी किए हैं। समुद्रीय परिवहन में 18 भारतीय ध्वज वाले जहाज, जिनमें 485 नाविक सवार हैं, पश्चिमी फारस की खाड़ी क्षेत्र में मौजूद हैं। दो एलपीजी जहाज लगभग 94,000 मीट्रिक टन गैस लेकर भारत की ओर बढ़ रहे हैं, जिनमें से एक 31 मार्च को मुंबई और दूसरा 1 अप्रैल को न्यू मंगलुरु पहुंचेगा। देश के सभी बंदरगाहों पर संचालन सामान्य है और कहीं भी जाम की स्थिति नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु चुनाव: टीवीके ने की उम्मीदवारों की घोषणा, एक्टर विजय दो सीटों से लड़ेंगे चुनाव

**चेन्नई**। तमिलनाडु में 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले अभिनेता और तमिलगा वेत्री




कझगम (टीवीके) के प्रमुख विजय ने रविवार को अपनी पार्टी के उम्मीदवारों की सूची का ऐलान किया। 234 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। सबसे बड़ी खबर यह रही कि विजय खुद दो सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं। वे त्रिची ईस्ट और चेन्नई के परम्बूर से मैदान में उतरेंगे। दोनों सीटों पर उनका नाम सी जोसेफ विजय के रूप में दर्ज है। यह पहली बार है जब विजय सीधे चुनावी मैदान में उतर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक टीवीके के महासचिव एन आनंद टी नगर से, कोषाध्यक्ष वेंकट रमनन मायलापुर से और आधव अर्जुन विल्लिवाक्कम से चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा गोबीचेट्टीपालयम से के सेंगोट्टयान, तिरुचेंगोडे से केजी अरुणराज, तिरुपरनकुंडम से सीटीआर निर्मल कुमार, थाउजेंड लाइट्स से जेसीडी प्रभाकर, कोलाथुर से वीएस बाबू और आरके नगर से डॉ मारिया विल्सन को टिकट दिया गया है। उम्मीदवारों की घोषणा के साथ-साथ विजय ने युवाओं के लिए कई बड़े वादे भी किए हैं। पार्टी ने ऐलान किया कि अगर टीवीके सरकार बनी तो 29 साल से ज्यादा उम्र के उन युवाओं को हर महीने 4,000 रुपए दिए जाएंगे जिन्हें अभी तक नौकरी नहीं मिली है।

### इस्लामाबाद में अहम बैठक: तीन देशों के विदेश मंत्री पहुंचे, ईरान संकट पर कूटनीतिक पहल हुई तेज

**इस्लामाबाद**। ईरान से इजरायल- अमेरिका के बढ़ते सैन्य तनाव और संभावित युद्ध की स्थिति को समाप्त करने के प्रयास तेज हो गए हैं। इसी कड़ी में पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सऊदी अरब, तुर्किये और मिस्र के विदेश मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक शुरू हुई है। इस बैठक की मेजबानी पाकिस्तान कर रहा है, जिसे क्षेत्रीय स्तर पर एक बड़ी कूटनीतिक पहल माना जा रहा है। बैठक के दौरान इशाक डार ने मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती से मुलाकात की। इसके अलावा वे तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान और सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय वार्ताएं भी करेंगे। इन सभी नेताओं की शहबाज शरीफ से भी मुलाकात प्रस्तावित है। पाकिस्तान ने खुद को इस पूरे संकट में एक मध्यस्थ के रूप में पेश किया है। उसने ईरान को अमेरिका की ओर से तैयार 15 सूत्रीय प्रस्ताव भी सौंपा है। इस प्रस्ताव में ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह बंद करने, मिसाइल कार्यक्रम में कटौती, क्षेत्रीय प्रॉक्सी समूहों को समर्थन रोकने और बदले में आर्थिक प्रतिबंधों में राहत देने जैसे अहम मुद्दे शामिल हैं। फिलहाल ईरान इस प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, पाकिस्तान के सऊदी अरब और ईरान दोनों के साथ करीबी और संतुलित संबंध हैं, जिससे वह इस तरह की वार्ता के लिए उपयुक्त स्थान बनता है। पहले यह बैठक तुर्किये में प्रस्तावित थी, लेकिन बाद में इसे इस्लामाबाद स्थानांतरित कर दिया गया। पाकिस्तान की तटस्थ भूमिका और क्षेत्रीय देशों के साथ उसके स्थिर संबंधों ने इस पहल को संभव बनाया है।

## हिमाचल में अचानक बदला मौसम, मनाली लाहौल घाटी में बर्फबारी शुरू, लौटी ठंड

**मनाली**। हिमाचल प्रदेश के मनाली और लाहौल घाटी में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है, जिससे अटल टनल रोहतांग के साउथ पोर्टल समेत लाहौल के कई ऊपरी इलाकों में बर्फबारी शुरू हो गई। शनिवार देर रात से मनाली के ऊपरी क्षेत्रों और लाहौल घाटी में बारिश हो रही थी, जो सुबह होते-होते ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी में तब्दील हो गई। लाहौल के कोकसर, जिस्पा, दारचा, शिंकुला और बारालाचा -ला सहित रोहतांग टॉप के ऊपरी इलाकों में बर्फबारी हुई, जिसके चलते घाटी पूरी तरह बर्फ की सफेद चादर से ढकी नजर आई और नज़ारा मनमोहक नजर आने लगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक काफी दिनों तक मौसम साफ रहने के बाद आए इस अचानक बदलाव ने घाटी में एक बार फिर ठंड लौट आई है जहां ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो रही है, वहीं मनाली समेत कुल्लू जिले के



निचले इलाकों में लगातार बारिश जारी है, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज आई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक हिमाचल प्रदेश में 29 मार्च से 3 अप्रैल तक मौसम खराब रह सकता है। इस दौरान 29 से 31 मार्च और 2-3 अप्रैल को कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हो सकती है, जबकि 1 अप्रैल को ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी के आसार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 29-30 मार्च और 2-3 अप्रैल को 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ हवाएं चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

## तेहरान में शक्तिशाली धमाके, कुर्द इलाके में हमला

**एजेंसी। तेहरान/बगदाद**

ईरान की राजधानी तेहरान में आज सुबह एक साथ कई धमाके हुए हैं। ईरान की फार्स न्यूज एजेंसी ने यह जानकारी दी। उधर, इराक के कुर्द इलाके में हमलों में तेजी से चिंता बढ़ गई है। अमेरिका-इजराइल और ईरान की इस लड़ाई में इराक में मौजूद हथियारबंद गुट ' सराया औलिया अल-दाम' ने अमेरिकी हितों पर हमला किया है। अल जजीरा चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, फार्स ने बताया कि आज सुबह करीब 7:20 बजे उत्तरी तेहरान में दो जोरदार धमाके हुए। हालांकि, यह साफ नहीं हो पाया निशाना किसे बनाया गया। उधर, इराक में खासकर स्वायत्त कुर्द इलाके में हमलों में अचानक तेजी आई है। दुहोक में कुर्द इलाके के राष्ट्रपति नेचिरवान बरज़ानी के घर को



निशाना बनाने की कई कोशिश हुई है। एक बयान में, बरजानी ने बगदाद में केंद्र सरकार से इन हमलों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने की अपील की। इराक में मौजूद हथियारबंद समूह 'सराया औलिया अल-दाम' ने विज्ञप्ति जारी की है। इस समूह के ईरान से संबंध हैं। समूह ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटों में उसने कम से कम छह ऐसे इलाकों को निशाना बनाया है जिनका संबंध अमेरिकी हितों से है। इस समूह ने कोया जिले में विस्थापितों के कैंप और हरीर में अमेरिका के सैन्य बेस पर हमला किया है। इस समूह ने एरबिल में अमेरिकी दूतावास पर ड्रोन से हमला करने की भी कोशिश की।बताया गया है कि इन हमलों को अमेरिकी हवाई सुरक्षा प्रणाली ने विफल कर दिया। इस बीच बगदाद में भी कुछ देर पहले आसमान में धमाकों की तेज सुनी गई है। उल्लेखनीय है कि सराया औलिया अल-दाम इराक में स्थित ईरान समर्थित शिया मिलिशिया समूह है।

### ईरानी मीडिया की अमेरिका को सख्त चेतावनी, फ्रंट पेज पर लिखा- 'नरक में स्वागत है'

**तेहरान**। ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बीच ईरानी मीडिया ने कड़ा रुख अपनाते हुए अमेरिका को सीधी चेतावनी दी है। तेहरान टाइम्स ने अपने फ्रंट पेज पर 'नरक में स्वागत है' शीर्षक के साथ एक तीखा संदेश प्रकाशित किया, जिसमें कहा गया है कि अगर अमेरिकी सेना ईरान की जमीन पर कदम रखती है, तो वह "ताबूत में ही वापस जाएगी। यह बयान ऐसे समय सामने आया है जब खबरें हैं कि अमेरिका पश्चिम एशिया में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाने पर विचार कर रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप संभावित जमीनी कार्रवाई (ग्राउंड ऑपरेशन) के विकल्पों पर विचार कर रहे हैं, हालांकि इस पर अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

### आईआईटी खड़गपुर बनेगा देश का पहला संस्थान जो शुरू करेगा एमडी पाठ्यक्रम

**खड़गपुर**। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए स्नातकोत्तर 'डॉक्टर ऑफ मेडिसिन'(एमडी) पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के पास औपचारिक आवेदन कर दिया है। यदि इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाती है, तो आईआईटी खड़गपुर देश का ऐसा पहला तकनीकी संस्थान बन जाएगा, जो स्नातकोत्तर चिकित्सा कार्यक्रम संचालित करेगा। संस्थान के निदेशक सुमन चक्रवर्ती ने जानकारी दी कि आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और अब संबंधित मंत्रालयों के अंतिम निर्णय का इंतजार है। निदेशक के अनुसार, शिक्षा मंत्रालय ने इस दूरगामी प्रस्ताव का समर्थन किया है, लेकिन अंतिम फैसला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के पास विचाराधीन है। इस प्रस्तावित एमडी कोर्स के लिए कुल 20 सीटें निर्धारित की गई हैं। संस्थान ने शैक्षणिक तैयारियों को पुख्ता करते हुए पहले ही 20 अनुभवी चिकित्सकों की नियुक्ति कर ली है, जो छात्रों को प्रशिक्षण देंगे। इस पाठ्यक्रम में छात्रों का चयन नीट परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण डॉ. बीसी रॉय मल्टी स्पेशियलिटी मेडिकल रिसर्च सेंटर और श्यामा प्रसाद मुखर्जी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में प्रदान किया जाएगा।

### नितिन नवीन के इस्तीफे का कार्यक्रम टला, असम रवाना हुए भाजपा अध्यक्ष

**पटना**। बिहार की राजनीति में आज उस समय अचानक नाटकीय बदलाव आया जब भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के विधायक पद से इस्तीफे का पूर्व निर्धारित कार्यक्रम टल गया। जानकारी के अनुसार, नितिन नवीन को एक आपातकालीन स्थिति के कारण अचानक असम के डिब्रूगढ़ के लिए रवाना होना पड़ा। इससे पहले यह संभावना जताई जा रही थी कि वे आज सुबह 9 से 10 बजे के बीच बिहार विधानसभा की सदस्यता से अपना आधिकारिक त्यागपत्र सौंप देंगे। इस घटनाक्रम के बीच, बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार को भी दिल्ली बुलाया गया है। प्रेम कुमार शनिवार रात ही दिल्ली से पटना लौटे थे, लेकिन अब वे पुनः राष्ट्रीय राजधानी के लिए प्रस्थान करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि उन्हें प्रदेश अध्यक्ष द्वारा इस्तीफे की सूचना दी गई थी, जिसके कारण वे पटना आए थे, लेकिन भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के असम चले जाने के कारण अब नई तिथि निर्धारित की जाएगी। नितिन नवीन वर्तमान में बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं और लगातार पांच बार वहां से विधायक रहे हैं। हाल ही में राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद, संवैधानिक नियमों के तहत उन्हें विधानसभा की सदस्यता छोड़नी होगी।



## अमेरिका में ट्रंप का भारी विरोध लाखों लोग सड़कों पर उतरे कहा- नो किंग्स तत्काल जंग रोकें

**एजेंसी। वाशिंगटन**

पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष के 30वें दिन प्रवेश करने के साथ ही इसके प्रभाव अब सात समंदर पार अमेरिका की सड़कों पर साफ दिखाई देने लगे हैं। शनिवार को अमेरिका के तमाम छोटे-बड़े शहरों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान नीति और युद्ध के खिलाफ नो किंग्स विरोध प्रदर्शनों की तीसरी लहर देखी गई। लाखों की संख्या में प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर उतरकर युद्ध को तुरंत रोकने, बढ़ती महंगाई पर लगाम लगाने और प्रशासन की कठोर नीतियों में बदलाव की मांग की। यह विरोध प्रदर्शन ऐसे समय में हो रहा है जब ईरान और इजरायल के बीच मिसाइलों और ड्रोनों का हमला तेज हो




गया है, जिससे खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर भी खतरा मंडरा रहा है। इस युद्ध की तपिश ने न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है, बल्कि अमेरिका के भीतर भी विभाजन और असंतोष की रेखाएं खींच दी हैं। प्रदर्शनों में रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों ही विचारधारा वाले राज्यों के नागरिकों ने एकजुट होकर हिस्सा लिया, जो इस आंदोलन की व्यापकता को दर्शाता है। न्यूयॉर्क के मिडटाउन मैनहटन से लेकर सैन फ्रांसिस्को के सिविक सेंटर तक, प्रदर्शनकारियों ने तख्तियों, नारों और गीतों के माध्यम से अपना विरोध दर्ज कराया। जहां एक ओर मैनहटन में लोग ट्रंप प्रशासन की आप्रवासन नीतियों और ईरान संघर्ष के विरुद्ध मार्च कर रहे थे, वहीं सैन फ्रांसिस्को में प्रदर्शनकारियों ने यूक्रेन के समर्थन और मानवाधिकारों के लिए आवाज उठाई।

## नवी मुंबई से 30 से अधिक नए मार्गों पर उड़ान शुरू करेगा इंडिगो, 400 से ज्यादा उड़ानें होंगी संचालित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश की अग्रणी उड्डयन कंपनी इंडिगो ने महाराष्ट्र के नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 30 से अधिक नए उड़ान मार्ग शुरू करने की घोषणा की है। इनपर उड़ान सेवाएं 29 मार्च से 23 अप्रैल के बीच चरणबद्ध तरीके से शुरू की जाएंगी। इंडिगो ने बताया कि नए मार्गों से एयरलाइन आगरा, अयोध्या, बागडोगरा, बेलगाम (कर्नाटक), चंडीगढ़, दीव, कन्नूर (केरल), कोलकाता, पटना, राजकोट, श्रीनगर, वाराणसी और विशाखापत्तनम सहित कई प्रमुख शहरों को नवी मुंबई को जोड़ेगी। इन मार्गों के शुरू होने के बाद नवी मुंबई से प्रति सप्ताह 400 से अधिक उड़ानों का संचालन किया जाएगा, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधा और बेहतर यात्रा विकल्प मिलेंगे। कंपनी के अनुसार, नवी मुंबई और गुजरात के




बीच संपर्क को विशेष रूप से मजबूत किया गया है। इसी क्रम में भावनगर और नवी मुंबई के बीच प्रतिदिन दो सीधी उड़ानें शुरू कर दी गई हैं। ये सेवाएं एटीआर विमान से संचालित हो रही हैं, जिससे दोनों शहरों के बीच तेज और सुगम यात्रा संभव होगी। इसके अलावा कंपनी ने जामनगर के लिए भी सीधी उड़ान सेवा शुरू करने की घोषणा की है, जो 23 अप्रैल से प्रारंभ होगी। इस विस्तार के बाद एयरलाइन गुजरात के छह शहर अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत, राजकोट, भावनगर और जामनगर में अपनी सेवाएं देगी। इन शहरों के लिए कुल मिलाकर 1400 से अधिक साप्ताहिक उड़ानों का संचालन किया जाएगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार, नवी मुंबई से कई शहरों के लिए दैनिक उड़ानें उपलब्ध होंगी। इनमें गोवा, कोल्हापुर (महाराष्ट्र), गोरखपुर (उत्तर प्रदेश), भोपाल, देहरादून, हुब्बली (कर्नाटक), इंदौर, दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल), मदुरै (तमिलनाडु), औरंगाबाद (महाराष्ट्र), जबलपुर (मध्य प्रदेश), झारसुगुड़ा (ओडिशा) और रायपुर जैसे शहर शामिल हैं। कुछ मार्गों पर साप्ताहिक आधार पर उड़ानों का संचालन किया जाएगा। आगरा, देहरादून, दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) और श्रीनगर के लिए सप्ताह के निश्चित दिनों में सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। वर्तमान में एयरलाइन के पास 400 से अधिक विमानों का बेड़ा है और यह प्रतिदिन 2200 से अधिक उड़ानों का संचालन करती है, जिससे 95 से अधिक घरेलू और 40 से अधिक अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों को जोड़ती है।

### प्रधानमंत्री ने गुजरात के माधवपुर मेला की दी शुभकामनाएं, सांस्कृतिक एकता को बताया महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के पोरबंदर में आयोजित हो रहे माधवपुर मेला के अवसर पर देशवासियों



को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह उत्सव भारत की समृद्ध संस्कृति को प्रदर्शित करता है और गुजरात तथा पूर्वोत्तर के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करता है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपने संदेश में कहा, " पोरबंदर में आयोजित हो रहे माधवपुर मेले के लिए मेरी शुभकामनाएं। यह जीवंत उत्सव हमारी गौरवशाली संस्कृति को दर्शाता है और साथ ही गुजरात तथा पूर्वोत्तर के बीच अटूट सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करता है। उन्होंने कहा, " यह पर्व विविध परंपराओं को एक साथ लाता है और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की सच्ची भावना को प्रतिबिंबित करता है। मैं लोगों से इस मेले में आने का आग्रह करता हूं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने अप्रैल 2022 में प्रसारित 'मन की बात' कार्यक्रम में भी माधवपुर मेले के महत्व और इसकी सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख किया था।

### अनियंत्रित होकर कार पलटने से लगी आग, तीन की जलकर मौत, 3 घायल

**बालाघाट**। मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में बैहर-मलाजखंड मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर सड़क से नीचे उतरकर पलट गई। पलटते ही कार में आग लग गई। इस हादसे में कार सवार एक ही परिवार के तीन लोग जिंदा जल गए। मृतकों में एक 3 साल का बच्चा भी है। पुलिस के मुताबिक आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। जानकारी के मुताबिक कार चालक प्रीतम केलकर की पवनी में वेल्डिंग की दुकान है। वह तीन दिन पहले अपनी पत्नी और बच्चे के साथ पोंडी आया था। वह शनिवार देर रात अपने माता पिता को लेकर पवनी लौट रहा था। कार में 8 साल की बच्ची पूर्वी भी थी। शनिवार रात केवलारी चौराहे के पास उनकी ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इसके बाद कार में आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि उसमें सवार लोगों को कार से बाहर निकलने तक का मौका नहीं मिला। राह चलते लोगों ने किसी तरह कांच तोड़कर पहले पूर्वी को निकाला, उसके बाद वाहन चला रहे प्रीतम केलकर (30) और उसकी मां नानाबाई केलकर (60) को गंभीर अवस्था में निकाला। हादसे की सूचना राह चलते लोगों ने पुलिस को दी।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. रश्मि रेखा के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने जताई गहरी शोक संवेदना

**पटना।**बिहार सरकार के पूर्व मंत्री विश्वामोहन शर्मा की धर्मपत्नी एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रश्मि रेखा का आज मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में लगभग 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में लंबे समय तक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहीं। सिविल सर्जन एवं डायरेक्टर के पद पर कार्य करते हुए उन्होंने उल्लेखनीय सेवाएँ दीं और बाद में सेवानिवृत्त हुईं। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने डॉ. रश्मि रेखा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनका निधन समाज और चिकित्सा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि डॉ. रश्मि रेखा ने अपने सेवा काल में हजारों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया और वे अपने समर्पण एवं मानवीय संवेदना के लिए सदैव याद की जाएँगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं शक्ति प्रदान करने की कामना की। डॉ. रश्मि रेखा की अंत्येष्टि कल 30 अप्रैल 2026 को प्रातः 8 बजे पटना के दीघा घाट पर की जाएगी। पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार, प्रदेश कांग्रेस के , पूर्व अध्यक्ष डॉ मदन मोहन झा , पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, पूर्ण विधायक नरेंद्र कुमार , मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़ ने भी डॉ. रश्मि रेखा के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### पान विकास योजना के तहत किसानों की आय वृद्धि पर दिया जाएगा विशेष ध्यान : राम कृपाल यादव

» इस योजना का लाभ लेने के लिए 20 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं किसान
» राज्य में पान विकास योजना से पान किसानों के जीवन में आएगी समृद्धि
» वैज्ञानिक खेती, अनुदान और पारदर्शी चयन से बढ़ेगी पान किसानों की आय
» मगही पान की देश एवं विदेश में मार्केटिंग के लिए बनेगी बेहतर व्यवस्था



**पटना।**पान उत्पादक किसानों की आय बढ़ाने और पान उत्पादन को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए कृषि विभाग ने पान विकास योजना की शुरुआत की है। चतुर्थ कृषि रोड मैप के अंतर्गत इस महत्वाकांक्षी योजना को वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2026-27 तक दो वर्षों के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। ये बातें रविवार को राज्य के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कही हैं। उन्होंने कहा है कि 'पान विकास योजना' के जरिए पान उत्पादन से जुड़े किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा है कि बिहार अपने विशिष्ट पान स्वाद, विशेषकर मगही एवं देशी पान के लिए देशभर में प्रसिद्ध है। इस योजना के माध्यम से इन पारंपरिक किस्मों के क्षेत्र विस्तार, वैज्ञानिक उत्पादन तथा किसानों की आय में वृद्धि पर विशेष बल दिया जाएगा। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने बताया है कि इस योजना के तहत राज्य के 12 पान उत्पादक जिलों — औरंगाबाद, गया, शेखपुरा, वैशाली, नालंदा, नवादा, सारण, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, मुंगेर एवं दरभंगा — के इच्छुक किसानों को सहायतानुदान प्रदान किया जाएगा। इससे पान की उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित होगी। राज्य के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा है कि योजना के अंतर्गत मगही एवं देशी पान की खेती करने वाले व्यक्तिगत कृषकों एवं एफपीसी के सदस्यों को 100 वर्गमीटर (0.01 हेक्टेयर) क्षेत्र के लिए प्रति कृषक 11,750 रुपये का सहायतानुदान दिया जाएगा। लाभार्थियों का चयन ऑनलाइन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा ताकि इस प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके। इस योजना का लाभ लेने के लिए किसानों का डीबीटी पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। इच्छुक किसान उद्यान निदेशालय की आधिकारिक वेबसाइट horticulture.bihar.gov.in पर जाकर "पान विकास योजना" के अंतर्गत आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 20 मार्च 2026 से शुरू हो चुकी है तथा 20 अप्रैल 2026 तक आवेदन किया जा सकता है। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा है कि उद्यान निदेशालय द्वारा किसानों को प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से पान उत्पादन की आधुनिक तकनीकों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। पान उत्पादन बिहार की समृद्ध कृषि परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो विशेषकर मिथिलांचल, मगध एवं भोजपुर क्षेत्र के हजारों किसानों की आजीविका का प्रमुख आधार है। यह योजना पारंपरिक पान उत्पादन को वैज्ञानिक आधार देने के साथ-साथ स्थानीय पहचान वाले पान को संरक्षण प्रदान करेगी।

### रोटरी क्लब द्वारा हुआ "चलो दिल से" वॉकाथॉन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन



**पटना।**महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक उत्थान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पटना के सभी रोटरी क्लब एवं जिलापाल रोटेरियन नम्रता के कुशल नेतृत्व में "चलो दिल से" शीर्षक से वॉकाथॉन एवं सम्मान समारोह का आयोजन रविवार 29 मार्च को प्रातः सात बजे किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत इनकम टैक्स गोलंबर से 7 बजे वॉकाथॉन के साथ हुआ जिसे माननीय श्री अशोक चौधरी, मंत्री, बिहार एवं पटना के माननीय जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन ने गुलाबी झंडी दिखाकर रवाना किया। वॉकाथॉन में रोटरी इंटरनेशनल के महिला सशक्तिकरण एवं समाज के समग्र विकास हेतु किए जा रहे मानवीय कार्यों को प्रदर्शित करने वाली आकर्षक झांकी तथा कैंसर जागरूकता रथ भी शामिल था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय श्री अशोक चौधरी, मंत्री, बिहार वाकाथान में साथ साथ चले। इस वाकाथान में विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं एवं पटना के सभी रोटरी क्लबों के रोटेरियनो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो लैंगिक समानता और सामाजिक प्रगति के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता दर्शाती थी। वॉकाथॉन का समापन आर ब्लाक के पास स्थित रोटरी भवन में हुआ, जहां महिला सशक्तिकरण पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। रोटेरियन बिंदु सिंह (RPIC) तथा मेडिवर्सल हॉस्पिटल के श्री नवनीत भी इस कार्यक्रम में शामिल थे। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण एवं कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विशिष्ट महिलाओं यथा डॉ गीता जैन, नम्रता आनंद, एवं अन्य को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।।एम पी जैन ने बताया, की इस अवसर पर पटना के विभिन्न रोटरी क्लबों द्वारा महिलाओं को तेरह सिलाई मशीन, पांच व्हील चेयर, एक स्ट्रेचर, पांच लड़कियों को साइकिल, दो ई रिक्शा, एक वाटर स्टेशन, दो कंप्यूटर लाभार्थियों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप दिया गया। पांच छात्राओं महिलाओं को प्रोत्साहन राशि दी गई। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं संयोजन रोटरी चाणक्या के अध्यक्ष अभिषेक अपुर्व, सचिव राखी, डॉ विनीता, अर्चना जैन द्वारा किया गया। मौके पर जिलापाल 3250 नम्रता ने कहा कि यह रोटरी के 'सेवा सर्वोपरि' सिद्धांत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करता है। यह पहल समाज में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में जागरूकता बढ़ाने एवं स्थायी प्रभाव उत्पन्न करने का महत्वपूर्ण प्रयास है।" कार्यक्रम को सफल बनाने में पटना के सभी रोटरी क्लब के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों का योगदान रहा।

## पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के कारण बिहार सरकार ने किया Crisis Management Group (CMG) का गठन

नई सोच एक्सप्रेस





**पटना।**पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के कारण उत्पन्न वैश्विक परिस्थितियों के मद्देनज़र बिहार राज्य में आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने, प्रवासी श्रमिकों के हितों की सुरक्षा करने तथा अन्य संबंधित विषयों पर समुचित समीक्षा एवं समन्वित कार्रवाई के उद्देश्य से बिहार सरकार द्वारा एक उच्च स्तरीय Crisis Management Group (CMG) का गठन किया गया है। यह समूह मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में कार्य करेगा। इसमें विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है, जिनमें विकास आयुक्त, अपर मुख्य सचिव (गृह), पुलिस महानिदेशक, तथा कृषि, स्वास्थ्य, नगर विकास एवं आवास, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण, सहकारिता, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण, ऊर्जा, परिवहन तथा आपदा प्रबंधन विभागों के प्रधान सचिव/सचिव स्तर के अधिकारी शामिल हैं। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को इस समूह का नोडल विभाग नामित किया गया है। इस समूह की जिम्मेदारी राज्य में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता, आपूर्ति श्रृंखला की निगरानी, प्रवासी श्रमिकों के हितों की रक्षा तथा संभावित आपात स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु समन्वित रणनीति तैयार करना एवं उसे लागू करना होगा। Crisis Management Group की पहली बैठक दिनांक 30 मार्च 2026 को अपराह्न 4:00 बजे मुख्य सचिव, बिहार के कार्यालय कक्ष में आयोजित की जाएगी। इसके उपरांत अपराह्न 5:00 बजे से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रमंडलीय आयुक्तों एवं जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित होगी, ताकि राज्यभर में प्रभावी समन्वय स्थापित किया जा सके। आवश्यकता पड़ने पर भविष्य में अन्य विभागों को भी इस समूह में शामिल किया जा सकेगा।

## शहरों में बुनियादी सेवाओं को आधुनिक और सुलभ बनाने पर सम्मेलन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (MoHU) द्वारा शहरी क्षेत्रों में आवश्यक सेवाओं के रखरखाव और पाइप्ड नेचुरल गैस (PNG) सेवाओं के विस्तार को लेकर एक महत्वपूर्ण गोलमेज सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इस बैठक में शहरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विस्तृत चर्चा हुई। सम्मेलन के दौरान सरकार ने बड़ा लक्ष्य रखते हुए देशभर में 50 लाख नए पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराने की योजना पर जोर दिया। इससे न केवल शहरी घरों में स्वच्छ ईंधन की पहुंच बढ़ेगी, बल्कि प्रदूषण में कमी लाने और जीवन स्तर सुधारने में भी मदद मिलेगी। बैठक में यह भी रेखांकित किया गया कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच आवश्यक सेवाओं,- जैसे गैस सप्लाई, जल प्रबंधन और अन्य बुनियादी सुविधाओं का सुचारु संचालन बेहद जरूरी है। इसके लिए केंद्र, राज्य और स्थानीय निकायों के बीच बेहतर समन्वय पर बल दिया गया। विशेषज्ञों ने माना कि पीएनजी नेटवर्क का विस्तार ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और शहरी जीवन को सुविधाजनक

» पीएनजी नेटवर्क का विस्तार किया जाएगा

बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा। यह पहल संकेत देती है कि सरकार शहरों में बुनियादी सुविधाओं को आधुनिक और सुलभ बनाने के लिए तेजी से काम कर रही है, जिससे आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा।

## मुख्यमंत्री ने बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा में सफल परीक्षार्थियों को दी बधाई एवं शुभकामनायें

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मैट्रिक की परीक्षा में सफल होने वाले तमाम छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस बार परीक्षा में 81.79 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुये हैं। इसमें छात्राओं की उतीर्णता का प्रतिशत 86.23 है, जबकि छात्रों की उत्तीर्णता का प्रतिशत 84.09 है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार मैट्रिक की परीक्षा में दो छात्राओं ने संयुक्त रूप से टॉप किया है, साथ ही कुल मिलाकर सभी छात्राओं का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। मुख्यमंत्री ने छात्राओं के इस प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि इसके लिये छात्राओं के साथ ही उनके अभिभावक भी बधाई के पात्र हैं। छात्राओं की यह उपलब्धि महिला सशक्तीकरण का बड़ा उदाहरण है। बालिकाओं के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वो हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा

» दो छात्राओं के संयुक्त रूप से टॉप करने पर मुख्यमंत्री ने जतायी प्रसन्नता
» छात्राओं का बेहतर प्रदर्शन महिला सशक्तीकरण का बड़ा उदाहरण – मुख्यमंत्री

कि छात्रों ने भी अच्छी सफलता हासिल की है। सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की मैं कामना करता हूं।

## काम पर लौटने वाले हड़ताली राजस्व अधिकारियों को धमकाने वालों पर सरकार गरम

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**राज्य के हड़ताली अंचल अधिकारियों (सीओ) और राजस्व अधिकारियों (आरओ) द्वारा कथित दबाव और धमकी की घटनाओं पर राज्य सरकार ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि काम पर लौटे अधिकारियों को धमकाने या बाधा पहुंचाने वाले किसी भी संघ नेता या पदाधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा। उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राज्य में विधि-व्यवस्था और प्रशासनिक व्यवस्था से कोई भी खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। काम पर लौटे ईमानदार अधिकारियों को धमकाना न केवल कायरता है, बल्कि यह एक गंभीर आपराधिक कृत्य भी है। ऐसे तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। विजय सिन्हा ने कहा कि सरकार स्पष्ट कर देना चाहती है कि जो लोग डर और दबाव के जरिए राजस्व व्यवस्था को बाधित करने की कोशिश कर रहे हैं, उनके लिए बिहार में कोई जगह नहीं है। दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें जेल भेजना सुनिश्चित किया जाएगा। जो अधिकारी सरकार के साथ आए हैं उनको सुरक्षा और सम्मान देने की हम सबकी जिम्मेवारी है। सरकार हालात पर पूरी नजर बनाए हुए है। गंभीर आरोप वाले किसी भी हाल में नहीं बचेंगे। वहीं विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल ने सभी जिलाधिकारियों के पास पत्र भेजकर निर्देश देते हुए कहा है कि ऐसे मामलों में तत्काल प्राथमिकी दर्ज की जाए। सरकार ने इसे न केवल सेवा नियमों का उल्लंघन, बल्कि आपराधिक कृत्य माना है। जो अधिकारी-कर्मचारी इस्तीफा देकर चुनाव लड़े हैं, वे आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके भी कार्यों की जांच कराई जाएगी। विभाग को मिली शिकायतों के अनुसार, हड़ताल पर गए कुछ अधिकारी काम कर रहे अपने सहयोगियों को व्हाट्सएप कॉल के जरिए धमका रहे हैं और सोशल मीडिया पर 'नेमिंग एंड शेमिंग' कर मानसिक दबाव बना रहे हैं। विभाग ने इसे सरकारी कार्य में बाधा डालने की गंभीर कोशिश करार दिया है। प्रधान

» डिप्टी सीएम ने कहा- अब सिर्फ सस्पेंशन नहीं, FIR भी कराएंगे

सचिव ने इस मामले में FIR को लेकर निर्देश भी दे दिया है। ऐसे मामलों में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 132, धारा 351, धारा 352, धारा 126, धारा 127, धारा 349, धारा 350, धारा 195 और आईटी एक्ट, 2000 की धारा 67 के तहत भी कार्रवाई होगी। सरकारी सख्ती के बाद हड़ताल कर रहे अधिकारियों के बीच दबाव बढ़ने लगा है। विभागीय जानकारी के अनुसार अब तक 24 अधिकारी काम पर लौट चुके हैं। पहले ही गैर-हड़ताली अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार देकर कामकाज जारी रखने के निर्देश दिए जा चुके हैं। विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे ऐसे मामलों में तत्परता से कार्रवाई करें और की गई कार्रवाई की रिपोर्ट विभाग को भेजें।

## पान किसानों की समृद्धि की ओर बड़ा कदम: बिहार में 'पान विकास योजना' का कार्यान्वयन

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**बिहार के पान उत्पादक किसानों की आय बढ़ाने और पारंपरिक पान उत्पादन को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए माननीय कृषि मंत्री श्री राम कृपाल यादव ने 'पान विकास योजना' के शुभारंभ की घोषणा की। उन्होंने बताया कि चतुर्थ कृषि रोड मैप के अंतर्गत इस महत्वाकांक्षी योजना को वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2026-27 तक दो वर्षों के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। माननीय मंत्री ने कहा कि बिहार अपने विशिष्ट पान स्वाद, विशेषकर मगही एवं देशी पान के लिए देशभर में प्रसिद्ध है। इस योजना के माध्यम से इन पारंपरिक किस्मों के क्षेत्र विस्तार, वैज्ञानिक उत्पादन तथा किसानों की आय में वृद्धि पर विशेष बल दिया जाएगा। श्री यादव ने बताया कि इस योजना के तहत राज्य के 12 पान उत्पादक जिलों — औरंगाबाद, गया, शेखपुरा, वैशाली, नालंदा, नवादा,

» वैज्ञानिक खेती, अनुदान और पारदर्शी चयन से बढ़ेगी आय — राम कृपाल यादव
» मगही पान के देश एवं विदेश मे मार्केटिंग के लिए बनेगी बेहतर व्यवस्था- राम कृपाल यादव

सारण, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, मुंगेर एवं दरभंगा के इच्छुक किसानों को सहायतानुदान प्रदान किया जाएगा। इससे पान की उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत मगही एवं देशी पान की खेती करने वाले व्यक्तिगत कृषकों एवं एफपीसी के सदस्यों को 100 वर्गमीटर (0.01 हेक्टेयर) क्षेत्र के लिए प्रति कृषक 11,750 रुपये का सहायतानुदान दिया जाएगा। लाभार्थियों का चयन ऑनलाइन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके। माननीय मंत्री ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए किसानों का DBT (Direct Benefit Transfer) पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। इच्छुक किसान उद्यान निदेशालय की आधिकारिक वेबसाइट horticulture.bihar.gov.in पर जाकर "पान विकास योजना" के अंतर्गत आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 20 मार्च 2026 से शुरू हो चुकी है तथा 20 अप्रैल 2026 तक आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने आगे बताया कि उद्यान निदेशालय द्वारा किसानों को प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से पान उत्पादन की आधुनिक तकनीकों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। पान उत्पादन बिहार की समृद्ध कृषि परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो विशेषकर मिथिलांचल, मगध एवं भोजपुर क्षेत्र के हजारों किसानों की आजीविका का प्रमुख आधार है। श्री राम कृपाल यादव ने कहा कि यह योजना पारंपरिक पान उत्पादन को वैज्ञानिक आधार देने के साथ-साथ स्थानीय पहचान वाले पान को संरक्षण प्रदान करेगी। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और बिहार पान उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में अपनी पहचान और मजबूत करेगा। माननीय मंत्री ने राज्य के सभी पान उत्पादक किसानों से अपील की कि वे इस योजना का अधिकतम लाभ उठाएं और आधुनिक तकनीकों को अपनाकर अपनी आय बढ़ाएं। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना का क्रियान्वयन पारदर्शिता और दक्षता के साथ सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसानों तक इसका लाभ पहुंच सके। अंत में, उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 'पान विकास योजना' बिहार के पान किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी और राज्य को पान उत्पादन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी।

## नीट पीड़ित के परिजन न्याय के लिए सड़क पर उतरे

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**नीट लड़की के न्याय के लिए बिहार निर्भया संघर्ष समिति के बैनर तले गर्दनीबाग धरना स्थल पर एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। पीडित लडकी के परिजन सड़क पर उतरकर न्याय की गुहार लगा रहे थे। परिजन का कहना है कि अभी तक के सभी जांच एजेंसी जांच के नाम पर टाल-मटोल कर रहे है। इनकी नियत सही नही है। जो इस केस मे आरोपित है उनसे जांच एजेंसी कोई पूछताछ नही कर रही और उल्टा हमलोग को ही जांच के नाम पर परेशान कर रही है। परिजन ने सरकार के रवैए पर भी सवाल खडा करते हुए कहा कि सरकार नही चाहती की सही जांच हो क्योकि इस केस मे बडे नेताओ की भी भूमिका संदिग्ध स्थिति मे है। सरकार का दबाव प्रत्यक्ष रूप से जांच एजेंसियो पर है जिसके वजह से एजेंसियो ने सही जांच के बजाय साक्ष्य मिटाने का प्रयास हुआ है। धरना मे कई दल के बडे नेताओ ने शामिल हुए। सभी ने अपने वक्तव्य मे सरकार से मांग करते हुए कहा कि हॉस्पिटल, एसाइटी, सीबीआई के पदाधिकारी की भूमिका तोते की तरह है। इन लोग सही जांच करे नही तो अभी शांतिपूर्ण ढंग से आग्रह कर रहे है। अगर रवैया ऐसे ही रहा तो हमलोग उग्र प्रदर्शन करने के लिए विवश होंगे। हम लोगों को लड़कर न्याय लेने बखूबी आता है। इस कार्यक्रम मे सांसद पप्पू यादव ने बीडियो कॉल के माध्यम से अपनी बात रखते हुए कहा कि हम शुरुआती दिन से से परिजन के साथ खड़े हैं सड़क से लेकर हमने संसद तक इस मामले को उठाया है और परिजन के साथ अंतिम सांस तक इस लड़ाई को लड़ेंगे।कार्यक्रम का संचालन डा0 रौशन कुमार ने किया।इस धरना मे वरिष्ठ नेता अंजनी कुमार राजु,कौंग्रेस नेता प्रेमचंद सिंह, बरमेश्वर मुखिया की बहु रूबी देवी , पुष्कर नारायण, अरविंद शर्मा ,नेहा सिंह राठौर, भारती कुमारी,सरिता राज,उतम शर्मा, अंकित चंद्रायन, राजेश पप्पू, अमित झा, अमीषा कुमारी,ओमनारायण ,पिंकी कुमारी साथ ही इस केस के वकील एस के पाण्डेय भी मौजूद थे।

## नीति और कानून तभी प्रभावी होंगे, जब लोग जागरूक होंगे : जस्टिस साहू

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**नीति और कानून तभी प्रभावी तरीके से लागू होते हैं, जब लोगों में इसके प्रति जागरूक होगी। ये बातें पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने कही। वे बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार की तरफ से तेजाब पीड़ितों को जागरूक करने को लेकर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इसमें नालसा (नेशनल लीगल सर्विस ऑथिरिटी) स्कीम, 2016 के स्तर से एसिड अकैट के शिकार लोगों को न्यायिक सेवाएं मुहैया कराने से संबंधित नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य न्यायाधीश श्री साहू ने अपने संबोधन की शुरुआत एसिड अटैक की पीड़िताओं को समर्पित एक कविता की पंक्तियां सुनाते हुए की, कहा कि 'शरीर झुलसा है, रूह में जान अभी बाकी है, हिम्मत से लड़ूंगी जिंदगी की लड़ाई, आत्मसम्मान मेरा अब भी बाकी है।' उन्होंने कहा कि यह मानवता पर किया गया अपराध है। इस तरह के अपराध को समाप्त करने के लिए ठोस सामाजिक कदम उठाने होंगे। बिना पहचान-पत्र के किसी को तेजाब नहीं देना चाहिए। इन मामलों में तुरंत और कठोर न्याय व्यवस्था लागू करने की आवश्यकता है। किसी मामले में अस्वीकृति या विवाद को हिंसा का कारण नहीं हो सकता है। पीड़िता मानसिक, शारीरिक और आर्थिक तीनों तरह की पीड़ा झेलती है। एसिड अटैक के मुख्य कारणों में अस्वीकृत प्रेम, घरेलू हिंसा, दहेज हिंसा, संपत्ति विवाद, प्रतिशोध की भावना शामिल हैं। यह बेहद संवेदनशील विषय है। इसके पीड़ितों को समाज में सम्मान के साथ स्वीकार करना

» पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संगम कुमार साहू तेजाब पीड़ितों के लिए आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को कर रहे थे संबोधित
» बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार की तरफ से आयोजित कार्यक्रम को जस्टिस राजीव रंजन प्रसाद, जस्टिस मोहित कुमार शाह समेत अन्य ने किया संबोधित

आवश्यक है। इन्हें समुचित शिक्षा, रोजगार के अवसर प्रदान कराना, कानूनी मदद और उन्हें अकेला नहीं समझते हुए सम्मान से जीवन जीने के सभी जरूरी अवसर मुहैया कराने की आवश्यकता है। जस्टिस साहू ने कहा कि इसे लेकर देश में स्पष्ट और कठोर कानून बने हुए हैं, जिनका सही तरीके से अनुपालन कराने की जरूरत है। सरकारी और निजी अस्पताल मुफ्त और तुरंत पीड़ित की बिना किसी औपचारिकता के उपचार करें। अगर कोई अस्पताल इलाज करने से इंकार करते हैं, तो यह दंडनीय अपराध है और उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 200 में एक वर्ष का कारावास और आर्थिक दंड दोनों का प्रावधान है। पीड़ितों के पुनर्वास के लिए भी सरकार के स्तर से कई सहायता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा नालसा की तरफ से मुफ्त कानूनी सहायता यानी वकील से लेकर कानूनी सलाह या मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाता है। इस तरह की घटनाओं में आवेदन मिलने के साथ ही 5 से 10 हजार रुपये मुआवजा देने का नियम है। 15 दिनों के अंदर 1 लाख रुपये मुआवजा और शेष 2 लाख रुपये के मुआवजे का भुगतान अधिकतम दो महीने में किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति ने कहा कि अगर महिला यौन उत्पीड़न और एसिड अटैक दोनों की शिकार है, तो वह संयुक्त मुआवजा की हकदार है। पीएम राहत कोष से भी तेजाब पीड़ितों को 1 लाख रुपये की सहायता मिलती है। आयुष्मान कार्ड योजना के अंतर्गत एसिड अटैक की पीड़ितों को इलाज के लिए राशि और प्लास्टिक सर्जरी के लिए अलग से 50 हजार रुपये देने की योजना है। सरकारी नौकरी में आरक्षण, विकलांगों के समान आरक्षण समेत अन्य प्रावधान भी शामिल हैं। इनकी समुचित जानकारी पीड़ितों को मुहैया करानी चाहिए।

हर खबर पर पैनी नजर
# नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार


### सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट 2026 के आवेदन 15 अप्रैल तक

**पटना।**सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) अपने फुल-टाईम अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों में प्रवेश के लिए सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट 2026 और सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्ज़ाम 2026 के रजिस्ट्रेशन जल्द बंद करने जा रही है। इच्छुक छात्र 15 अप्रैल 2026 तक इन परीक्षाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने वाले छात्र ध्यान दें कि इस अंतिम दिनांक को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट और सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्ज़ाम दोनों कम्प्यूटर-बेस्ड टेस्ट हैं, जिनका संचालन सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) द्वारा कई अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए किया जाता है। इनके ज़रिए छात्र सिम्बायोसिस संस्थानों में बीबीए, बीसीए, बीए, बीएससी और बीटेक में प्रवेश पा सकते हैं। उम्मीदवार दो बार तक टेस्ट दे सकते हैं, जिसमें से ज्यादा स्कोर के आधार पर परसेंटाइल की गणना की जाती है सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट 2026 के माध्यम से छात्र सिम्बायोसिस के 10 से अधिक प्रतिष्ठित अंडरग्रेजुएट संस्थानों में विभिन्न विषयों जैसे मैनेजमेन्ट, मास कम्युनिकेशन, आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स, इकोनोमिक्स, अप्लाईड स्टेटिसटिक्स एवं डेटा साइंस, इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी, स्पोर्ट एण्ड एक्सरसाइज़ साइंस, कम्प्यूटर ऐप्लीकेशन्स और लिबरल आर्ट्स आदि में प्रवेश पा सकते हैं। ये प्रोग्राम पुणे, नोएडा, नागपुर, बैंगलुरू और हैदराबाद कैंपस में उपलब्ध कराए जाते हैं। वहीं सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्ज़ाम 2026 को इंजीनयरिंग के उन महत्वाकांक्षी छात्रों के लिए डिज़ाइन किया गया है जो पुणे, नागपुर और हैदराबाद के सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कैंपस में विशेष बी.टेक प्रोग्रामों में प्रवेश पाना चाहते हैं। इन प्रोग्रामों में उन्हें कई भविष्य-केंद्रित विषयों जैसे आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स एण्ड मशीन लर्निंग, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रोनिक्स एण्ड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, रोबोटिक्स एण्ड ऑटोमेशन, और रोबोटिक्स एंड आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स में पढ़ाई करने का मौका मिलता है। सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट 2026 में जनरल इंग्लिश, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड, जनरल अवेयरनैस और एनालिटिकल एवं लॉजिकल रीज़निंग का मूल्यांकन किया जाता है। वहीं सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्ज़ाम 2026 परीक्षा फिज़िक्स, कैमिस्ट्री और मैथेमेटिक्स में छात्रों की क्षमता का मूल्यांकन करती है। दोनों परीक्षाओं में तीन से चार सेक्शन्स में 60 बहु-विकल्पी सवाल पूछे जाते हैं, जिसमें नेगेटिव मार्किंग नहीं होती। ऐसे में छात्र आत्मविश्वास के साथ सभी सवालों के जवाब दे सकते हैं। परीक्षाएं 2 और 10 मई 2026 को आयोजित होंगी, जबकि परिणाम 20 मई 2026 को घोषित किए जाएंगे। एडमिट कार्ड 24 अप्रैल और 30 अप्रैल को जारी होंगे। उम्मीदवारों को 12वीं में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक (एससी/एसटी के लिए छूट) आवश्यक हैं। आवेदन शुल्क प्रति परीक्षा 2250 और प्रति प्रोग्राम 1000 निर्धारित है।

### तीन दिवसीय महावीर जयंती के प्रथम दिवस भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**पटना।**तीन दिवसीय महावीर जयंती के प्रथम दिवस भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन जैन संघ के विजय कासलीवाल, बिनोद पहाड़िया, पूनम सिंघी, रमेश कामदार, मुकेश जैन,सुबोध जैन, संजय जैन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम का आयोजन महिला प्रकोष्ठ द्वारा भगवान महावीर के जीवन पर आधारित भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निकिता गंगवाल एवं अन्य महिलाओं द्वारा मंगलाचरण के साथ हुआ। मंगलाचरण के पश्चात नन्हे-मुन्ने कलाकारों ने भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके उपरांत भगवान महावीर का गुणगान किया गया तथा महावीर जयंती पर निकाली जाने वाली शोभायात्रा की झलक मंच पर सिद्धार्थ जैन के नेतृत्व में प्रस्तुत की गई। सोनू एवं संगीता के नेतृत्व में महिलाओं ने "वीर झूले वीर झूले – पालना में हमारे छोटे से महावीर झूले" गीत पर मनमोहक भाव नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद भगवान महावीर के जीवन की विभिन्न झलकियों को नृत्य-नाटिका के माध्यम से दर्शाया गया। भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर "बाजे कुण्डलपुर में बधाई" गीत पर योशिया एवं शैली ने अपनी सहेलियों के साथ आकर्षक नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की। इस अवसर पर बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पूर्वी, मोहक एवं अन्य बाल कलाकारों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। मीठापुर की बालिकाओं द्वारा "रग-रग में दौड़ता है नमोकार" गीत पर नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की गई। साधना एवं पूनम ने "वीर जन्मे, गाओ बधाई, खुशियां मनाओ" गीत पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी। इसके पश्चात महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से "आओ आओ पधारो हे जिनवर" गीत गाकर भगवान का आह्वान किया गया तथा सामूहिक आरती की गई। कार्यक्रम के दौरान बाल कलाकारों नियारा, जिनिशा, नित्या एवं अन्य ने "ट्विंकल ट्विंकल लिटल स्टार" की पैरोडी पर आकर्षक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। जैन संघ के मीडिया सचिव एम.पी. जैन ने बताया कि पूरे सांस्कृतिक कार्यक्रम का निर्देशन, संयोजन एवं प्रस्तुति जैन संघ की महिला सदस्यों—सरला छाबड़ा जैन, अर्चना जैन, तृप्ति टोंग्या, विनल छाबड़ा, सोनू गंगवाल जैन, कल्पना जैन सेठी, ममता छाबड़ा जैन सहित अन्य के द्वारा किया गया। मंच का सफल संचालन डॉ. गीता जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकेश जैन, संजय जैन, सुबोध जैन, कार्तिक, आशीष सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में जैन संघ के महासचिव मुकेश जैन ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी सहयोगियों एवं प्रेस मीडिया के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

### पुनपुन में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 500 लीटर देशी शराब नष्ट



**पुनपुन।**पुनपुन प्रखंड अंतर्गत मनोरा मुसहरी एवं श्रीपालपुर मुसहरी में अवैध शराब के खिलाफ पुनपुन थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। थाना अध्यक्ष बेबी कुमारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाया। थाना अध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि इन क्षेत्रों में धड़ल्ले से अवैध शराब का निर्माण और बिक्री की जा रही है। सूचना की पुष्टि होते ही पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों स्थानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने करीब 500 लीटर देसी शराब एवं कच्चा महुआ जावा बरामद किया, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है और कहा है कि इससे क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगेगा।

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक परीक्षा का परिणाम किया घोषित

नई सोच एक्सप्रेस




» लगातार 8वें साल सबसे पहले परीक्षाफल जारी कर बिहार बोर्ड ने रचा इतिहास
» इस वर्ष कुल 81.79 प्रतिशत परीक्षार्थी हुए सफल

**पटना।**बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (BSEB) ने मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित कर दिया है। रविवार 29 मार्च 2026 को राज्य के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर की उपस्थिति में मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2026 के नतीजों का ऐलान किया। इस साल कुल 81.79% परीक्षार्थी सफल हुए हैं, जो पिछले साल के 82.11% के मुकाबले कम रहा है। यह लगातार 8वां साल है जब बिहार बोर्ड ने देश में सबसे पहले बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित कर इतिहास रचा है। इस साल की मेरिट लिस्ट में दो छात्राओं ने संयुक्त रूप से पूरे राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया है। पहले स्थान पर आने वाली छात्राओं में जमुई के सिमुलतला आवासीय स्कूल की पुष्पांजलि और वैशाली के उच्च माध्यमिक विद्यालय छौड़ाही की समरीन परवीन शामिल हैं। दोनों को 500 में से 492 अंक यानि 98.42% मिले हैं। कुल मिलाकर टॉप10 की सूची में इस बार 139 परीक्षार्थी शामिल हैं, जिसमें बेटियों का दबदबा देखने को मिला है। पास होने वाले कुल छात्रों में से 601,390 लड़के सफल रहे, जबकि 634,353 लड़कियों ने सफलता प्राप्त की। जिनमें प्रथम श्रेणी 4,43,723, द्वितीय श्रेणी 4,75,511 और तृतीय श्रेणी में 3,03,103 परीक्षार्थी पास हुए। टॉपर्स को बोर्ड की ओर से नकद राशि, लैपटॉप, स्कॉलरशिप और किंडल ई-बुक रीडर देकर सम्मानित किया जाएगा। पहली रैंक हासिल करने वाले छात्रों को 2 लाख, सेकेंड टॉपर को 1.5 लाख और थर्ड टॉपर को एक लाख रुपये का नकद इनाम मिलेगा। बिहार बोर्ड 10 वीं की परीक्षा इस साल 17 फरवरी से 26 फरवरी के बीच राज्य भर के स्कूलों में आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में लगभग 15.12 लाख छात्र शामिल हुए थे। बोर्ड ने पारदर्शी मूल्यांकन के लिए कॉपियों की बारकोडिंग और ओएमआर (OMR) शीट का इस्तेमाल किया था, जिससे रिकॉर्ड समय में रिजल्ट जारी हो सका। बोर्ड ने इस बार मूल्यांकन शुरू होने के मात्र 28 दिनों के भीतर परिणाम जारी कर "Fastest Result" का कीर्तिमान स्थापित किया है। बोर्ड ने रिजल्ट जारी करने से पहले टॉप-20 में आने वाले सभी छात्रों का फिजिकल वेरिफिकेशन किया गया। जहां विषय विशेषज्ञों ने इन छात्रों से सवाल पूछे और छात्रों की हैंडराइटिंग को उनकी उत्तर पुस्तिकाओं में लिखे गए जवाब से मैच किया गया।\ सभी सफल छात्र-छात्राओं को नई सोच एक्सप्रेस की ओर से शुभकामनाएं।

## पुनपुन चौराहे पर अतिक्रमण और जाम से आमजन परेशान, प्रशासन से कार्रवाई की मांग



नई सोच एक्सप्रेस

**पुनपुन।**पुनपुन प्रखंड के प्रमुख बाजार क्षेत्र पुनपुन चौराहे पर इन दिनों अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि चौराहे के आसपास के दुकानदार अपनी निर्धारित सीमा से बाहर तक कब्जा जमाए हुए हैं, जिससे सड़क संकरी हो गई है। बताया जाता है कि दुकानदारों के साथ-साथ मोटरसाइकिल चालक भी दुकानों के सामने ही वाहन खड़ा कर देते हैं। वहीं, रिक्शा चालक सवारी भरने के लिए चौराहे के पास ही अपने रिक्शे खड़े कर देते हैं। इस कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है और राहगीरों को आने-जाने में काफी कठिनाई होती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हैरानी की बात यह है कि इसी मार्ग से प्रशासनिक अधिकारी भी गुजरते हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी देखी जा रही है और यह भी कहा जा रहा है कि अब अतिक्रमणकारियों में प्रशासन का डर खत्म हो गया है। इस समस्या को लेकर स्थानीय लोगों—गुड़िया कुमारी, आदित्य राज,राजू कुमार, रानी कुमारी समेत अन्य ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि चौराहे से अतिक्रमण हटाया जाए और रिक्शा व वाहनों के लिए अलग से व्यवस्था की जाए, ताकि यातायात सुचारु रूप से चल सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# घर-घर पहुंचे बापू का संदेश, स्वच्छ और सुंदर हो अपना देश

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।**स्वच्छ सर्वेक्षण में भागीदारी बढ़ाने तथा स्वच्छ पटना, सुंदर पटना के लिए युवाओं को कम करने के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा घर के जे.डी वीमेंस कॉलेज में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन पटना नगर निगम स्वच्छता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत तथा जानकी देवी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना कोऑर्डिनेटर डॉ. हिना रानी ने किया ने किया। सात दिवसीय कैंप के दौरान पांचवें दिन पूरा फोकस स्वच्छता तथा स्वच्छ भारत अभियान पर रहा। राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चलने वाले कैंप के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर मीरा कुमारी मैडम ने सामुदायिक सेवा के महत्व को समझाया। साथ ही छात्राओं को एकजुट होकर सेवा के लिए तत्परता से कार्य करने की आदत व्यक्तिगत जीवन में उतारने की सलाह दी । एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ हिना रानी एवं डॉ मंजरी नाथ ने छात्राओं के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान को तत्परता के साथ चलाने की जरूरत पर बल दिया।कार्यक्रम के लिए 50 स्वयं सेवकों का चयन किया गया ।पटना नगर निगम और जेडी वुमेंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने स्वच्छता जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। स्वच्छता जागरूकता अभियान में भाग लेने वाली सभी छात्राओं को पटना नगर निगम की ओर से सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया जिनमें वंदना सिंह धात्री चंद्र, अनुष्का, अंशु कुमारी, अमीषा कुमारी, सलोनी कुमारी, तुलसी, खुशी, अर्चना कुमारी,नेहा कुमारी, आकांक्षा कुमारी, पिंकी कुमारी, अंशिका कुमारी, अंतरा कुमारी, कोमल कुमारी, सोनी खातून, प्रीति कुमारी, ईशा कुमारी, शानवी पोद्दार, संस्कृति राठौर, येशु कुमारी, जिया सिंह, अलीशा परवीन, आलिया परवीन, श्रुति कुमारी, राज लक्ष्मी कुमारी, गुड़िया कुमारी, सुफ़िया परवीन,अलीशा रानी, अक्षरा कुमारी, मुस्कान कुमारी, शांभवी कुमारी, सौम्या चौहान, प्रियंका कुमारी, अनामिका झा, पूजा कुमारी, राधा प्रियदर्शनी, गुंजा कुमारी, निकिता कुमारी, निहारिका कुमारी, सानिया कुमारी, श्रुति कुमारी, श्वेता राज, अपराजिता, तेजस्विनी कुमारी, सुमेधा कुमारी, मेहर परवीन, मधु कुमारी, खुशी सिंह और सौम्या कुमारी शामिल रहे।

## अहसास के रंग नाट्योत्सव के संग का भव्य शुभारंभ, पटना में रंगमंच की शानदार प्रस्तुतियाँ

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**अहसास कलाकृति, पटना द्वारा आयोजित दो दिवसीय अहसास के रंग नाट्योत्सव के संग का भव्य शुभारंभ गंगा भवन, जनता रोड, गर्दनीबाग, पटना में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. भगवान दास ने दीप प्रज्वलित कर किया। नाट्योत्सव की पहली प्रस्तुति द क्रिएटिव आर्ट थिएटर वेलफेयर सोसाइटी, पटना द्वारा मंचित नाटक जो लौट नहीं सकते रही। यह नाटक प्रमोद कुमार सिंह द्वारा लिखित एवं सैयद अता करीम के निर्देशन में प्रस्तुत किया गया। नाटक ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। इसमें नायक किसन के माध्यम से पलायन के दर्द को मार्मिक रूप से दर्शाया गया। यह प्रस्तुति उस कठोर सच्चाई को उजागर करती है कि गांवों और कस्बों से रोजगार की तलाश में शहरों की ओर जाने वाले अनेक मजदूर परिस्थितियोंवश अपने घर वापस नहीं लौट पाते और शोषण, उपेक्षा तथा कठिनाइयों के बीच शहर की भीड़ में खो जाते हैं। इस नाटक में कुमार मानव, मंतोष कुमार, अर्चना कुमारी, विजय कुमार चौधरी, राजू कुमार, भुनेश्वर कुमार, बलराम कुमार और मयंक कुमार ने प्रभावशाली अभिनय किया। दूसरी प्रस्तुति पूजा ग्रुप, नौबतपुर द्वारा मंचित नाटक जूता रही, जिसे योगेशचन्द्र श्रीवास्तव ने लिखा और विजय कुमार पंकज ने निर्देशित किया। नाटक में रणजीत और नितेश के माध्यम से दौलत और ईमानदारी के संघर्ष को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया गया। रणजीत एक धनी उद्योगपति है, जिसके लिए धन ही सर्वोपरि है, जबकि नितेश एक गरीब किन्तु स्वाभिमानी और ईमानदार व्यक्ति है। कहानी तब मोड़ लेती है जब रणजीत एक विचित्र विज्ञापन देता है पाँच जूते खाइए, बीस हजार पाइए। आर्थिक तंगी से जूझ रहे लोग इस प्रस्ताव के लिए कतार में लग जाते हैं। अंततः परिस्थितियों से मजबूर होकर नितेश भी अपने परिवार के लिए यह कदम उठाता है, लेकिन उसे धन नहीं मिलता और उसकी मृत्यु हो जाती है। वहीं, अपनी संपत्ति खोने के बाद रणजीत पागल हो जाता है। यह नाटक स्पष्ट संदेश देता है कि सच्चाई और ईमानदारी से अर्जित धन ही वास्तविक सुख देता है, जबकि अंधाधुंध धनलिप्सा विनाश का कारण बनती है। इस प्रस्तुति में आर्यन कुमार गुप्ता, सूरज कुमार, मयंक कुमार, सूर्यांश कुमार, आर्यमा कुमार, अंकू कुमार और राजू कुमार ने अभिनय किया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी आकर्षण का केंद्र रहीं। अंशिका सिंह ने लोकनृत्य प्रस्तुत किया, वहीं कृष्णा जी शर्मा और कृष्णा तूफानी ने लोकगीतों से वातावरण को सुरमय बना दिया। नाट्योत्सव के इस सफल आयोजन ने दर्शकों को सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए रंगमंच की सशक्त भूमिका को पुनः स्थापित किया।

# सुकृष्णा कॉमर्स एकेडमी में प्रतिभा सम्मान समारोह सह ओरिएंटेशन प्रोग्राम 2026 का भव्य आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।**सुकृष्णा कॉमर्स एकेडमी द्वारा रविवार को अनुग्रह नारायण कॉलेज ऑडिटोरियम, बोरिंग रोड, पटना में 'प्रतिभा सम्मान समारोह सह ओरिएंटेशन प्रोग्राम 2026' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों को शॉल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए प्रोत्साहित करना एवं अन्य छात्रों को प्रेरणा देना रहा। कार्यक्रम के दौरान आयोजित ओरिएंटेशन सत्र में विशेषज्ञों एवं शिक्षाविदों ने विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र, करियर विकल्पों तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को अनुशासन, निरंतर अभ्यास एवं सही मार्गदर्शन को सफलता की कुंजी बताया। इस अवसर पर संस्थान की गौरवपूर्ण उपलब्धि का भी उल्लेख किया गया। सुकृष्णा कॉमर्स एकेडमी की छात्रा निशिका श्री ने बिहार बोर्ड 12वीं कॉमर्स स्ट्रीम में 475 अंक प्राप्त कर पूरे बिहार में तीसरा स्थान हासिल कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब संस्थान के छात्र-छात्राओं ने राज्य स्तर पर टॉप स्थान प्राप्त किया है। इससे पूर्व वर्ष में संस्थान के छात्र निशांत राज ने भी कॉमर्स स्ट्रीम में तीसरा स्थान हासिल किया था। संस्थान के निदेशक सीए बिनय कुमार ने कहा कि सुकृष्णा कॉमर्स एकेडमी का उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में योगदान देना है। वहीं सह-निदेशक सीए विवेक कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लगातार दो वर्षों से टॉप रैंक हासिल करना संस्थान की गुणवत्ता और समर्पण को दर्शाता है। संस्थान के कार्यकारी निदेशक एच. एस. तिवारी ने कहा कि नियमित अध्ययन, क्लास टेस्ट एवं समर्पण से कोई भी छात्र उच्च सफलता प्राप्त कर सकता है। निशिका श्री की सफलता इसका जीवंत उदाहरण है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से समां बांध दिया और उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। पूरे आयोजन में उत्साह और उमंग का वातावरण देखने को मिला। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित करते रहने का संकल्प लिया।

## नेस्टिवा अस्पताल ने स्वास्थ्य पहल परियोजना "आरोग्य दयानी" के सफल समापन का जश्न मनाया




नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**नवरात्रि के शुभ अवसर पर नेस्टिवा अस्पताल में मातृ शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं के लिए समर्पित स्वास्थ्य सेवा पहल, के नव दिवसीय आरोग्य दायिनी परियोजना के सफल समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी पद्मश्री सुधा वर्गीज, जिला परिषद अध्यक्ष स्तुति गुप्ता, डॉ दिव्या ठाकुर, सतीश कुमार दास, डॉ शबनम अखौरी, डॉ अनामिका, डॉ साइस्ता, शिवपूजन चंद्रवंशी ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर नेस्टिवा अस्पताल की संस्थापक डॉ रितु शर्मा ने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि स्वास्थ्य सेवा के अंतर को सफलतापूर्वक पाटते हुए 6 मार्च से 28 मार्च, 2026 तक पटना के केंद्र में समर्पित देखभाल प्रदान की, जहां हमने 2500 से अधिक महिलाओं के लिए व्यापक निःशुल्क स्क्रीनिंग और निदान संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। प्रत्येक परिवार को सशक्त बनाना, यह सुनिश्चित करना कि घर की 'शक्ति' (महिला) स्वस्थ, जीवंत और सम्मानित हो। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसे समाज की कल्पना करते हैं जहां हर महिला के लिए निवारक स्वास्थ्य देखभाल प्राथमिकता हो, जिससे समृद्ध परिवार और एक स्वस्थ बिहार का निर्माण हो सके। इस अवसर पर परियोजना प्रतिभागियों और चिकित्सा कर्मचारियों को प्रमाण पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया।

# किसना ने कंकड़बाग में एक्सक्लूसिव शोरूम लॉन्च किया

नई सोच एक्सप्रेस



» राज्य में 16वें एक्सक्लूसिव शोरूम की शुरुआत

**पटना।**किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने बिहार में अपने 16वें एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य उद्घाटन पटना के कंकड़बाग स्थित आरके प्लाजा, मेन रोड पर किया। शोरूम का उद्घाटन हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया, एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट पार्टनर्स राज कुमार राय एवं प्रगति कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस भव्य उद्घाटन के अवसर पर किसना ने विशेष उद्घाटन ऑफर की घोषणा की है जिसमें शोरूम लॉन्च के दिन डायमंड ज्वेलरी पर अतिरिक्त 5 प्रतिशत की छूट का लाभ मिलेगा। साथ ही, फेस्टिव सीजन के तहत 'अक्षय हैप्पीनेस कैंपेन' के अंतर्गत 'द बिगेस्ट फेस्टिव ऑफर' भी पेश किया गया है, जिसमें डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी पर कई आकर्षक ऑफर्स शामिल हैं, जो ग्राहकों को त्योहारों के जश्न के साथ खरीदारी के लिए आमंत्रित करते हैं। इस ऑफर के तहत डायमंड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर फ्लैट 40 प्रतिशत और गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर फ्लैट 30 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इसके अलावा, चुनिंदा खरीदारी पर 10 ग्राम और 20 ग्राम के सिल्वर कॉइन मुफ्त दिए जाएंगे, साथ ही पुराने सोने पर 100 प्रतिशत एक्सचेंज वैल्यू का लाभ भी मिलेगा। ग्राहकों के शॉपिंग अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए किसना आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर 5 प्रतिशत का इंस्टेंट डिस्काउंट भी दे रहा है। साथ ही, डबल रेट प्रोटेक्शन बेनिफिट के तहत ग्राहक केवल 25 प्रतिशत डाउन पेमेंट देकर सोने का रेट लॉक कर सकते हैं। डायमंड ज्वेलरी की खरीद पर एक्सक्लूसिव गिफ्ट वाउचर भी इस फेस्टिव सीजन को और खास बनाते हैं। हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया ने कहा कि कंकड़बाग, पटना में हमारे नए शोरूम के उद्घाटन के साथ हम बिहार में किसना की उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। इस अवसर पर हम अपने ग्राहकों के लिए विशेष फेस्टिव ऑफर्स भी लेकर आए हैं, जो उनके उत्सव में खुशी और मूल्य दोनों जोड़ेंगे। 'हर घर किसना' के हमारे विजन के तहत हम देश के हर घर तक डायमंड ज्वेलरी को पहुंचाना चाहते हैं, साथ ही बेहतरीन कारीगरी, भरोसा और शानदार शॉपिंग अनुभव प्रदान करना हमारा लक्ष्य है। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के सीईओ पराग शाह ने कहा कि कंकड़बाग, पटना में हमारा नया शोरूम ग्राहकों को एक सहज और आकर्षक ज्वेलरी शॉपिंग अनुभव देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यहां आधुनिक डेली वियर डिज़ाइनों से लेकर पारंपरिक अवसरों के लिए ज्वेलरी तक का विस्तृत कलेक्शन उपलब्ध है, जिससे हर ग्राहक की पसंद और जरूरत को पूरा किया जा सके। एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट पार्टनर्स राज कुमार राय एवं प्रगति कुमारी ने कहा कि पटना में इस शोरूम के लॉन्च के लिए किसना के साथ साझेदारी करना हमारे लिए गर्व की बात है। अपने भरोसेमंद ब्रांड वैल्यू, इनोवेटिव डिज़ाइनों और ग्राहक संतुष्टि के प्रति समर्पण के साथ किसना क्षेत्र के ग्राहकों से बेहतर जुड़ाव स्थापित करेगा। हम ग्राहकों को एक यादगार ज्वेलरी शॉपिंग अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए, किसना ने लॉन्च के दौरान जरूरतमंदों के लिए खाद्य वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके साथ ही स्वच्छ भारत अभियान के समर्थन में स्वच्छता अभियान और रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### मंडावरा की प्रतिभा सियाराम गुर्जर का फर्स्ट ग्रेड गणित व्याख्याता के पद पर चयन

» होटल केसर पैलेस एंड रेस्टोरेंट कुचामन सिटी में आयोजित सम्मान समारोह




**नागौर।** कहते हैं, प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नहीं होती, इसे एक बार फिर साबित किया है। ग्राम मंडावरा के साधारण परिवार से आने वाले सियाराम गुर्जर ने। उनके फर्स्ट ग्रेड लेक्चरर (गणित) पद पर चयन होने पर रविवार को कुचामन सिटी में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शहर के न्यू बस स्टैंड के सामने स्थित कुमावत समाज भवन के पास होटल केसर पैलेस एंड रेस्टोरेंट कुचामन सिटी में आयोजित सम्मान समारोह में सियाराम गुर्जर पुत्र मोहनलाल गुर्जर मंडावरा का मारवाड़ी परंपरा के अनुसार माल्यार्पण व साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। समारोह में उपस्थित लोगों ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्राम मंडावरा निवासी सियाराम गुर्जर पुत्र मोहनलाल गुर्जर ने कठिन परिश्रम और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनके चयन की खबर मिलते ही गांव और परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। लगातार बधाई देने वालों का तांता लगा रहा और ग्रामीणों ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बताया। सम्मान समारोह के अवसर पर चेनाराम गुर्जर (डायरेक्टर, होटल केसर पैलेस एंड चेयरमैन, दीपपुरा ग्राम सेवा सहकारी समिति), रामेश्वरलाल गुर्जर फौजी, मोहनलाल गुर्जर, वरिष्ठ पत्रकार हरिराम गुर्जर दीपपुरा, राकेश स्वामी, एडवोकेट छोटूलाल स्वामी, राजवीरसिंह खटाना, श्रीराम गुर्जर (व्यवस्थापक, दीपपुरा जीएसएस), मदन गुर्जर रघुनाथपुरा, उर्मिला गुर्जर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि सियाराम गुर्जर की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से यह साबित कर दिया कि सफलता पाने के लिए केवल जुनून और निरंतर प्रयास जरूरी है।

### डॉ आरती को प्रयागराज में मिला 'सुभद्रा कुमारी चौहान सम्मान'



**प्रयागराज।** साहित्यिक संस्था 'गुफ्तगू' द्वारा 28 और 29 मार्च को 'प्रयागराज लिटरेरी फेस्टिवल-2026' का आयोजन आर्य कन्या इंटर कॉलेज (अंग्रेजी माध्यम) स्थित पिंक हाल में किया गया। इस समारोह में मुजफ्फरपुर शहर की डॉ आरती कुमारी को साहित्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 'सुभद्रा कुमारी चौहान अवार्ड' 2026 से सम्मानित किया गया। उन्हें मुख्य अतिथि सौरभ श्याम शमशेरी (इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति), कार्यक्रम अध्यक्ष रजा मुराद (फिल्म अभिनेता), विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से शॉल, श्रीफल, मेमेंटो, एवं सम्मान राशि देकर सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष डॉ इम्तियाज अहमद गाजी ने सभी सम्मानित साहित्यकारों का परिचय दिया और धन्यवाद ज्ञापन किया। माड़ीपुर स्थित डॉ आरती कुमारी वर्तमान में मुजफ्फरपुर के रामदयालु सिंह महाविद्यालय में अंग्रेजी की सहायक प्राध्यापक हैं। उनकी अब तक कुल छः पुस्तकें प्रकाशित हैं जिनमें धड़कनों का संगीत, साथ रखना है और मुंतज़िर है दिल काव्य और ग़ज़ल संग्रह हैं तथा उन्होंने तीन पुस्तकों बिहार की महिला ग़ज़लकार, ये नए मिज़ाज का शहर है, एक और दधीचि - कमलनयन श्रीवास्तव आदि का संपादन किया है। उनकी रचनाएं दूरदर्शन व आकाशवाणी से प्रसारित होते रहती हैं। उनकी रचनाएं लगातार पत्र पत्रिकाओं में तथा कविताकोश, रेख़्ता पर प्रसारित हैं। अब तक उन्हें कई सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है जिसमें शाद अजीमाबादी सम्मान, उर्मिला कौल साहित्य साधना सम्मान, कुमार नयन स्मृति सम्मान, हिंदी सेवी सम्मान, गोपी वल्लभ सहाय सम्मान आदि हैं। इस अवसर पर शहर के कई साहित्यकारों ने उन्हें बधाई दी है।

### ट्यूलिप येलो में पौधारोपण का सफल अभियान



**गुरुग्राम।** "पेड़ लगाना सिर्फ काम नहीं, जिम्मेदारी है, हरियाली ही आने वाली पीढ़ी की तैयारी है।" शहर के सेक्टर 69 स्थित ट्यूलिप येलो सोसाइटी परिसर में रविवार की सुबह जिज्ञासा और उत्साह के साथ पौधारोपण अभियान सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा सोसाइटी में हरियाली बढ़ाना था। अभियान में मुख्य रूप से शामिल सोसाइटी के सक्रिय सदस्य एवं निवासी अंकित अरोड़ा, शांतनु पांडेय, ओ.पी. चौधरी, नवीन, साहिल कपूर, हितेश, राहुल आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर कई तरह के पौधे लगाए गए। निवासियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए स्वच्छ, स्वस्थ और हरित वातावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।

**सोसाइटी के सक्रिय सदस्य एवं निवासियों**

अंकित गंभीर, सुनील, पूजा बंसल, प्राची माथुर, सरिता दहिया, मुक्ता शर्मा, श्वेता जायसवाल, राहुल गोयल, पीयूष मोहता, सौरभ गोयल, उत्पल, नवीन, जतिन दहिया एवं इं. आर.के. जायसवाल (समाजसेवी) आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आभार जताया। उन्होंने सामूहिक रूप से कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम सामुदायिक सहयोग एवं पर्यावरण जागरूकता का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। ऐसे प्रयास न केवल परिसर की सुंदरता बढ़ाते हैं, बल्कि वायु गुणवत्ता सुधारने एवं पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सभी निवासियों ने भी इस अभियान को सफल बनाने हेतु हार्दिक आभार व्यक्त किया ।

# जमालपुर कारखाना को नेस्तनाबूत करने का षड्यंत्र कर रहे हैं अधिकारीः संघर्ष मोर्चा

नई सोच एक्सप्रेस

» पीडब्ल्यूआई कर्मचारी के सामूहिक स्थानांतरण एवं रेल में व्याप्त लुट खसोट को लेकर मोर्चा ने किया आंदोलन का ऐलान



**जमालपुर।** कारखाना एवं रेल से जुड़े सवालों के विकास को लेकर वर्षों से संघर्षरत जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा की एक अति आवश्यक बैठक मारवाड़ी धर्मशाला जमालपुर में एनसीपी के जिला अध्यक्ष मो जाबिर हुसैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसका संचालन मोर्चा के संयोजक सह सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव कर रहे थे।बैठक में मोर्चा अपने पुराने मांगों के साथ ही पीडब्ल्यूआई कर्मचारियों के सामूहिक स्थानांतरण रेलवे के निर्माण कार्यों में जबरदस्त लूट खसोट स्टेशन पर महिला सुविधा का घोर अभाव पुराने हॉर्टिकल्चर एवं वर्तमान रेल नुकंज में पार्क निर्माण शारीरिक दक्षता की तैयारी कर रहे युवक एवं युवतियों के लिए गोल मैदान का गेट खोलने रेलवे द्वारा निविदा पर चलाए जा रहे हैं डिप्टी सीपीओ के वाहन की तय राशि का भुगतान नहीं होना सहित कई मुद्दों पर चर्चा कर आंदोलन की रणनीति बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए एनसीपी के जिला अध्यक्ष मो जाबिर हुसैन ने कहा की रेलवे जो कभी जन भावनाओं के लिए काम करता था वर्तमान समय में बस लूट खसोट का अड्डा बनकर रह गया है हमारे जमालपुर कारखाना को समाप्त करने की साजिश की जा रही है जिसका जवाब देने के लिए संघर्ष मोर्चा को तैयार रहना होगा। वही संचालन करते हुए मोर्चा के संयोजक सह सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि केंद्र के इशारे पर यहां के पदस्थापित अधिकारी कारखाना को नेस्तनाबूत करने का षड्यंत्र कर जमालपुर को बदनाम करने पर तुले हैं पीडब्ल्यूआई कर्मचारियों का सामूहिक स्थानांतरण वाहन निविदा राशि के भुगतान में बेवजह का विलंब रेलवे के निर्माण कार्यों में व्याप्त लूट खसोट इसी साजिश का एक हिस्सा है जिस पर रेलवे मुख्यालय संज्ञान नहीं लेती है तो हम मोर्चा के लोग आंदोलन का रुख अख्तियार करेंगे। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए मोर्चा के महासचिव पप्पी कुमार उर्फ़ पप्पू यादव प्रवक्ता रविकांत झा सचिव पंकज यादव मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति सहित कई अन्य नेताओं ने कहा कि यहाँ का रेल क्षेत्र लुट का सबसे बड़ा बड़ा केंद्र बन गया है रेलवे में जितने भी निर्माण कार्य हो रहे हैं सब में दोयम दर्जे का सामान प्रयोग किया जा रहा है नेताओं ने कहा रेलवे स्टेशन पर महिला प्रतिक्षालय, शारीरिक दक्षता की तैयारी का केंद्र गोल्फ मैदान में युवक युक्तियां के लिए एक गेट हॉर्टिकल्चर जिसे लोग रेल निकुंज के नाम से जानते हैं उसमें पार्क का निर्माण आदि पर संज्ञान ले। वहीं बैठक के अंत में संघर्ष मोर्चा द्वारा मांगों से संबंधित विज्ञापन रेलवे अधिकारी को सौंपने एवं 15 दिनों के अंदर सकारात्मक कदम नहीं उठाए जाने पर आंदोलन का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया जिसके तहत मोर्चा पुतला दहन धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम की रणनीति बनाई गई। बैठक में वरिष्ठ नेता नकुल यादव अमिताभ कश्यप मुंगेर संयोजक विपिन यादव धरहरा संयोजक निरज यादव राजकुमार शर्मा दिनेश साहू चन्दन राउत तेजश चन्दन साव अशोक शर्मा सुरेन्द्र साह विरेंद्र दास कुणाल यादव सदानन्द शर्मा आदि मौजूद थे।

## हंदवारा में 'वैली शेड्स' का भव्य उद्घाटन, प्रीमियम पेंट्स की मिलेगी पूरी रेंज




नई सोच एक्सप्रेस

**हंदवारा।** हंदवारा में चिल्ड्रन पार्क के सामने रविवार को 'वैली शेड्स' नामक नए पेंट शोरूम का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। वैली शेड्स के संचालक साकिब अशरफ ने बताया कि यह शोरूम प्रीमियम पेंट्स के सभी विकल्पों के लिए एक आधुनिक और भरोसेमंद केंद्र के रूप में तैयार किया गया है। यहां एशियन पेंट्स के उत्पादों की पूरी श्रृंखला उपलब्ध है, जिससे ग्राहक अपने घरों और व्यावसायिक परियोजनाओं को बेहतर गुणवत्ता और आकर्षक रंगों से सजा सकेंगे। उन्होंने बताया कि शोरूम में अत्याधुनिक रंग मिश्रण मशीनें भी स्थापित की गई हैं, जो ग्राहकों की पसंद के अनुसार सटीक रंग तैयार करने में सक्षम हैं। इससे ग्राहकों को अपनी कल्पना के अनुरूप रंग चुनने में सुविधा मिलेगी। साकिब अशरफ ने कहा कि वैली शेड्स का उद्देश्य ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता, बेहतर फिनिश और टिकाऊ पेंट उपलब्ध कराना है। उद्घाटन समारोह में शामिल सभी लोगों के प्रति उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में बेहतर सेवाएं देने का भरोसा दिलाया।

## नर्मदा के उद्गम स्थल पर आईएफडब्लूजे के दो दिवसीय 144 वां अधिवेशन संपन्न

नई सोच एक्सप्रेस




**अमरकंटक(मध्यप्रदेश)।** स्थानीय कल्याण सेवाश्रम के सभागार में भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ ( आई एफ डब्ल्यू जे) का 144 वां दो दिवसीय अधिवेशन का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। हिमाद्री मुनि जी ने कहा कि नर्मदा पुराण में 88 हजार ऋषि मुनियों ने बर्षो तक यज्ञ किया। सत्यनारायण पूजन के प्रारंभ और अन्त में देवाखण्ड उल्लिखित है। यह कल्याण दास की तपोभूमि और नर्मदा की उद्गम स्थल है। यह देश भर से आगत सभी पत्रकार साथियों का अभिनन्दन करता हूँ। स्थानीय विधायक, फून्दे लाल सिंह ने सभी राज्यों के पत्रकारों का स्वागत करते हुए पत्रकार सुरक्षा कानून और पत्रकारों के जीविकोपार्जन, स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने, मीडिया कॉन्सिल के गठन की मांग राज्य के मुख्यमंत्री, मोहन यादव को समर्पित करने का आश्वासन दिया। भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, अवधेश भार्गव ने सदन में प्रस्ताव रखा, जिसमें मीडिया कॉन्सिल के गठन, पत्रकार सुरक्षा कानून, पत्रकारों को कल्याणकारी योजनाओं स्वास्थ्य सुरक्षा और अधिमान्य पत्रकारों के लिए शैक्षणिक योग्यता बाध्यता समाप्त करने और पत्रकारों के पेंशन योजना को सरल बनाने की बात रखी, जिसे सदन ने करतलध्वनि पारित किया गया। यह भी निर्णय लिया कि इस प्रस्ताव को सभी राज्यों के सांसदों और विधायकों के माध्यम से इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पास भेजवाने का निर्णय लिया गया। साथ ही इस मुद्दे को लोकसभा और विधानसभा में उठवाने का निर्णय लिया गया। मंच की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष, अवधेश भार्गव और मध्यप्रदेश के अध्यक्ष, उपेन्द्र गौतम ने किया। समारोह को संबोधित करने वालों राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, एस एन श्याम,( बिहार) गुलबहार गौरी ( उत्तराखंड), रमेश गांधी ( राजस्थान), इरसाद खान बिहार प्रेस मेन्स यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष, अनमोल कुमार ( बिहार) नीतेश भालवंकर ( महाराष्ट्र), भारत वेद केकर ( गोवा), दीपक तलवारे ( महाराष्ट्र) सुलोचना ( उत्तराखंड), स्वामी जगदीशानन्द जी, विनोद कारके जी, अमरकंटक के राहुल सिंह राणा और अरविन्द द्ववेदी ने समारोह को संबोधित किया। साथ अधिवेशन के सफलता में इनकी भूमिका अहम् और सराहनीय रही ।बिहार से राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य, भोला प्रसाद और अवधेश कुमार शर्मा के अलावे राकेश दत्त शर्मा, रमेश चौबे, आर्यन कुमार भी उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी आगत पदाधिकारियों को प्रतीक चिह्न, अंगवस्त्र और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

## रोहिणी के हाउस ऑफ हैप्पीनेस प्रीस्कूल ने किया वार्षिकोत्सव 2026 का भव्य आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**नई दिल्ली।** रोहिणी सेक्टर 11 के हाउस ऑफ हैप्पीनेस प्रीस्कूल द्वारा पंजाबी बाग क्लब ऑड़िटोरियम में स्कूल के वार्षिक उत्सव 2026 और ग्रेजुएशन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में महामहिम राष्ट्रपति जी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत, स्कूल यात्रा के सुमित वर्मा, एक्टर जुनैद खान, प्रधानाचार्य पूजा सभरवाल, नटराज आर्ट के डाक्टर लक्की कश्यप ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में हाउस ऑफ हैप्पीनेस प्रीस्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बच्चों के ग्रेजुएशन समारोह का भी शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना समीक्षा सुनीता गुप्ता की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में आये अतिथियों ने छोटे-छोटे बच्चों के आत्मविश्वास, प्रतिभा और प्रस्तुति की जमकर सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होने कहा कि हाउस ऑफ हैप्पीनेस प्रीस्कूल एक अग्रणी शिक्षण संस्थान है, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देता है। यहाँ शिक्षा के साथ-साथ रचनात्मकता, आत्मविश्वास और संस्कारों का समावेश कर बच्चों को एक मजबूत भविष्य के लिए तैयार किया जाता है। कार्यक्रम के अन्त में बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये और उनको पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य श्वेता गुप्ता व विद्यालय प्रबंधन समिति ने आये सभी अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी तरह सहयोग बनाए रखने की अपेक्षा की। कार्यक्रम की कोरियोग्राफी प्रसिद्ध कोरियोग्राफर पारूल वर्मा उर्फ पॉल सर द्वारा की गई।

# वाराणसी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में महर्षि अध्यात्म विश्वविद्यालय का शोध-पत्र प्रस्तुत

नई सोच एक्सप्रेस



**वाराणसी।** महर्षि अध्यात्म विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि श्री शॉन क्लार्क ने वाराणसी के 'स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज' में आयोजित 13वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध-पत्र प्रस्तुत किया। सम्मेलन का विषय 'स्पिरिचुअलिटीः ए टेस्टेड पैराडाइम फॉर ग्लोबल वेलबीइंग, सस्टेनेबिलिटी एंड डिजिटल माइंडफुलनेस' था, जिसमें शिक्षा, कॉर्पोरेट और सार्वजनिक क्षेत्रों की कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया। मुख्य सत्र को संबोधित करते हुए श्री क्लार्क ने कहा कि वर्तमान वैश्विक चुनौतियों का समाधान आध्यात्मिकता और सचेत जीवनशैली के माध्यम से संभव है। उन्होंने वैश्विक कल्याण और स्थायी विकास के लिए 'आध्यात्मिक शुद्धता' को अनिवार्य बताया। इस दौरान उन्होंने सच्चिदानंद परब्रह्म (डॉ.) जयंत बालाजी आठवले द्वारा लिखित एवं स्वयं द्वारा सह-लिखित शोध-पत्र प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में उन्होंने भारत में बढ़ते आध्यात्मिक पर्यटन को बदलती जन-मानसिकता का संकेत बताया। उन्होंने कहा कि 2025 में अयोध्या में 23.82 करोड़ और वाराणसी में 14.6 करोड़ पर्यटकों का आगमन इस प्रवृत्ति का प्रमाण है।

**शोध के प्रमुख बिंदु**

शोध में महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम में 'अमृत स्नान' से प्रतिभागियों के आभामंडल में सकारात्मक वृद्धि का दावा किया गया। एक विदेशी नागरिक में 133 प्रतिशत तक सकारात्मकता बढ़ने का उल्लेख किया गया। अयोध्या के श्रीराम लल्ला मंदिर क्षेत्र में वर्ष 2011 से 2024 के बीच 'चैतन्य' में उल्लेखनीय वृद्धि का भी दावा किया गया है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के प्रसारण से लोगों में सकारात्मकता बढ़ने और नकारात्मकता घटने की बात कही गई। इसके अतिरिक्त, शोध में भारतीय गाय के उत्पादों के स्वास्थ्य और आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही, आधुनिक चिकित्सा के साथ 'नामजप' को अपनाने से कुछ रोगों में सुधार की संभावना भी व्यक्त की गई। पर्यावरण और आध्यात्मिकता का संबंध श्री क्लार्क ने अपने संबोधन में पंचमहाभूत—पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश—के संतुलन में आध्यात्मिकता की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता आधारित जीवनशैली पर्यावरणीय संतुलन और सात्विकता को बढ़ावा देती है। अंत में यह निष्कर्ष प्रस्तुत किया गया कि भारतीय ज्ञान प्रणाली और सनातन परंपरा पर आधारित दृष्टिकोण मानव कल्याण और पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।

## डॉक्टरों की 'अवैध पब्लिसिटी' पर सवाल, सीएमओ से संपर्क नहीं—फोन तक नहीं उठाया

नई सोच एक्सप्रेस




**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र जिले में डॉक्टरों द्वारा की जा रही भ्रामक पब्लिसिटी को लेकर उठे विवाद के बीच स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। मामले में जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क किया गया, तो उन्होंने फोन तक नहीं उठाया। ऐसे में विभाग की चुप्पी और निष्क्रियता पर सवाल उठना लाजिमी है। शहर में कई क्लिनिक और अस्पताल खुलेआम "बेहतर इलाज" और "गारंटी इलाज" जैसे दावे करते हुए विज्ञापन कर रहे हैं, जो चिकित्सा आचार संहिता के खिलाफ हैं। नियमों के बावजूद इस तरह की पब्लिसिटी जारी रहना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, डॉक्टरों को भ्रामक प्रचार करने की अनुमति नहीं है, फिर भी होर्डिंग्स, सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से मरीजों को लुभाया जा रहा है। स्थानीय लोगों में इसको लेकर नाराजगी है। उनका कहना है कि जब जिम्मेदार अधिकारी ही जवाब देने से बच रहे हैं, तो कार्रवाई की उम्मीद कैसे की जा सकती है। अब देखना यह होगा कि स्वास्थ्य विभाग इस गंभीर मुद्दे पर कब तक चुप्पी साधे रहता है या फिर कोई ठोस कदम उठाया जाता है।

## सोनू सूद ने SBP3 के माध्यम से बॉक्सिंग को बढ़ावा देने के लिए सना सूरी की सराहना की

नई सोच एक्सप्रेस



**मुम्बई।** भारत की पहली महिला प्रोफेशनल बॉक्सिंग प्रमोटर सना सूरी ने मुंबई के अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्नाइपर बॉक्सिंग प्रमोशन (SBP) सीजन-3 का फ़ाइनल आयोजित किया. जहां सेलेब्रिटी गेस्ट के रूप में सोनू सूद हाजिर रहे वहीं एलएलए हारुन खान और धड़क कामगार यूनियन के जेनरल सेक्रेट्री अभिजीत राणे सहित कई सिलेब्रिटीज मौजूद थे. रियल स्टार सोनू सूद ने एसबीपी 3 की फाउंडर सना सूरी, स्पॉन्सर अमित पाटिल, को फाउंडर सोहम पाटिल और पीयूष पाटिल को बधाइयाँ दी और कहा कि हमारे देश में मुक्केबाजी को इस तरह प्रमोट करने वाले और लोगों की जरूरत है. SBP3 में प्रोफ़ेशनल बॉक्सर ताहिर खुरम, बॉक्सर मंजोत, पिंकी, जसकर्ण सिंह सहित काफी बॉक्सर ने फाइट की. विधायक हारुन खान ने कहा कि मैं सना सूरी को धन्यवाद कहता हूं कि उन्होंने मेरे विधानसभा क्षेत्र में बॉक्सिंग का इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया. SBP3 मे अंतरराष्ट्रीय स्तर के मुक्केबाज भी शामिल हुए और कई नए मुक्केबाज को भी सना ने इसमे प्रमोट किया जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया. अभिजीत राणे ने सना सुरी को शुभकामनाएं दीं और कहा कि एक महिला के द्वारा जिस प्रकार बॉक्सिंग को प्रमोट किया जा रहा है उसके लिए सना का कार्य तारीफ के काबिल है. SBP3 के को-फाउंडर सोहम पाटिल ने कहा कि बहुत खुशी हुई जो सोनू सूद हमारे कार्यक्रम में आए उन के आने से मुक्केबाज का हौसला बढ़ा. मेरा लक्ष्य है मुक्केबाजी को लेकर सोच बदलना. आज लड़कियां भी बेह्तरीन फाइट कर रही है. सना सूरी ने कहा कि सोनू सूद उम्मीद है कि SBP के भविष्य के इवेंट्स मे भी आएंगे. अब हम अपने अगले कार्यक्रम की तैयारियों में लगेंगे. नवंबर माह में SBP का नेक्स्ट प्रोग्राम और ज्यादा बड़े लेवल पर होगा. SBP3 मे जहां कई इंटरनेशनल बॉक्सर ने हिस्सा लिया वहीं कई मुक्केबाजो ने यहां डेब्यू किया था और उन्होंने फाइट जीती भी.

## ग्रैंड मां कॉटेज किड्स प्लेवे स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

नई सोच एक्सप्रेस




**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र 7 बी स्थित ग्रैंड मां कॉटेज किड्स प्लेवे स्कूल में वार्षिक परिणाम विद्यालय की प्राचार्या लवलीन पाहवा द्वारा घोषित किया गया। साथ ही साथ किंडरगार्टन ग्रैजुएशन डे भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय की सभी कक्षाओं से प्रथम, द्वितीय ओर तृतीय स्थान पर रहने वाले सभी बच्चों को विद्यालय के निर्देशक राज पाहवा ने ट्रॉफ़ी देकर सम्मानित किया गया। सभी बच्चों का वार्षिक परिणाम शतप्रतिशत रहा। विद्यालय में सभी अभिभावकों के लिए भी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया! सभी अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ सभी गेम्स में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और बहुत से अभिभावकों को जीतने पर विद्यालय की तरफ से पुरस्कृत भी किया गया। इन्हीं गेम्स के मुख्य भाग "आज का मंच , अभिभावक के दृष्टिकोण से " में कृषिव ओर अविराज के अभिभावकों को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया तथा अन्य गतिविधियों में शामिल रायना,कृषा, कियानप्रीत, रुद्र, अविराज, विराज,शौर्य, अद्विक, इष्टी आदि के अभिभावकों ने कई गेम्स जीते। विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं से गुरनाज,आर्य, नव्या, कियानप्रीत, रेयांश,अविराज,ऋषिका ओर सपना ने प्रथम पुरस्कार, तनिष्का, गुणवीर,रायना, इष्टी,राघव, आराध्या, द्वितीय और सेजल, मेहर, शनाया, कृषा, अद्विक और आरना ने तृतीय स्थान हासिल किया,जिन्हें विद्यालय के प्रबंधक राज पाहवा और प्राचार्या लवलीन पाहवा ने बधाई देते हुए सम्मानित किया ओर सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की! प्राचार्या लवलीन पाहवा ओर प्रबंधक राज पाहवा ने सभी बच्चों ओर उनके अभिभावकों के साथ साथ सभी अध्यापक गण और अन्य स्टाफ का भी आभार प्रकट करते हुए बताया कि ये सभी विद्यालय की नींव के समान है,इन सभी के परिश्रम से ही किसी विद्यालय को सुचारू रुप से चलाया जा सकता है। साथ ही विद्यालय की प्राचार्या ने बताया की नया शैक्षणिक सत्र 6 अप्रैल से शुरू होगा,जिसके लिए विद्यालय में पंजीकरण शुरू हो चुका है,जिसमें से 2 साल से 6 साल तक बच्चे दाखिला करवा सकते है।

## रैप म्यूजिक से बनाई पहचान

पुराने दलों एवं नेताओं का मखौल उड़ाना और उन्हें देश की समस्याओं की जड़ बताना बालेंद्र शाह के रैप गानों का थीम रहा। इस तरह उन्होंने जन भावनाओं को आवाज दी। असर हुआ कि लोगों ने उनको ही समाधान मान लिया है।

नेपाल के चुनाव नतीजों से साफ है कि वहां के लोग पुरानी पार्टियों और नेताओं से कितने आजिज़ आ चुके थे। नेपाली कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल), और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को उन्होंने सिरे से ठुकरा दिया है। अब उन्होंने अपना दांव ऐसे नेता पर लगाया है, जिन्होंने अपनी पहचान रैप म्यूजिक से बनाई और उसी माध्यम से राजनीति में लोकप्रिय हुए। बालेंद्र शाह पहले अपने दम पर काठमांडू के मेयर बने और अब पिछले सितंबर की उथल-पुथल के बाद हुए चुनाव में लोगों की उम्मीद का सबसे बड़ा प्रतीक बन कर उभरे हैं। शाह के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) नेपाल के हालिया इतिहास की सबसे बड़ी जीत हासिल करने में कामयाब हुई है। शाह ने चुनाव अभियान भी रैपर के बतौर चलाया।

पुराने दलों और नेताओं का मखौल उड़ाना और उन्हें देश की तमाम समस्याओं की जड़ बताना उनके रैप गानों का थीम रहा है। इस तरह उन्होंने लोगों के भावनाओं को आवाज दी। असर हुआ कि लोगों ने उनको ही समाधान मान लिया है। मगर चाहे राजनीतिक संस्कृति से जुड़ी समस्याएं हों या ठोस आर्थिक मसले- उनका समाधान रैप अथवा किसी संगीत से नहीं निकल सकता। इसके लिए ठोस कार्यक्रम एवं योजनाओं की जरूरत होगी। इस मामले में शाह के पास कोई सोच या नजरिया है, इसका कोई संकेत उन्होंने नहीं दिया है।

बल्कि वे एक ऐसी पार्टी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के बतौर जीते हैं, जिसके नेता पर भ्रष्टाचार के इतने गंभीर आरोप हैं कि जेन-जी विद्रोह के पहले तक वे जेल में थे। अपनी खराब छवि के कारण ही रवि लामिछाने ने शाह को पार्टी का चेहरा बनाया। ये दांव कामयाब रहा। लेकिन आगे का रास्ता कठिन है। आरएसपी की सरकार को मतदाताओं की ऊंची उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। बेरोजगारी, युवाओं के सामने अवसरहीनता, गरीबी और आम विकास की कसौटियों पर पिछड़ापन वे समस्याएं हैं, जिनका समाधान नेपाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियां नहीं ढूंढ पाईं। इसके लिए प्रयासरत होने के बजाय उनके नेता आलीशान जिंदगी जुटाने में लग गए। क्या आरएसपी उससे अलग संस्कृति और समाधान दे पाएगी, यह अब मुख्य प्रश्न है।

# जन सुरक्षा बनाम कॉरपोरेट मुनाफा : बीमा की असली चुनौती



आरती कुमारी

बीमा का मूल उद्देश्य जीवन की अनिश्चितताओं से सुरक्षा प्रदान करना है। यह व्यवस्था व्यक्ति को बीमारी, दुर्घटना या अन्य संकटों के समय आर्थिक सहारा देती है। परंतु आज के दौर में यह व्यवस्था अपने मूल उद्देश्य से भटकती हुई दिखाई दे रही है। विशेषकर स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में जो जटिलताएं, अपारदर्शिता और मनमानी देखने को मिल रही है, उसने आमजन के विश्वास को गहरी चोट पहुंचाई है। बीमा, जो सुरक्षा का माध्यम होना चाहिए था, वह कई बार शोषण का उपकरण बनता जा रहा है। वर्तमान समय में चिकित्सा सेवाओं की लागत अत्यधिक बढ़ चुकी है। निजी अस्पतालों में इलाज का खर्च लाखों में पहुंच जाता है। सरकार के द्वारा रियायती मूल्यों पर उपलब्ध कराई भूमि पर बने अस्पताल आज गरीबों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य बीमा एक आवश्यक सुरक्षा कवच के रूप में उभरता है। बीमा कंपनियां भी इसी भय और भविष्य की अनिश्चितता का उपयोग कर लोगों को पॉलिसी खरीदने के लिए प्रेरित करती हैं। लेकिन वास्तविक समस्या तब सामने आती है जब बीमा धारक को उसकी जरूरत होती है। दावों के निपटान के समय कंपनियां अनेक तकनीकी कारणों, शर्तों और अपवादों का हवाला देकर भुगतान से बचने का प्रयास करती हैं।विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, हजारों करोड़ रुपये के बीमा दावे हर वर्ष खारिज कर दिए जाते हैं। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि बीमा प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। अक्सर देखा गया है कि पॉलिसी लेते समय ग्राहकों को शर्तों की पूरी जानकारी नहीं दी जाती। जटिल भाषा में लिखे गए नियम और शर्तें आम व्यक्ति की समझ से बाहर होती हैं। परिणामस्वरूप, जब दावा प्रस्तुत किया जाता है, तो उन्हीं शर्तों को आधार बनाकर भुगतान रोक दिया जाता है। इस समस्या का एक महत्वपूर्ण पहलू निजी अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच संभावित गठजोड़ भी है। कई मामलों में अस्पताल अत्यधिक बिलिंग करते हैं और बीमा कंपनियां कम भुगतान करती हैं, जिससे मरीज को भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। यह स्थिति विशेष रूप से मध्यम और निम्न वर्ग के लोगों के लिए अत्यंत पीड़ादायक होती है। कई बार तो ऐसी घटनाएं भी सामने आती हैं, जहां अस्पताल बकाया राशि के कारण मरीज के शव को तक रोक लेते हैं, जो मानवीय संवेदनाओं के विरुद्ध है। यदि हम विकसित देशों की तुलना करें, तो वहां बीमा प्रणाली अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी है। दावों का निपटान समयबद्ध और न्यायसंगत तरीके से किया जाता है। भारत में भी भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) जैसी नियामक संस्थान मौजूद हैं, जिनका उद्देश्य बीमा क्षेत्र को नियंत्रित और संतुलित करना है। लेकिन व्यावहारिक स्तर पर इनकी प्रभावशीलता पर प्रश्न उठते रहे हैं। नियामक तंत्र की निष्क्रियता या सीमित हस्तक्षेप के कारण बीमा कंपनियों की मनमानी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इस स्थिति में सुधार के लिए सबसे पहले बीमा प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाना आवश्यक है। पॉलिसी दस्तावेजों को आम भाषा में प्रस्तुत किया जाना चाहिए ताकि एक सामान्य व्यक्ति भी उसकी शर्तों को समझ सके। इसके साथ ही, बीमा एजेंटों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए कि वे ग्राहकों को पूरी और सही जानकारी दें। गलत जानकारी देकर पॉलिसी बेचने पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। दूसरा महत्वपूर्ण कदम है-दावा निपटान प्रक्रिया का सरलीकरण। बीमा दावों के लिए एक मानकीकृत और समयबद्ध प्रक्रिया लागू की जानी चाहिए। यदि कोई दावा खारिज किया जाता है, तो उसके स्पष्ट और उचित कारण बताए जाएं। इसके लिए एक स्वतंत्र अपीलीय तंत्र भी होना चाहिए, जहां उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज कर सके और उसे त्वरित न्याय मिल सके। तीसरा, अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच पारदर्शिता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उपचार की लागत को नियंत्रित करने के लिए एक मानक दर प्रणाली लागू की जा सकती है। इससे अनावश्यक बिलिंग और वित्तीय शोषण पर रोक लगेगी। साथ ही, कैशलेस उपचार की सुविधा को अधिक प्रभावी और व्यापक बनाया जाना चाहिए ताकि मरीज को तत्काल आर्थिक राहत मिल सके। चौथा, सरकार को इस क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। एक राष्ट्रीय स्तर की निगरानी प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए, जो बीमा कंपनियों और अस्पतालों की गतिविधियों पर नजर रखे। समय-समय पर ऑडिट और जांच के माध्यम से अनियमितताओं को उजागर किया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पांचवां, बीमा साक्षरता को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को बीमा की शर्तों, अधिकारों और प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए। विशेष रूप से गरीब और अशिक्षित वर्ग के लिए सरल मार्गदर्शिका और सहायता केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए। निश्चित तौर पर बीमा व्यवसाय को केवल लाभ कमाने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखा जाना चाहिए। जब तक इस क्षेत्र में नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक आमजन का विश्वास बहाल नहीं हो सकता। आज आवश्यकता इस बात की है कि बीमा प्रणाली को पुनर्गठित कर उसे जनहितकारी बनाया जाए। सरल प्रक्रियाएं, स्पष्ट नियम, सशक्त नियामक तंत्र और जागरूक उपभोक्ता-ये चार स्तंभ ही बीमा क्षेत्र को उसकी वास्तविक दिशा में ले जा सकते हैं। यदि समय रहते इन सुधारों को लागू नहीं किया गया, तो बीमा का यह महत्वपूर्ण साधन आम आदमी के लिए सुरक्षा के बजाय संकट का कारण बना रहेगा। चिकित्सा और बीमा-दोनों ही ऐसे क्षेत्र हैं जो मूलतः मानव जीवन की सुरक्षा, राहत और सेवा से जुड़े हुए माने जाते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि आज ये दोनों क्षेत्र आमजन के लिए सबसे अधिक जटिल, महंगे और अविश्वसनीय होते जा रहे हैं। एक ओर रियायती जमीन पर बने निजी अस्पताल गरीबों को मुफ्त इलाज देने के अपने दायित्व से बचते नजर आते हैं, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य बीमा के नाम पर बीमा कंपनियां ऐसी शर्तें और प्रक्रियाएं थोप देती हैं कि जरूरत के समय मरीज को बीमा का लाभ मिलना कठिन हो जाता है। यह स्थिति केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि संवेदनहीन व्यवस्था का प्रतीक बनती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली के रियायती जमीन पर बने अस्पतालों को नोटिस जारी करना केवल एक प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, बल्कि व्यवस्था को आईना दिखाने जैसा है। जब अस्पताल रियायती जमीन लेते समय गरीबों के इलाज का वायदा करते हैं, तो वह केवल कागजी औपचारिकता नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व होता है। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि लाभ तो निजी अस्पताल उठा रहे हैं और दायित्व निभाने से बच रहे हैं। यही स्थिति बीमा क्षेत्र में भी दिखाई देती है, जहां पॉलिसी बेचते समय बड़े-बड़े वायदे किए जाते हैं, लेकिन क्लेम के समय छोटी-छोटी तकनीकी वजहों से दावे खारिज कर दिए जाते हैं। आम आदमी सालों तक प्रीमियम भरता रहता है, लेकिन जरूरत के समय उसे राहत नहीं मिलती। इस स्थिति में सुप्रीम कोर्ट की सक्रियता एक सकारात्मक संकेत है। जिस प्रकार अदालत ने अस्पतालों से जवाब मांगा है, उसी प्रकार बीमा कंपनियों की कार्यप्रणाली पर भी सख्त निगरानी और स्पष्ट नियम बनने चाहिए, ताकि बीमा वास्तव में सुरक्षा का माध्यम बने, न कि मुनाफे का जाल। सरकारों की जिम्मेदारी केवल नीतियां बनाने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनके क्रियान्वयन की सख्त निगरानी भी होनी चाहिए। यदि रियायती जमीन लेने वाले अस्पताल गरीबों का मुफ्त इलाज नहीं करते तो उनसे जमीन का बाजार मूल्य वसूला जाना चाहिए या उनकी मान्यता पर पुनर्विचार होना चाहिए। इसी तरह बीमा कंपनियों को भी क्लेम प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनानी चाहिए। स्वास्थ्य और बीमा दोनों ही आम आदमी की जीवन सुरक्षा से जुड़े विषय हैं, इसलिए इनमें मुनाफाखोरी की मानसिकता पर नियंत्रण आवश्यक है। यदि सरकार, न्यायपालिका और निगरानी संस्थाएं मिलकर सख्ती और पारदर्शिता सुनिश्चित करें, तो चिकित्सा और बीमा दोनों क्षेत्रों में आमजन का विश्वास फिर से स्थापित हो सकता है। अन्यथा सेवा के ये क्षेत्र केवल व्यवसाय बनकर रह जाएंगे और गरीब आदमी इलाज और बीमा दोनों के बीच पिसता रहेगा।

# विपक्ष की रणनीति और लोकतंत्र



जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना

भारतीय लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण मंच संसद है। यहाँ केवल कानून नहीं बनते हैं, बल्कि देश की राजनीतिक दिशा, विपक्ष और सत्ता के बीच संबंध, और लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति विश्वास या अविश्वास भी प्रकट होता है। हाल के वर्षों में संसद के भीतर होने वाली बहसों और टकरावों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय राजनीति अब एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुकी है जहाँ राजनीतिक संवाद की शैली, विपक्ष की रणनीति और सत्ता की प्रतिक्रिया तीनों तेजी से बदल रहे हैं। संसद में जो घटनाएँ होती है, उसे देखकर कई विश्लेषकों को लगता है कि यह कोई अचानक हुई घटना नहीं थी। बल्कि यह लंबे समय से चल रही राजनीतिक प्रवृत्ति का स्वाभाविक परिणाम था। विशेष रूप से विपक्ष के प्रमुख चेहरों में से एक राहुल गांधी की राजनीति को लेकर अक्सर यह चर्चा होती रही है कि उनकी रणनीति, वक्तव्य और संस्थाओं के प्रति उनका दृष्टिकोण किस दिशा में जा रहा है। भारतीय संसद केवल विधायी संस्था नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र की आत्मा का प्रतिनिधित्व करती है। संसद में बहस का उद्देश्य केवल विरोध करना नहीं होता है बल्कि सरकार की नीतियों की समीक्षा करना, विकल्प प्रस्तुत करना और जनता के मुद्दों को उठाना होता है। भारतीय संसदीय प्रणाली में तीन महत्वपूर्ण घटक होते हैं। पहला सरकार, दूसरा विपक्ष और तीसरा संसदीय संस्थाएँ। इन तीनों के बीच संतुलन ही लोकतंत्र की मजबूती तय करता है। लोकतंत्र में विपक्ष का महत्व उतना ही है जितना सरकार का। विपक्ष के कुछ प्रमुख कार्य होते हैं। सरकार की नीतियों की आलोचना। वैकल्पिक नीति प्रस्तुत करना। संसद में बहस को जीवंत रखना। जनता के मुद्दों को उठाना।

भारत के इतिहास में कई ऐसे दौर आए हैं जब विपक्ष ने सरकार से अधिक प्रभावशाली भूमिका निभाई। उदाहरण के लिए राम मनोहर लोहिया और अटल बिहारी वाजपेयी इन नेताओं ने विपक्ष में रहते हुए भी राष्ट्रीय राजनीति की दिशा को प्रभावित किया। राहुल गांधी भारतीय राजनीति के सबसे चर्चित नेताओं में से एक हैं। उनकी राजनीतिक यात्रा लगभग दो दशक से अधिक लंबी हो चुकी है। मुख्य पड़ाव 2004 में लोकसभा में प्रवेश, 2013 में कांग्रेस के उपाध्यक्ष, 2017 में कांग्रेस अध्यक्ष और 2024 के बाद विपक्ष के प्रमुख नेता बनें। उनकी राजनीति अक्सर आक्रामक आलोचना और वैचारिक विरोध के रूप में देखी जाती है। भारतीय लोकतंत्र में चुनाव परिणाम केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं होता है, बल्कि वह राजनीतिक दलों के लिए आत्ममंथन का अवसर भी होता है। भारत निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार पिछले एक दशक में कांग्रेस को कई चुनावी पराजयों का सामना करना पड़ा है। ऐसी स्थिति में सामान्यतः राजनीतिक दल तीन कदम उठाते हैं। पहला संगठनात्मक सुधार, दूसरा नेतृत्व में परिवर्तन और तीसरा रणनीति में बदलाव। लेकिन आलोचकों का आरोप है कि कांग्रेस इन तीनों क्षेत्रों में अपेक्षित बदलाव नहीं कर पाई। भारतीय राजनीति में एक बड़ा विवाद तब पैदा होता है जब राजनीतिक दल संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हैं। इन संस्थाओं में शामिल हैं न्यायपालिका, चुनाव आयोग, संसद और जांच एजेंसियाँ। जब कोई राजनीतिक दल बार-बार इन संस्थाओं पर सवाल उठाता है तो यह बहस शुरू हो जाती है कि यह लोकतांत्रिक आलोचना है या संस्थागत अविश्वास। भारतीय संविधान का एक महत्वपूर्ण प्रावधान है Article 326 of the Constitution of India यह अनुच्छेद भारत में सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार की व्यवस्था करता है। इसका अर्थ है 18 वर्ष से अधिक आयु का प्रत्येक नागरिक वोट दे सकता है। यह प्रावधान भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत माना जाता है। संसद में सरकार के खिलाफ विपक्ष के पास कई संसदीय उपकरण होते हैं। इनमें शामिल हैं अविश्वास प्रस्ताव, विशेष बहस, संसदीय समितियाँ और महाभियोग। लेकिन इन उपकरणों का प्रभाव तभी होता है जब उनके पीछे राजनीतिक रणनीति और संख्या बल हो। गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में दिए गए वक्तव्य ने राजनीतिक बहस को और तीखा बना दिया। सत्ता पक्ष का दावा है कि विपक्ष की रणनीति केवल आरोप लगाने तक सीमित है, जबकि विपक्ष का कहना है कि वह लोकतांत्रिक जवाबदेही सुनिश्चित कर रहा है। Leader of the Opposition का पद भारतीय संसदीय प्रणाली में महत्वपूर्ण माना जाता है। लेकिन एक दिलचस्प तथ्य यह है कि यह पद संवैधानिक नहीं है बल्कि विधायी पद है। इसका अर्थ है यह संविधान में सीधे नहीं लिखा गया है, बल्कि संसद के कानूनों और परंपराओं से विकसित हुआ है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय राजनीति में कई बदलाव आए हैं। विशेष रूप से मजबूत बहुमत वाली सरकार, केंद्रीकृत नेतृत्व और चुनावी मशीनरी की मजबूती। इन परिस्थितियों में विपक्ष के लिए चुनौती और बढ़ जाती है। आज की राजनीति केवल संसद तक सीमित नहीं है। सोशल मीडिया, टीवी डिबेट और जनसभाएँ भी राजनीतिक संदेश का हिस्सा बन चुके हैं। किसी भी नेता की छवि तीन चीजों से बनती है पहला वक्तव्य, दूसरा राजनीतिक रणनीति और तीसरा चुनावी प्रदर्शन। इन सभी विवादों और टकरावों के बावजूद भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है नियमित चुनाव, स्वतंत्र न्यायपालिका, सक्रिय मीडिया और मजबूत नागरिक समाज। संसद में होने वाली बहसें कभी-कभी तीखी हो सकती हैं। लेकिन लोकतंत्र का सार यही है कि सत्ता और विपक्ष दोनों अपने-अपने तर्क प्रस्तुत करें। भारतीय राजनीति के वर्तमान दौर में तीन बातें सबसे महत्वपूर्ण हैं पहला संस्थाओं पर विश्वास, दूसरा स्वस्थ राजनीतिक बहस और तीसरा आत्ममंथन की क्षमता। यदि सत्ता और विपक्ष दोनों इन सिद्धांतों का पालन करें तो लोकतंत्र और मजबूत होगा।

# केरल में भाजपाः वैचारिक संघर्ष से जनाधार तक—विस्तार की रणनीति, चुनौतियाँ और संभावनाओं का व्यापक विश्लेषण

आचार्य अशोक चौधरी प्रियदर्शी
कटिहार, बिहार

भारतीय राजनीति के विस्तृत परिदृश्य में केरल एक ऐसा राज्य है, जहाँ राजनीतिक चेतना, वैचारिक गहराई और सामाजिक जागरूकता का स्तर अत्यंत ऊँचा माना जाता है। यह वह भूमि है जहाँ मतदाता केवल नारों और भावनात्मक अपीलों से प्रभावित नहीं होता, बल्कि विचार, नीति, कार्य और परिणाम के आधार पर अपने निर्णय को निर्मित करता है। ऐसे राज्य में किसी भी राजनीतिक दल के लिए विस्तार करना सामान्य चुनावी प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक वैचारिक, संगठनात्मक और सामाजिक यात्रा होती है। यही कारण है कि भारतीय जनता पार्टी के लिए केरल में विस्तार का प्रश्न केवल सीटें जीतने का नहीं, बल्कि एक मजबूत वैकल्पिक राजनीतिक पहचान स्थापित करने का विषय है। केरल की राजनीति लंबे समय से दो प्रमुख ध्रुवों के बीच घूमती रही है—वामपंथी दल और कांग्रेस नेतृत्व वाला गठबंधन। इन दोनों के बीच सत्ता का अदला-बदली होना यहाँ की राजनीति का स्थायी स्वरूप बन चुका है। इस संरचना में भाजपा का प्रवेश और विस्तार एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में भाजपा ने जिस प्रकार अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है, उसने यह संकेत अवश्य दिया है कि वह केवल दर्शक नहीं, बल्कि एक संभावित निर्णायक शक्ति बनने की दिशा में प्रयासरत है। सबसे पहले केरल की सामाजिक संरचना को समझना आवश्यक है। यह राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के मानकों पर देश में अग्रणी रहा है। यहाँ का मतदाता राजनीतिक रूप से जागरूक है और वह अपने अधिकारों तथा कर्तव्यों के प्रति सजग रहता है। यही कारण है कि यहाँ की राजनीति में वैचारिक बहस का स्तर भी अपेक्षाकृत ऊँचा होता है। ऐसे में भाजपा के लिए केवल पारंपरिक चुनावी रणनीतियाँ पर्याप्त नहीं हैं। उसे विचारधारा, नीति और कार्य—इन तीनों स्तरों पर स्वयं को स्थापित करना होगा। भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती है—वामपंथी विचारधारा की गहरी जड़ें। केरल में वामपंथ केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक सामाजिक और बौद्धिक परंपरा के रूप में स्थापित है। श्रमिक आंदोलनों, किसान संगठनों और सामाजिक न्याय के मुद्दों के माध्यम से वामपंथ ने यहाँ एक मजबूत आधार तैयार किया है। इसके साथ ही कांग्रेस का भी एक स्थायी जनाधार है, जो ऐतिहासिक, सामाजिक और राजनीतिक कारणों से बना हुआ है। ऐसे में भाजपा को स्वयं को केवल एक विकल्प के रूप में नहीं, बल्कि एक विश्वसनीय और व्यवहारिक विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना होगा। इसके लिए भाजपा को सबसे पहले संगठनात्मक सुदृढ़ता पर ध्यान देना होगा। किसी भी राजनीतिक दल की सफलता का आधार उसका संगठन होता है। केरल में भाजपा को बूथ स्तर तक अपने संगठन को मजबूत करना होगा। प्रत्येक बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ता, नियमित जनसंवाद, स्थानीय समस्याओं पर त्वरित प्रतिक्रिया और निरंतर जनसंपर्क—ये सभी तत्व संगठन को मजबूत बनाते हैं। इसके साथ ही स्थानीय नेतृत्व का




विकास अत्यंत आवश्यक है। केरल जैसे राज्य में बाहरी चेहरों की अपेक्षा स्थानीय नेतृत्व को अधिक स्वीकार्यता मिलती है। भाजपा को ऐसे नेताओं को आगे लाना होगा, जो स्थानीय समाज, संस्कृति और समस्याओं को समझते हों और जिनकी जमीनी पकड़ मजबूत हो। यह नेतृत्व ही पार्टी के विस्तार का आधार बनेगा। सामाजिक समरसता भी केरल की राजनीति का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यहाँ विभिन्न धार्मिक और सामाजिक समुदायों का प्रभाव है—हिंदू, मुस्लिम और ईसाई समुदाय सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। भाजपा के लिए यह आवश्यक है कि वह इन सभी वर्गों के साथ संवाद स्थापित करे और यह विश्वास दिलाए कि वह किसी एक वर्ग की नहीं, बल्कि सभी के विकास और सम्मान की पक्षधर है। इसके लिए एक समावेशी दृष्टिकोण अपनाना होगा। भाजपा को यह दिखाना होगा कि उसकी नीतियाँ केवल एक समुदाय के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए हैं। यह कार्य केवल भाषणों से नहीं, बल्कि व्यवहार और कार्यों के माध्यम से ही संभव है। विकास और सुशासन के मुद्दे भी भाजपा के लिए केरल में अवसर प्रदान करते हैं। केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं—जैसे आधारभूत संरचना, डिजिटल विकास, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा—को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना एक महत्वपूर्ण रणनीति हो सकती है। इसके साथ ही राज्य के स्थानीय मुद्दों—जैसे रोजगार, पर्यटन, पर्यावरण, स्वास्थ्य सेवाएँ और शिक्षा—पर स्पष्ट और व्यावहारिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करना भी आवश्यक है। केरल में युवा वर्ग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह वर्ग शिक्षित, जागरूक और वैश्विक दृष्टिकोण रखने वाला है। यदि भाजपा इस वर्ग के साथ संवाद स्थापित कर सके और उन्हें अपने साथ जोड़ सके, तो यह उसके लिए एक मजबूत आधार बन सकता है। इसके लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म, बौद्धिक संवाद, नीति-आधारित कार्यक्रम और रोजगार के अवसरों पर स्पष्ट दृष्टिकोण आवश्यक है। श्रमिक वर्ग भी केरल की राजनीति में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यहाँ श्रमिक संगठनों की मजबूत उपस्थिति है। भाजपा को इस वर्ग के बीच अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए श्रमिक हितों, अधिकारों और सम्मान के मुद्दों पर सक्रियता दिखानी होगी। भारतीय मजदूर संघ जैसे संगठनों के अनुभव का उपयोग इस दिशा में किया जा सकता है। राजनीतिक रणनीति के स्तर पर भाजपा को संयम और संतुलन बनाए रखना होगा। केरल जैसे राज्य में आक्रामक और टकरावपूर्ण राजनीति की अपेक्षा संवाद और तर्क आधारित राजनीति अधिक प्रभावी होती है। यहाँ के मतदाता संतुलित और विचारशील दृष्टिकोण को महत्व देते हैं। इसलिए भाजपा को अपनी भाषा और व्यवहार में संयम बनाए रखना होगा। इसके साथ ही वैचारिक स्पष्टता भी अत्यंत आवश्यक है। भाजपा को यह स्पष्ट करना होगा कि उसकी नीतियाँ और विचार केरल के विकास में कैसे योगदान दे सकते हैं। केवल विरोध या आलोचना से आगे बढ़कर सकारात्मक एजेंडा प्रस्तुत करना ही दीर्घकालिक सफलता का मार्ग है। मीडिया और संचार की भूमिका भी यहाँ महत्वपूर्ण हो जाती है। भाजपा को अपनी बात को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए आधुनिक संचार माध्यमों का उपयोग करना होगा। सोशल मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म और स्थानीय मीडिया के माध्यम से अपने संदेश को सही तरीके से पहुँचाना आवश्यक है। इसके अलावा सांस्कृतिक जुड़ाव भी एक महत्वपूर्ण तत्व है। केरल की अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान है। भाजपा को इस संस्कृति का सम्मान करते हुए अपने कार्यक्रमों और नीतियों को प्रस्तुत करना होगा। स्थानीय परंपराओं, भाषा और सामाजिक मूल्यों के साथ तालमेल बिठाना ही स्वीकार्यता का मार्ग है। चुनौतियों की बात करें तो भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती है—स्थापित राजनीतिक ढाँचा। वामपंथ और कांग्रेस के बीच वर्षों से बना संतुलन तोड़ना आसान नहीं है। इसके लिए दीर्घकालिक रणनीति, धैर्य और निरंतर प्रयास आवश्यक है। इसके साथ ही वैचारिक विरोध भी एक चुनौती है। भाजपा की विचारधारा को लेकर केरल में कई प्रकार की धारणाएँ बनी हुई हैं। इन धारणाओं को बदलने के लिए संवाद, विश्वास और व्यवहारिक कार्यों की आवश्यकता होगी। लेकिन इन चुनौतियों के बीच संभावनाएँ भी कम नहीं हैं। केरल का युवा वर्ग नए विकल्पों के प्रति खुला है। विकास और रोजगार के मुद्दे यहाँ भी महत्वपूर्ण हैं। यदि भाजपा इन मुद्दों पर ठोस और प्रभावी दृष्टिकोण प्रस्तुत कर सके, तो वह अपने लिए एक नया आधार तैयार कर सकती है। निष्कर्षतः, केरल में भाजपा का विस्तार एक दीर्घकालिक प्रक्रिया है, जो केवल चुनावी रणनीति से नहीं, बल्कि वैचारिक स्पष्टता, संगठनात्मक सुदृढ़ता और सामाजिक संवाद के माध्यम से ही संभव है। यह एक ऐसा मार्ग है, जिसमें संघर्ष भी है, चुनौती भी है और अवसर भी। केरल में सफलता का अर्थ केवल सीटें जीतना नहीं, बल्कि एक वैकल्पिक राजनीतिक संस्कृति का निर्माण करना है। यह कार्य समय, धैर्य और निरंतर प्रयास की मांग करता है। और अंततः यही कहा जा सकता है— केरल में भाजपा का भविष्य केवल रणनीति पर नहीं, बल्कि विश्वास, संवाद और निरंतर प्रयास पर निर्भर करेगा।




**मेष राशि-** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है। आज आपको बेकार में तनाव लेने की जरूरत नहीं है। जिंदगी का एक बड़ा सबक इस बात को मान लेना है, कि बहुत सी चीजों को बदलना नामुमकिन है।

**वृष राशि-** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज का दिन तरक्की के नए नये मार्ग खोलेगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस बनाए रखें, जल्द ही आपको परीक्षा में सफलता हासिल होगी। प्राइवेट जॉब में कार्यरत लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं, जहां आप तोल मोलकर बोले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**मिथुन राशि-** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप खुद को बदली हुई भूमिका में महसूस करेंगे। पैसों का उपयोग सही तरीके से करेंगे और जीवन में संतुलन बनाए रखेंगे और कुछ पुरानी परिस्थितियों में बदलाव होने में समय लगेगा। आज किसी काम को सही तरीके से पूरा करने की कोशिश करें। आपको अपने पद और आय को एक समान या बढ़ाने के अवसर प्राप्त होंगे।

**कर्क राशि-** आज आपका मन राजनीतिक और सामाजिक कार्यो की तरफ अधिक रहेगा। राजनितिक मामले में आज सुखद यात्रा के योग बन रहे हैं। रोजमर्रा के काम समय से पूरे होगें उनसे फायदा भी मिल सकता है। आपका नए वाहन का खरीदने का सपना आज पूरा होगा। आज आप किसी से अपने मन की बातें को शेयर करेंगे और वह आपकी बातों की अहमियत देगा।

**सिंह राशि-** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे। काफी समय से चल रही बीमारी से आपको छुटकारा मिल सकता है। आज किसी भी व्यक्ति के लिए अपने मन में प्रतिशोध की भावना न रखें। जैसी आपकी सोच रहेगी, वैसे ही अनुभव मिलेंगे।

**कन्या राशि-**आज का दिन जीवन में एक नई ऊर्जा लेकर आएगा। आज आप अपना ध्यान किसी रचनात्मक कार्य में लगायेंगे जिससे आपका अनुभव और अधिक बढ़ेगा। परिवार के कुछ लोग आपके काम में बाधा डालने की कोशिश कर सकते हैं। आपको अपना स्वभाव सुधारना होगा। किसी को उधार देने से पहले सोच-विचार करें। आज दूसरों के विचारों का असर आप के निर्णय पर न हो, इस बात का ध्यान रखें।

**तुला राशि-** कार्यक्षेत्र में आज आपको काफी हद तक सफलता हासिल होगी। पारिवारिक मामलों में आज आपको ठंडे दिमाग से सोचने की जरूरत है , महत्वपूर्ण परिणाम आपके पक्ष में रहेंगे। आज भाई अपने काम में आपसे मदद मांगेंगे। आपके सामाजिक योगदान संबंधी कार्यों के लिए आपको सम्मानित किया जाएगा। मेडिकल की पढ़ाई कर रहें छात्रो को सीनियर्स का सहयोग मिलेगा। घर के जरूरी दस्तावेजों का खास ख्याल रखें। स्वास्थ्य समस्याओं के कारण तनाव हो सकता है लेकिन जल्द ही सब ठीक होगा।

**वृश्चिक राशि-**आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी भी योजनाएं बनाएंगे जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। पारिवारिक समस्याओं को सॉल्व करने में बड़े-बुजुर्गों का सहयोग प्राप्त होगा। कॉस्मेटिक का व्यापार कर रहे लोगो को आज बढ़िया मुनाफा होगा। पिता से आज आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा।

**धनु राशि-** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगे। आज आप सभी जरूरी काम आसानी से पूरा कर लेंगे। पिता ने व्यापार में जो जिम्मेदारियां दी हुई हैं उसे भी आप पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। इस राशि के जो लोग फर्नीचर का व्यापार कर रहे है, उन्हें उम्मीद से ज्यादा फायदा होगा। परिवार में सभी आपके व्यवहार से खुश रहेंगे।

**मकर राशि-** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज आप किसी लंबी यात्रा पर जा सकते हैं जहां आपको अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए नए अवसर प्राप्त होंगे साथी बड़ी डील फाइनल हो सकती है जिससे आपकी आर्थिक समस्याएं समाप्त हो जाएंगी। इस राशि के जो जिम ट्रेनर है उनको आज अच्छे ग्राहक मिलेगे।

**कुंभ राशि-**आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिये आपको ओवर टाइम करना पड़ेगा। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही नहीं करेंगे तो नुकसान से बच जाएंगे। टूर-ट्रैवल्स और मीडिया संबंधी बिजनेस में नया मोड़ आ सकता है। आज आपको किसी करीबी से ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा।

**मीन राशि-** आज किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते हैं वह आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगे। लवमेटस आज साथ में अधिक समय बितायेंगे और साथ ही डिनर प्लान कर सकते हैं। आज आपका रुका हुआ पैसा आपको वापस मिलेगा। आज आपके कार्यों की प्रशंसा दूर-दूर तक लोगों में इत्र की तरह महकेगी। आप सफलता की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ जाएंगे। छात्र किसी खास मामले धैर्य और और शांति से विचार करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएवी मुनीडीह में पंच दिवसीय वैदिक चेतना शिविर का समापन

**मुनीडीह।** डीएवी पब्लिक स्कूल मुनीडीह में आयोजित पंच दिवसीय वैदिक चेतना शिविर का समापन शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समापन दिवस पर विद्यालय परिसर में उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत संगीत शिक्षक के नेतृत्व में छात्राओं टीनू, मुक्ता, अंकिता एवं मुस्कान द्वारा प्रस्तुत कर्णप्रिय भजन से हुई। इसके पश्चात वरिष्ठ शिक्षक एच.के. शास्त्री के निर्देशन में हवन संपन्न कराया गया, जिसमें कक्षा पहली से सातवीं तक के विद्यार्थियों के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। हवन के उपरांत शिक्षिकाएं पूर्णिमा कुमारी, टुम्पा मंडल एवं मोमिता विश्वास के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने वैदिक ज्ञान पर आधारित आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं, शिक्षिका कुसुम सिंह, नूतन एवं बी.डी. साव ने बच्चों के मानसिक विकास से जुड़े प्रेरक प्रसंग साझा किए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा ध्यान एवं योग पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की गई, साथ ही छात्र सिद्धार्थ कुमार ने सभी को योग और ध्यान का अभ्यास भी कराया। इसके बाद आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया, जिसमें छात्रा अंकिता मंडल को विशेष प्रतिभा के लिए विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। समापन अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या इंदु प्रसाद ने कहा कि वैदिक ज्ञान व्यक्ति को मानसिक शांति, अनुशासन और संतुलन प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यज्ञ और योग के माध्यम से विचारों की शुद्धि और शारीरिक-मानसिक सुदृढ़ता संभव है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### पदमा प्रखंड में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई रामनवमी पूजा

» दसवीं के दिन पदमा बाजार रामनवमी पूजा समिति द्वारा आयोजित आर्केस्ट्रा का शुभारंभ फीता काटकर विधायक मनोज कुमार यादव ने किया



**पदमा।** प्रखंड में पदमा, सरैया,चंपा दिह, सूरज पुरा, करार, नवादिह कुट्टी पीसी सहित अन्य गांव में रामनवमी पूजा समिति द्वारा आयोजित नवमी की झांकी एवं दसवीं मेले का आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। दसवीं के दिन कई जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया गया। पदमा बाजार स्थित रामनवमी पूजा समिति द्वारा दसवीं के रात्रि में आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मनोज कुमार यादव ने किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुरुषोत्तम श्री राम के जीवन से सीख लेते हुए हिंदू धर्म प्रेमियों को जीवन में आगे बढ़ाने की बात कही। इस अवसर पर पदमा मुखिया अनिल मेहता, उप मुखिया अजय कुमार मेहता, सांसद प्रतिनिधि अजय मेहता, विधायक प्रतिनिधि नारायण यादव, पूर्व मुखिया मंजू देवी, जितेंद्र प्रसाद मेहता, प्रकाश ओझा, आवाध यादव,अशोक यादव, पूजा समिति के अध्यक्ष राजा यादव, बजरंगी यादव , धर्मेंद्र पांडे,भारत पांडे,पिंडार्कोंन पंचायत से सुबोध कुमार दास त्रिवेणी मेहता राजेश मेहता शिशुपाल राणा। सिकंदर राणा अशोक कुमार राणा बीरेंद्र कुमार मेहता पंचायत मुखिया सुनीता देवी सहित अन्य लोगों उपस्थित रहे।

### विष्णुगढ़ की मासूम बेटी को न्याय दिलाने हेतु कल हजारीबाग बंद, सांसद मनीष जायसवाल और भाजपा ने की सफल बनाने की अपील



**हजारीबाग।** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में 12 वर्षीय अबोध बालिका के साथ हुई दरिंदगी और फिर उसकी निर्मम हत्या की हृदयविदारक घटना ने पूरे झारखंड को झकझोर कर रख दिया है। इस वीभत्स और अमानवीय कृत्य के विरोध में तथा दोषियों पर अविलंब कठोरतम कार्रवाई की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू की घोषणा के अनुरूप सोमवार यानी 30 मार्च को हजारीबाग जिला पूर्णतः बंद रहेगा। इस गंभीर विषय पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने गहरी संवेदना और आक्रोश व्यक्त करते हुए हजारीबाग जिला वासियों से इस बंदी को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का आह्वान किया है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हमारी मासूम बेटी के साथ जो हुआ वह मानवता पर कलंक है और प्रशासन को नींद से जगाने के लिए हम सबको एकजुट होना होगा। उन्होंने जिले के तमाम व्यवसायियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से अपने-अपने प्रतिष्ठान स्वतः बंद रखकर इस विरोध प्रदर्शन में सहभागी बनने का विनम्र आग्रह किया है। हजारीबाग के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने भी इस बंदी के समर्थन में जनता से आगे आने की अपील की है। उन्होंने कहा कि महज बंदी का आह्वान नहीं, बल्कि उस अबोध बालिका को न्याय दिलाने और भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए हजारीबाग की सामूहिक आवाज है। भाजपा ने विश्वास जताया है कि हजारीबाग की जनता अपनी संवेदना प्रकट करते हुए इस बंदी को पूर्णतः सफल बनाएगी ताकि सोई हुई सरकार और प्रशासन पर दबाव बनाया जा सके।

### मशरूम उत्पादन क्षेत्र परिभ्रमण कार्यक्रम



**लोहरदगा।** किस्को और पेशरार प्रखण्ड से 50 से भी अधिक मशरूम उत्पादकों का परिभ्रमण उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी लोहरदगा के निर्देशन पर जिला योजना कार्यालय के सौजन्य से एपीपी एग्रीगेट खूंटी द्वारा आयोजित किया गया। एपीपी एग्रीगेट खूंटी के निदेशक, प्रभाकर कुमार ने बताया कि लोहरदगा के किस्को और पेशरार प्रखण्ड से 50 लाभुकों को खूंटी स्थित मशरूम बीज प्रसंस्करण केन्द्र, मशरूम उत्पादन फर्म और मशरूम उत्पाद से निर्मित मूल्यसंबर्धन वस्तुओं जैसे बडी, पापड, अचार, मिक्चर,बिस्कुट, लड्डु, पेड़ों आदि के प्रसंस्करण, उत्पादन क्षेत्र और मशरूम मार्ट का परिभ्रमण कराया गया, जिसे देख लाभुक न केवल प्रसन्न हुए बल्कि जागरूक भी हुए

## शिक्षकों का छलका जोश, खेल-प्रतियोगिताओं में दिखा उत्साह

नई सोच एक्सप्रेस



**हजारीबाग।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) हजारीबाग में शनिवार को जेसीईआरटी रांची के निदेशानुसार 'शिक्षक समागम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक सह प्राचार्य डायट आकाश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों ने खेल, सृजनात्मक और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस दौरान शिक्षकों का जोश देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम के अंतर्गत 100 मीटर रेस (पुरुष एवं महिला), 200 मीटर रेस (पुरुष एवं महिला), निबंध प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर रेस और गायन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य निर्णायकों की टीम तथा संकाय सदस्यों के साथ प्रतिभागियों द्वारा संयुक्त दीप प्रज्वलन से किया गया। 16 प्रखंडों से आए 12 प्रतिभागियों ने विभिन्न इवेंट्स में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों में जबरदस्त उत्साह और उमंग देखा गया। मौके पर प्राचार्य आकाश कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम निश्चित रूप से शिक्षकों का मनोबल बढ़ाते हैं। जब शिक्षक खुश और ऊर्जावान होंगे, तो उसका सकारात्मक प्रभाव विद्यालयों में भी दिखेगा। कार्यक्रम प्रभारी रंजीत कुमार वर्मा ने कहा कि शिक्षक समागम शिक्षकों की छुपी प्रतिभा को सामने लाने का सुनहरा अवसर है।

**पुरस्कार वितरणः**

विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल, मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र, मोमेंटो और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

**निर्णायक मंडलीः**

गायन में दीपक सिन्हा (निदेशक, सीएमडीडी), शंकर कुमार मिश्र (सेवानिवृत्त शिक्षक), निबंध में शंकर दुबे एवं जय प्रकाश वर्मा (राजकीय

» हजारीबाग डायट में हुआ 'शिक्षक समागम' का रंगारंग आयोजन

शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय), पेंटिंग में रंजन दास (स्वामी धर्मबंधु कॉलेज ऑफ एजुकेशन), संजय कुमार (+2 उच्च विद्यालय चरही), दौड़ में अश्विनी श्रीवास्तव (+2 उच्च विद्यालय बरही), प्रिया कुमारी (पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरौनी) के नाम शामिल हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में संकाय सदस्य महेंद्र कुमार गुप्ता, अरविंद कुमार, प्रीति बाला खलखो, अनिता कुमारी तथा कार्यालय स्टाफ अरविंद पाठक, मनीषा बक्शी, कल्याणी चौधरी और संजय कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

## पाम संडेः विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने दी बधाई, प्रभु यीशु के शांति व प्रेम के मार्ग पर चलने का किया आह्वान



नई सोच एक्सप्रेस

**महेशपुर(पाकुड़)।** ईसाई धर्म के पवित्र त्योहारों में से एक 'पाम संडे' (खजूर रविवार) के पावन अवसर पर महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने खरौनी चर्च से समस्त ईसाई समुदाय के लोगों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। इस विशेष दिन पर विधायक ने समाज में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

**शांति और भाईचारे का संदेश**

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रो. स्टीफन मरांडी ने कहा कि पाम संडे प्रभु यीशु मसीह के प्रेम और बलिदान की याद दिलाता है। उन्होंने कहा, "हमें प्रभु यीशु के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उनका जीवन शांति, करुणा और मानवता की सेवा का सबसे बड़ा उदाहरण है। आज के समय में समाज में प्रेम और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करना अत्यंत आवश्यक है।"

**पाम संडे का धार्मिक महत्व**

ईस्टर से ठीक एक सप्ताह पहले मनाए जाने वाले इस

» महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने ईसाई समुदाय को दीं शुभकामनाएँ

पवित्र दिन का विशेष ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व है। यह दिन यरूशलेम में प्रभु यीशु मसीह के विजयी प्रवेश का प्रतीक है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जब यीशु यरूशलेम पहुंचे थे, तब लोगों ने खजूर की डालियों के साथ उनका भव्य स्वागत किया था। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए ईसाई समुदाय के लोग आज भी खजूर की डालियों के साथ शोभायात्रा निकालते हैं और प्रार्थना सभाओं का आयोजन करते हैं।

**सुख-समृद्धि की कामना**

विधायक ने खरौनी चर्च में प्रार्थना करते हुए क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें विनम्रता और सत्य के मार्ग पर चलने की सीख देता है। मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे, जिन्होंने चर्च में विशेष प्रार्थना की और एक-दूसरे को खजूर रविवार की बधाई दी।

## 'जागरण' प्रशिक्षण का 8वां दिनः जिला अध्यक्ष कुमार सरकार ने मनरेगा मजदूरों के साथ किया श्रमदान

नई सोच एक्सप्रेस



**पाकुड़/चाईबासा।** झारखंड एवं उड़ीसा के जिला अध्यक्षों के लिए चाईबासा में आयोजित 10 दिवसीय विशेष आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम "जागरण" का आठवां दिन रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण के दौरान पाकुड़ कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री कुमार सरकार ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए न केवल जनसेवा के गुर सीखे, बल्कि श्रमदान कर सादगी और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल भी पेश की।

**जमीनी हकीकत समझने के लिए 50 किमी का सफर**

प्रशिक्षण के आठवें दिन का मुख्य आकर्षण व्यावहारिक अनुभव रहा। प्रतिभागियों को चाईबासा मुख्य शहर से लगभग 50 किलोमीटर दूर ग्रामीण क्षेत्र में ले जाया गया। यहाँ जिला अध्यक्षों ने मनरेगा मजदूरों के साथ सीधे संवाद किया और उनके कार्यों में हाथ बंटाया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विकास योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन को करीब से समझना और मजदूरों के समक्ष आने वाली चुनौतियों का अनुभव करना था।

**श्रमदान और सक्रिय भागीदारी**

पाकुड़ जिला अध्यक्ष कुमार सरकार ने अन्य प्रतिभागियों के साथ मिलकर कार्यस्थल पर श्रमदान किया। उन्होंने कहा, "सच्ची जनसेवा तभी संभव है जब हम समाज के अंतिम व्यक्ति के संघर्षों को खुद महसूस करें। मनरेगा मजदूरों के साथ कार्य करना एक प्रेरणादायक अनुभव रहा, जिससे सरकारी योजनाओं की बारीकियों को समझने में मदद मिली है।"

» चाईबासा में जारी 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में पाकुड़ कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने किया श्रमदान

**जनसेवा को और प्रभावी बनाने का लक्ष्य**

इस 10 दिवसीय "जागरण" कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन के पदाधिकारियों में प्रशासनिक समझ विकसित करना और उन्हें जनसेवा के लिए और अधिक सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के व्यावहारिक प्रशिक्षण से भविष्य में ग्रामीण विकास और जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में नई और प्रभावी कार्यशैली देखने को मिलेगी। कार्यक्रम में झारखंड और उड़ीसा के कई अन्य जिला अध्यक्षों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और जमीनी स्तर पर कार्य करने की इस अनूठी पहल की सराहना की।

## हजारीबाग युवक की मौत के बाद बड़ा बाजार में भारी आक्रोश, शव को सड़क पर रखकर परिजनों ने किया प्रदर्शन

नई सोच एक्सप्रेस



**हजारीबाग।** शहर के ऐतिहासिक रामनवमी जुलूस के दौरान हुई एक दुखद घटना के बाद रविवार को हजारीबाग के बड़ा बाजार स्थित सरदार चौक पर स्थिति तनावपूर्ण हो गई। मृतक युवक अभिषेक वर्मा (18 वर्ष) के परिजनों और स्थानीय लोगों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप्प हो गया। परिजनों का फूटा गुस्सा, न्याय की मांग। बताया जा रहा है कि बड़ा बाजार ग्वालटोली निवासी अभिषेक वर्मा की रामनवमी जुलूस के दौरान हथियार लगने से मौत हो गई थी। वह अपने घर का इकलौता चिराग था। उसकी असामयिक मृत्यु से परिजनों में गहरा शोक और प्रशासन के प्रति नाराजगी देखी गई। न्याय की मांग को लेकर परिजनों ने सरदार चौक के बीचों-बीच शव रखकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सुरक्षा और चिकित्सा व्यवस्था में कहीं न कहीं चूक हुई है। प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई जारी। जाम की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और पुलिस बल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों द्वारा आक्रोशित परिजनों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक कानूनी और राहत संबंधी कार्रवाई की जा रही है। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे। परिजनों द्वारा सड़क जाम, पुलिस और प्रशासन मौके पर मौजूद। जुलूस के दौरान हुई मौत के बाद न्याय और मुआवजे की मांग।

## बांग्लादेशी घुसपैठ मुद्दे पर कांग्रेस नेता का भाजपा पर हमला

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय शंकर नायक ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा इस गंभीर विषय को केवल चुनावी नारे तक सीमित रख रही है, जबकि जमीनी स्तर पर समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। नायक ने अपने बयान में कहा कि पूर्ववर्ती मनमोहन सिंह सरकार के कार्यकाल (2005-2013) में घुसपैठियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए हजारों लोगों को देश से बाहर किया गया। उन्होंने दावा किया कि उस दौरान गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार करीब 88 हजार से अधिक लोगों को डिपोर्ट किया गया था। वहीं, उन्होंने आरोप लगाया कि 2014 के बाद से मोदी सरकार के कार्यकाल में डिपोर्टेशन की संख्या में कमी आई है और घुसपैठ पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो सका है। उन्होंने सीमा सुरक्षा, कूटनीति और तकनीकी उपायों के क्रियान्वयन पर भी सवाल उठाए। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि घुसपैठ का मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है और इससे निपटने के लिए निष्पक्ष एवं कानूनी प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से इस दिशा में ठोस और पारदर्शी कदम उठाने की मांग की। इस बीच, भाजपा की ओर से इन आरोपों पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## हजारीबाग रामनवमी सेवा भाव की मिसाल बने सांसद प्रतिनिधि रंजन चौधरी

नई सोच एक्सप्रेस



**हजारीबाग।** हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी 2026 के दौरान जहां पूरा शहर भक्ति में लीन था, वहीं सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सेवा के मोर्चे पर डटे रहे। सांसद के निर्देश पर उनके 'हनुमान' कहे जाने वाले रंजन चौधरी ने नवमी की मूसलाधार बारिश से लेकर एकादशी की देर रात तक अस्पताल से सड़क तक घायलों की मदद की। जुलूस के दौरान पारंपरिक शस्त्र प्रदर्शन और अन्य कारणों से करीब 650 लोग चोटिल हुए, जबकि दुर्भाग्यवश चार लोगों की असामयिक मृत्यु हो गई। इस कठिन समय में रंजन चौधरी अपने समर्थकों के साथ शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज और आरोग्यम अस्पताल में लगातार सक्रिय रहे। उन्होंने न केवल घायलों को तत्काल उपचार दिलाने में मदद की, बल्कि मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया और गंभीर रूप से घायल मरीजों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कराने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की। सामान्य दिनों में भी मरीजों की सेवा के लिए समर्पित रहने वाले रंजन चौधरी इस बार रामनवमी रूट और विभिन्न मेडिकल कैंपों का जायजा लेते दिखे। भारी बारिश और भीड़ के बीच उनकी इस सक्रियता की हर तरफ सराहना हो रही है। उन्होंने यह सुनिश्चित करने की हरसंभव कोशिश की कि किसी भी रामभक्त या जरूरतमंद को इलाज में परेशानी न हो।

## हेमन्त सोरेन ने असम में भरी हुंकार, चाय बागान श्रमिकों और आदिवासियों के अधिकारों का उठाया मुद्दा

नई सोच एक्सप्रेस



**असम/डिब्रूगढ़/तिंगखोंग/सोनारी/रांची।** असम विधानसभा चुनाव प्रचार के दूसरे दिन झारखण्ड के मुख्यमंत्री सह झारखण्ड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय अध्यक्ष हेमन्त सोरेन ने डिब्रूगढ़ जिले के तिंगखोंग और सोनारी विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशी महावीर बासके एवं बलदेव तेली के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने चाय बागान श्रमिकों और आदिवासी समुदाय के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए बदलाव का आह्वान किया। अपने संबोधन में हेमन्त सोरेन ने कहा कि असम का चाय बागान समुदाय लगभग 200 वर्षों से राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहा है, लेकिन आज भी वह बुनियादी अधिकारों से वंचित है। उन्होंने मजदूरी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि असम में श्रमिकों को मात्र 250 रुपये प्रतिदिन मिलते हैं, जबकि अन्य राज्यों जैसे कर्नाटक में यह करीब 600 रुपये है। उन्होंने भूमि अधिकार, आवास, शिक्षा और मूलभूत सुविधाओं की कमी को भी गंभीर समस्या बताया। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि आदिवासी समाज का लंबे समय से केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने कहा कि अब समय परिवर्तन का है और आदिवासी समाज अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करेगा। "आदिवासी कमजोर नहीं हैं, वे सत्ता बनाना भी जानते हैं और जरूरत पड़ने पर सत्ता को बदलना भी जानते हैं," उन्होंने कहा। सोनारी में आयोजित सभा में हेमन्त सोरेन ने कहा कि विकास का मतलब केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि हर घर तक खुशहाली पहुंचनी चाहिए। उन्होंने झारखण्ड मॉडल का जिक्र करते हुए कहा कि यहां की तरह असम में भी युवाओं को अवसर, मेहनतकशों को सम्मान और स्थानीय-आदिवासी समाज को उनका हक मिलना चाहिए। उन्होंने चाय बागान और आदिवासी समुदाय से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की अपील की तथा आगामी चुनाव में झामुमो प्रत्याशियों को विजयी बनाने का आह्वान किया। इस दौरान झारखण्ड सरकार के कई मंत्री, पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक भी मौजूद रहे। जनसभाओं में बड़ी संख्या में चाय बागान श्रमिक, आदिवासी समुदाय के लोग और स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

## बलियापुर की घटना पर कांग्रेस का हमला, प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

नई सोच एक्सप्रेस

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने धनबाद जिले के बलियापुर स्थित भिखराजपुर में रामनवमी के दिन दो पक्षों के बीच हुई पत्थरबाजी और टकराव की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण, चिंताजनक और निंदनीय बताया है। उन्होंने कहा कि घटना से दो दिन पूर्व जिला प्रशासन द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित कर सभी समुदायों से शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की गई थी। इसके बावजूद इस तरह की घटना का होना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि बलियापुर प्रशासन स्थिति को संभालने में विफल रहा है और इस पर अविलंब कार्रवाई होनी चाहिए। केशव महतो कमलेश ने घटना के बाद पुलिस द्वारा कुछ लोगों को कमर में रस्सी बांधकर सार्वजनिक रूप से घुमाने की कार्रवाई की भी कड़ी निंदा की। उन्होंने इसे अमानवीय, कानून-विरुद्ध बताते हुए कहा कि यह सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने धनबाद उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक से मांग की कि बलियापुर में सर्वदलीय बैठक आयोजित कर शांति और सौहार्द बहाल किया जाए। साथ ही क्षेत्र में सामाजिक भाईचारा बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाने और निर्दोष लोगों पर कार्रवाई से बचते हुए केवल दोषियों के खिलाफ निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। अंत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा शांति, सद्भाव और न्याय के पक्ष में खड़ी रही है और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या कानून-विरोधी कदम का विरोध करती रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकुड़ में विहिप के स्थापना दिवस पर उमड़ा जनसैलाब, राम महोत्सव में गूंजे प्रभु श्रीराम के जयकारे

**श्रीराम के आदर्शों से ही सशक्त होगा समाजः चितरंजन**



**पाकुड़**। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में नगर के भगत पाड़ा स्थित मंदिर परिसर में 'राम जन्म महोत्सव' का भव्य आयोजन किया गया। इस गौरवशाली अवसर पर हिंदू समाज की एकजुटता और प्रभु श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन ने दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया।

**श्रीराम का जीवन समरसता का सबसे बड़ा संदेशः**श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन ने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन केवल एक गाथा नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए मर्यादा और सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में आने वाली पीढ़ी को भगवान राम के जीवन मूल्यों से अवगत कराना नितांत आवश्यक है। श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के बीच का अगाध प्रेम समाज में आपसी सौहार्द बढ़ाने की प्रेरणा देता है।

**शबरी के बेर और केवट का प्रेमः ऊंच-नीच के भेदभाव पर प्रहारः**समरसता के विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए चितरंजन ने कहा कि श्रीराम ने त्रेतायुग में ही जातिवाद और ऊंच-नीच के भेदभाव को समाप्त करने का संदेश दिया था।"शबरी के जूठे बेर ग्रहण करना, केवट को गले लगाना और भील राजा का सहयोग लेना यह दर्शाता है कि सनातन संस्कृति में हर वर्ग का सम्मान सर्वोपरि है। हमें इन्हीं पदचिह्नों पर चलकर एक अखंड और समरस समाज का निर्माण करना है।"

मंदिरों को बनाएं सामाजिक जागरूकता का केंद्र

**संगठन मंत्री ने समाज को एकजुट करने के लिए एक विशेष कार्ययोजना पर जोर दिया। उन्होंने आह्वान किया किः**

साधु-संतों और मंदिर के पुजारियों से निरंतर संपर्क बढ़ाया जाए।

प्रत्येक मंदिर में सप्ताह में कम से कम एक दिन सामूहिक भजन-कीर्तन का आयोजन अनिवार्य रूप से हो।

इन आयोजनों के माध्यम से समाज में धर्म के प्रति जागरूकता और एकता का भाव जागृत किया जाए।

**भजन-कीर्तन और महाप्रसाद का वितरणः**महोत्सव के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। स्थानीय कलाकारों और श्रद्धालुओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक भजनों पर भक्त झूमते नजर आए। कार्यक्रम के समापन के पश्चात उपस्थित जनसमूह के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।

**इनकी रही गरिमामयी उपस्थितिः**इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। मौके पर मुख्य रूप से अशोक वर्मा, अरविंद घोष, विजय जायसवाल, राजेश गोड़, विशाल भगत, प्रवीण कुमार, कैलाश भगत, तारकेश्वर भगत, प्रीतम भगत समेत सैकड़ों की संख्या में सनातन धर्मावलंबी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बेहतर प्रदर्शन करने वाले पारा शिक्षकों को डीएसई आकाश रंजन ने किया सम्मानित



**हजारीबाग**।शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सुधार और शिक्षकों के मनोबल को बढ़ाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIET), हजारीबाग में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित हजारीबाग जिला शिक्षा अधीक्षक (DSE) आकाश रंजन ने पारा शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। समारोह के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले और बच्चों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शिक्षकों को मंच पर आमंत्रित किया गया। डीएसई आकाश रंजन ने शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो प्रदान कर उनके समर्पण की सराहना की। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए डीएसई ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं। पारा शिक्षकों द्वारा जमीनी स्तर पर दी जा रही शिक्षा सराहनीय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस तरह के सम्मान से अन्य शिक्षकों में भी नई ऊर्जा का संचार होगा और वे जिले की शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने में अपना योगदान देंगे।वही मिली जानकारी के मुताबित झरपो मध्य विद्यालय पारा शिक्षक कोलेश्वर मिश्र को भी सम्मानित किया गया।

# उपायुक्त मनीष कुमार ने केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक में की शिरकत, मरीजों की सुविधा के लिए 'नाइट शिफ्ट' पर जोर

नई सोच एक्सप्रेस





**पाकुड़**।जिला समाहरणालय में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में पाकुड़ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की वार्षिक आम बैठक का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आपातकालीन स्थिति में आम नागरिकों को दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने जिले के दवा विक्रेताओं की भूमिका की सराहना करते हुए उन्हें बेहतर सेवा के लिए प्रेरित किया।

**आपात स्थिति के लिए शुरू होगी 'शिफ्ट' व्यवस्था**

बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त मनीष कुमार ने निर्देश दिया कि रात्रि के समय दवाओं की किल्लत दूर करने के लिए प्रत्येक प्रखंड में शिफ्ट आधारित व्यवस्था लागू की जाए। उन्होंने कहा किः

पाकुड़ प्रखंड में रात्रि सेवा का सफल संचालन शुरू हो चुका है।

अब जिले के अन्य सभी प्रखंडों में भी रोस्टर के अनुसार दवा दुकानों को रात में खुला रखने की योजना बनाई जा रही है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को देर रात किसी भी आपातकालीन स्थिति में भटकना नहीं पड़ेगा।

**नकली दवाओं पर 'जीरो टॉलरेंस'**

उपायुक्त ने केमिस्टों को नकली और प्रतिबंधित दवाइयों के खिलाफ सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि जिले में दवा नियंत्रण से जुड़े मुद्दों पर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने दवा विक्रेताओं से आग्रह किया कि वे केवल वैध स्रोतों से ही दवा खरीदें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

भंडारण और प्रबंधन को करें डिजिटल बैठक में दवा दुकानों के इन्वेंट्री और भंडारण प्रबंधन प्रणाली (Inventory Management System) को मजबूत करने पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने जोर दिया कि दुकानों में जरूरी दवाओं का स्टॉक हमेशा उपलब्ध रहना चाहिए ताकि मरीजों को खाली हाथ न लौटना पड़े। उन्होंने आधुनिक तकनीक अपनाने की सलाह दी ताकि दवाओं की एक्सपायरी और उपलब्धता पर नजर रखी जा सके।

**वरिष्ठ केमिस्ट हुए सम्मानित**

केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जिले में दशकों से अपनी सेवाएं दे रहे वरिष्ठ केमिस्ट सदस्यों को उपायुक्त के हाथों सम्मानित किया गया। उनकी कर्तव्यनिष्ठा को समाज के लिए प्रेरणा बताया गया।

"जिले के केमिस्ट स्वास्थ्य

» अब आधी रात को भी मिलेगी दवा, उपायुक्त ने दिए ब्लॉक स्तर पर रोस्टर बनाने के निर्देश


सेवाओं की रीढ़ हैं। प्रखंड स्तर पर रात्रि सेवा लागू होने से गरीब मरीजों को सबसे बड़ी राहत मिलेगी। हमारा उद्देश्य हर नागरिक तक समय पर दवा पहुँचाना है।"— मनीष कुमार, उपायुक्त, पाकुड़

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों सहित जिले भर से आए बड़ी संख्या में दवा विक्रेता मौजूद रहे। बैठक में दवा नियंत्रण विभाग के अधिकारी और प्रशासनिक अमले ने भी हिस्सा लिया, जहाँ केमिस्टों ने अपनी समस्याओं को भी उपायुक्त के समक्ष रखा, जिस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया गया।

## नम आंखों से दी गई मां को विदाई का हुआ विसर्जन, प्रशासनिक व्यवस्था रही चाक-चौबंद

नई सोच एक्सप्रेस



**कटकमसाडी**।कटकमसाडी प्रखंड क्षेत्र में चैत्र दुर्गा पूजा पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। भक्तों ने माता रानी की आराधना की और पूजा पंडालों में भारी भीड़ उमड़ी।विभिन्न पंचायतों में पूजा व सांस्कृतिक कार्यक्रम,कटकमसाडी, डांटो, शाहपुर, ठौठवा, आराभुसाई, रेबर, डांड, बहिमर, कंडसार, असधीर, पबरा, कंचनपुर, हेदलाग गोविंदपुर, गदोखर, छडवा, खुटरा, पेलावल, उत्तरी शिवपुरी सहित प्रखंड के दर्जनों गांवों में दुर्गा पूजा और राम जी जन्मदिवस पर जागरण भव्य आयोजन किया गया, कटकमसाण्डी बासंती दुर्गा पूजा समिति के द्वारा दशमी के दिन मंदिर प्रांगण में गंगा तट के तौर पर भव्य महाआरती का आयोजन किया था, यह आरती बनारस से आए हुए विद्वान पंडितों के द्वारा किया गया साथ ही साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भक्ति जागरण, आर्केस्ट्रा, गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का खूब मनोरंजन किया। विसर्जन दशमी तिथि पर भक्तों ने नम आंखों और भक्ति भाव से मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। आसपास के तालाबों और डैमों में विसर्जन के दौरान भक्तिमय माहौल छाया रहा। महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक गीत गाकर मां को विदाई दी महिलाओं ने सिंदूर की होली खेली ,वहीं बच्चों की टोलियों में उल्लास देखने को मिला। कटकमसाडी प्रशासन ने रामनवमी पर अलर्ट रहा पूरे आयोजन को शांति और सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे,अंचल अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता,बीडीओ पूजा कुमारी,थाना प्रभारी शिवम् गुप्ता (कटकमसाडी),ओपी पेलावल थाना प्रभारी ,पूरे क्षेत्र का लगातार भ्रमण करते रहे। साथ ही, सभी पूजा पंडालों व अखाड़े में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति पर तुरंत नियंत्रण पाया जा सके।श्रद्धा और उल्लास का संगम बारिश के बीच भी श्रद्धालुओं का जोश कम नहीं हुआ। हर गांव और पंडाल में देवी मां के जयकारे गूंजते रहे। पूजा समितियों ने भक्तों की सुविधा के लिए जगह-जगह पर सत्तू शरबत, चना गुड चीनी शरबत, इत्यादि का प्रबंध किए थे।

## रेलवे स्टेशन महावीर मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव, गूंजेंगे बजरंगबली के जयकारे

नई सोच एक्सप्रेस





**पाकुड़**।चैत्र पूर्णिमा के पावन अवसर पर आगामी 2 अप्रैल, गुरुवार को पाकुड़ रेलवे स्टेशन परिसर स्थित संकट मोचन महावीर मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर प्रबंधन और स्थानीय भक्तों द्वारा विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

**शाम 6 बजे होगी विशेष महाआरती**

सामाजिक कार्यकर्ता हिसाबी राय ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि संध्या 6 बजे भगवान हनुमान की विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में हनुमान जन्मोत्सव का विशेष महत्व है। बजरंगबली शक्ति, अटूट भक्ति और निस्वार्थ सेवा के जीवंत प्रतीक हैं। इस अवसर पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहेगा।

**भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का आयोजन**

धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ संध्या प्रहर में मोनी व्यास एवं उनके सहयोगियों द्वारा भजन-कीर्तन की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के अंत में भक्तों के बीच भव्य भंडारे और प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

**'संकट मोचन' के रूप में विश्व कल्याण हेतु हुआ अवतार**

मंदिर के पुजारी पंडित भारतेन्दु त्रिवेदी ने धार्मिक मान्यताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हनुमान जी महादेव के 11वें अवतार माने जाते हैं। उन्होंने कहाः "भगवान बजरंगबली का अवतरण विश्व कल्याण के लिए हुआ था। जो भक्त

» पाकुड़ रेलवे स्टेशन परिसर स्थित संकट मोचन महावीर मंदिर में उमड़ेगी श्रद्धा की लहर

इस दिन विधि-विधान से पूजा और व्रत रखते हैं, उनके जीवन के समस्त संकट दूर हो जाते हैं, इसीलिए उन्हें 'संकट मोचन' कहा जाता है।"इस आयोजन को लेकर स्थानीय सनातन धर्मावलंबियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। स्टेशन परिसर स्थित यह मंदिर वर्षों से आस्था का केंद्र रहा है, जहाँ जन्मोत्सव के दिन भारी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है।

# हिरणपुर थाना परिसर में पुलिस की निगरानी में एलपीजी वितरणः न अवैध वसूली का डर, न कालाबाजारी की गुंजाइश

नई सोच एक्सप्रेस



**हिरणपुर (पाकुड़)**।जिले के हिरणपुर प्रखंड में एलपीजी गैस उपभोक्ताओं के लिए प्रशासन और गैस एजेंसियों के समन्वय से एक सराहनीय पहल की गई है। उपभोक्ताओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए अब हिरणपुर थाना परिसर में पुलिस की मौजूदगी में गैस सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है। इस नई व्यवस्था से न केवल वितरण प्रणाली में पारदर्शिता आई है, बल्कि उपभोक्ताओं को होने वाली अनावश्यक परेशानियों और अवैध वसूली की शिकायतों पर भी पूरी तरह लगाम लग गई है।

**पारदर्शी वितरण और 'जीरो' अतिरिक्त शुल्क**

थाना परिसर में सिलेंडर लेने पहुँचे उपभोक्ताओं ने इस व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले गैस के लिए लंबी कतारों और कभी-कभी बिचौलियों के हस्तक्षेप का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल गई है। उपभोक्ताओं ने स्पष्ट रूप से बताया कि गैस की कोई कमी नहीं है और बुकिंग के बाद गैस एजेंसी के कर्मचारी सीधे थाना परिसर पहुँच रहे हैं। सबसे

» सुरक्षा और पारदर्शिता के साथ गैस वितरण, उपभोक्ताओं को मिली बड़ी राहत

राहत की बात यह है कि किसी भी उपभोक्ता से एक भी पैसा अतिरिक्त या अवैध शुल्क के रूप में नहीं लिया जा रहा है।

**"गैस की कोई कमी नहीं, सभी को मिलेगा हक"**

वितरण कार्य में जुटे गैस एजेंसी के कर्मचारियों ने जनता को आश्वस्त किया है कि पाकुड़ जिले और खासकर हिरणपुर क्षेत्र में एलपीजी गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। कर्मचारियों ने कहा कि किसी भी उपभोक्ता को घबराने या अफवाहों पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने अपील की है कि सभी उपभोक्ता अपना उचित पंजीकरण (Registration) कराएं और समय पर बुकिंग करें, ताकि बिना किसी बाधा के उन्हें सिलेंडर उपलब्ध कराया जा सके।

**सुरक्षा और अनुशासन का अनूठा उदाहरण**

थाना परिसर में वितरण होने के कारण अनुशासन का नजारा देखने को मिल रहा है। पुलिस बल की मौजूदगी से किसी भी प्रकार की अफरा-तफरी की संभावना समाप्त हो गई है।

"थाना परिसर में वितरण होने से हम सुरक्षित महसूस करते हैं। यहाँ न कोई लाइन तोड़ सकता है और न ही कोई अधिक पैसे मांग सकता है। यह एक पारदर्शी और बेहतरीन प्रक्रिया है।"— स्थानीय महिला उपभोक्ता

**प्रशासन की चौकसी से बिचौलिए पस्त**

इस पहल से उन तत्वों को बड़ा झटका लगा है जो गैस की कृत्रिम कमी दिखाकर कालाबाजारी करने की ताक में रहते थे। पुलिस की सीधी निगरानी ने बिचौलियों के नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है। गैस एजेंसी ने दोहराया कि उनका लक्ष्य हर घर तक समय पर रसोई गैस पहुँचाना है और इस कार्य में प्रशासनिक सहयोग मील का पत्थर साबित हो रहा है।

## हाथकाठी मंडल टोला में सड़क पर बह रहा शौचालय का गंदा पानी, जर्जर मार्ग से राहगीरों में भारी रोष

नई सोच एक्सप्रेस



**हिरणपुर (पाकुड़)**। विकास की बड़ी-बड़ी बातों के बीच हिरणपुर-पाकुड़ मुख्य मार्ग स्थित हाथकाठी मंडल टोला बदहाली का शिकार है। यहाँ की मुख्य सड़क अब सड़क कम और गंदा नाला ज्यादा नजर आती है। समस्या प्राकृतिक नहीं, बल्कि मानव जनित है। मोहल्ले के कुछ घरों द्वारा अपने बाथरूम और शौचालय का दूषित पानी सीधे मुख्य सड़क पर बहाए जाने के कारण यह महत्वपूर्ण मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों का जीना मुहाल हो गया है।

**सड़क बनी 'टापू', गहरा रहे हैं जानलेवा गड्ढे**

मुख्य मार्ग पर लगातार गंदा पानी गिरने की वजह से सड़क की ऊपरी परत उखड़ गई है। स्थिति यह है कि सड़क के बीचों-बीच कई फीट गहरे गड्ढे बन गए हैं। इन गड्ढों में शौचालय का बदबूदार पानी जमा रहने के कारण पूरे इलाके में संक्रमण फैलने का खतरा मंडरा रहा है। राहगीरों को अपनी नाक बंद कर इस मार्ग से गुजरना पड़ता है, वहीं स्थानीय निवासियों के लिए बदबू के बीच खाना-पीना और सोना भी मुश्किल हो गया है।

**स्कूली बच्चे और बुजुर्ग सबसे अधिक प्रभावित**

इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों स्कूली बच्चे और बुजुर्ग गुजरते हैं। गंदे पानी और फिसलन के कारण आए दिन साइकिल सवार और पैदल चलने वाले बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हल्की बारिश होने पर तो स्थिति नारकीय हो जाती है। कीचड़ और दूषित पानी के कारण यह इलाका अब दुर्घटना संभावित क्षेत्र (Accident Zone) बनता जा रहा है।

"प्रशासन सड़क बनवाता है और कुछ लोग अपनी लापरवाही से उसे तोड़ देते हैं। जब तक गंदगी बहाने वाले घरों पर कानूनी कार्रवाई नहीं होगी, यह समस्या कभी खत्म नहीं होगी।"

**— एक आक्रोशित ग्रामीण**

सरकारी धन की बर्बादी और प्रशासन की चुप्पी

स्थानीय ग्रामीणों ने रोष प्रकट करते हुए बताया कि विभाग द्वारा समय-समय पर इस सड़क की मरम्मत कराई जाती है, जिसमें लाखों रुपये का सरकारी धन खर्च होता है। लेकिन सड़क बनते ही कुछ लोग

» चंद घरों की लापरवाही, हजारों राहगीर परेशान

फिर से अपना गंदा पानी बहाना शुरू कर देते हैं, जिससे चंद महीनों में ही सड़क फिर से गड्ढों में तब्दील हो जाती है। ग्रामीणों ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है।

ग्रामीणों की मांगः हो कड़ी कानूनी कार्रवाई

मोहल्लेवासियों ने जिला प्रशासन और स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि से गुहार लगाई है किः

सड़क पर पानी बहाने वाले चिन्हित घरों पर भारी जुर्माना लगाया जाए।


जल निकासी के लिए अविलंब नाली का निर्माण कराया जाए।

सड़क की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराकर उसे अतिक्रमण मुक्त किया जाए।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकाला गया और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे सड़क जाम कर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## पाकुड़ में 'बुलेट बाबू' और स्टंटबाजों का आतंकः वीआईपी रोड से धुलियान मार्ग तक कानून को ठेंगा, बिना नंबर की बाइकों से दहशत

नई सोच एक्सप्रेस




**पाकुड़**।जिले की शांत सड़कें इन दिनों 'साइलेंसर' के धमाकों और जानलेवा स्टंटबाजी के शोर से दहल रही हैं। शहर के बीचों-बीच स्थित पार्क रोड, वीआईपी रोड और पाकुड़-धुलियान मुख्य मार्ग अब आम जनता के चलने के लिए नहीं, बल्कि रील बनाने वाले स्टंटबाजों के लिए 'अड्डा' बन चुके हैं। यातायात नियमों को ताक पर रखकर मौत से खिलवाड़ करने वाले इन युवाओं के कारण राहगीरों का सड़क पर निकलना दूभर हो गया है।

**रील की चाहत और गायब नंबर प्लेट**

सोशल मीडिया पर 'मशहूर' होने और चंद लाइक्स पाने की सनक युवाओं के सिर चढ़कर बोल रही है। ताज्जुब की बात यह है कि स्टंटबाजी में प्रयुक्त होने वाली अधिकांश बाइकों से नंबर प्लेट गायब है। यह न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी गंभीर खतरा है। बिना नंबर की इन गाड़ियों से किसी दुर्घटना या वारदात को अंजाम देकर ये युवक गलियों में ओझल हो जाते हैं, जिससे पुलिस के लिए इनकी पहचान करना मुश्किल हो जाता है।

**धमाकों से दहल रहे बुजुर्ग और बच्चे**

बुलेट और अन्य स्पोर्ट्स बाइकों में कंपनी के मानक के विरुद्ध मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर 'पटाखे' छोड़े जा रहे हैं। शहर के हृदय स्थल और वीआईपी रोड जैसे शांत इलाकों में अचानक होने वाले इन धमाकों से हृदय रोगी, बुजुर्ग और छोटे बच्चे बुरी तरह सहम जाते हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह केवल शौक नहीं, बल्कि ध्वनि प्रदूषण के माध्यम से फैलाई जा रही सरेआम गुंडागर्दी है।

"पाकुड़-धुलियान रोड पर शाम के समय पैदल चलना मौत को दावत देने जैसा है। बिना नंबर की बाइक पर तीन-तीन युवक सवार होकर हवा से बातें करते हैं और अचानक स्टंट करने लगते हैं। इन्हें रोकने वाला कोई नहीं है।"— स्थानीय दुकानदार

**वीआईपी रोड बना 'रेसिंग ट्रैक'**

नगर का सबसे पॉश इलाका माना जाने वाला वीआईपी रोड अब स्टंटबाजों की पहली पसंद बन गया है। यहाँ सुबह और शाम के समय

» रील के चक्कर में 'रियल' जान जोखिम में, पाकुड़ की सड़कों पर मौत का स्टंट

बाइकों को एक पहिए पर उठाना (वीली) और तेज रफ्तार में कट मारना आम बात हो गई है। पार्क के पास घूमने आने वाले परिवारों और बच्चों के लिए ये स्टंटबाज किसी बड़े खतरे से कम नहीं हैं। अपनी जान जोखिम में डालने के साथ-साथ ये मासूम राहगीरों की जान को भी दांव पर लगा रहे हैं।

**प्रशासन से सख्त कार्रवाई की उम्मीद**

आम जनता में इस बेलगाम स्टंटबाजी को लेकर भारी रोष है। बुद्धिजीवियों और जागरूक नागरिकों ने जिला प्रशासन एवं पुलिस अधीक्षक से मांग की है किः

शहर के प्रमुख मोड़ और वीआईपी रोड पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाए।

बिना नंबर प्लेट वाली बाइकों को तुरंत जब्त किया जाए।

मॉडिफाइड साइलेंसर बेचने और लगाने वाली दुकानों पर छापेमारी हो।

स्टंट करते पकड़े जाने पर केवल जुर्माना नहीं, बल्कि लाइसेंस रद्द करने जैसी कार्रवाई हो।

## संक्षिप्त समाचार

### भारथू की मानसी बनी बिहार टॉपर, विधायक ने किया सम्मान



**जहानाबाद।** घोषी प्रखंड स्थित भारथू गांव के महंथ केशवदास +2 उच्च विद्यालय की छात्रा मानसी कुमारी ने मैट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे बिहार में टॉप-10 में अपनी जगह बनायी है। मानसी ने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। मानसी की इस उपलब्धि से माता-पिता एवं पूरे परिवार में खुशी माहौल है। इस मौके पर घोषी विधायक ऋतुराज भी विद्यालय पहुंचे और मानसी को सम्मानित करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। विधायक ने आश्वासन देते हुए कहा कि भविष्य में पढ़ाई से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या या सहायता की जरूरत होने पर वे हमेशा मानसी के साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह पूरे जिले के लिए गर्व की बात है और मुख्यमंत्री का भी सपना है कि हर घर की बेटियां शिक्षित हों और आगे बढ़ें। वहीं, मानसी कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और परिवार को दिया। उन्होंने कहा कि उनके माता-पिता ने हर कदम पर उनका साथ दिया और पढ़ाई के लिए हमेशा प्रेरित किया। चाहे कोचिंग हो, घर पर पढ़ाई हो या स्वयं अध्ययन—हर परिस्थिति में परिवार ने उनका मनोबल बढ़ाया। मानसी ने बताया कि उन्हें शुरू से ही विश्वास था कि वह अच्छा प्रदर्शन कर सकती हैं, क्योंकि उनके पीछे माता-पिता का आशीर्वाद और सहयोग था। उनकी मेहनत और परिवार के समर्थन का ही परिणाम है कि उन्होंने बिहार में टॉप-10 में जगह बनायी है। मानसी की इस सफलता ने पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है और वह अन्य छात्र-छात्राओं के लिए एक प्रेरणा बनकर उभरी हैं।

### भोजपुरी क्वीन कल्पना पटवारी की सुरीली आवाज से भक्ति जागरण में भक्ति और भोजपुरी का संगम दिखा

- राजकीय चैती दुर्गा मेला में कल्पना पटवारी की भजनों को सुन दर्शकों ने खूब बजाई तालियां



**खगड़िया।** जिले के गोगरी अनुमंडल अंतर्गत मोहद्दीपुर ग्राम में राजकीय वैष्णवी चैती दुर्गा मेला में उपस्थित श्रद्धालुओं और मां दुर्गा के भक्तों को प्रसिद्ध भारतीय पार्श्वनाथ और लोक गायिका कल्पना पटवारी जिन्हें " भोजपुरी क्वीन" के रूप में भी जाना जाता है ने अपनी सुरीली आवाज में एक से बढ़ कर एक भोजपुरी भक्ति गीत व भजन सुनाकर श्रोताओं का मन मुग्ध कर दिया। सनद रहे, कल्पना पटवारी मूलरूप से असम राज्य की निवासी हैं। इन्होंने अपने करियर की शुरुआत वर्ष 2002 में असमिया फिल्म "कन्यादान" से शुरुआत की थी। राजकीय चैती दुर्गा मेला के रात्रि जागरण में भक्ति और भोजपुरी का संगम देखने को मिला। इनके भजनों को सुन दर्शकों ने खूब तालियां बजाई। तालियां बजाने में जिला पदाधिकारी नवीन कुमार भी किसी से पीछे नहीं रहे। सनद रहे, कल्पना पटवारी बिहार के विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से अपनी भावपूर्ण प्रस्तुति देती रही हैं। ज्ञात हो, राजकीय चैती दुर्गा मेला का विधिवत उद्घाटन बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने किया था। कुल मिलाकर जागरण का कार्यक्रम ऐतिहासिक बन गया, जैसा कि ग्रामीणों ने कहा।

### "जनहित का साहसी सुझाव – बिहार को नई सोच देने वाले राज्यपाल को सलाम



**फतुहा।** बिहार की धरती पर शायद पहली बार किसी राज्यपाल ने विकास को राष्ट्रीय सुरक्षा और आपदा प्रबंधन से जोड़ने का इतना दूरदर्शी सुझाव दिया है। बिहार के राज्यपाल Arif Mohammad Khan ने अधिकारियों से कहा कि ऐसी मजबूत और आधुनिक सड़कें बनें जिन पर आवश्यकता पड़ने पर हेलीकॉप्टर या विमान भी उतर सकें। भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने इस ऐतिहासिक सुझाव का स्वागत करते हुए कहा कि यह सोच केवल सड़क निर्माण नहीं, बल्कि आपदा के समय जीवन बचाने और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने की दूरदर्शी योजना है। उन्होंने कहा कि अगर बिहार की सड़कों को इस प्रकार विकसित किया जाता है तो आपातकाल में राहत सामग्री, चिकित्सा सहायता और सुरक्षा बलों की त्वरित पहुँच संभव होगी। डॉ पटेल ने कहा कि राज्यपाल का यह सुझाव प्रशासन को यह संदेश देता है कि विकास केवल कागजों पर नहीं, बल्कि भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखकर होना चाहिए। बिहार को अब ऐसी ही दूरदर्शी सोच और साहसिक निर्णयों की आवश्यकता है, जो राज्य को नई ऊँचाइयों तक ले जाए। उन्होंने राज्यपाल को बधाई देते हुए कहा कि जनहित और राष्ट्रहित को प्राथमिकता देने वाली है

### युवक ने फांसी लगाकर कि आत्महत्या

#### मृतक के दो पत्नी थी



**दानापुर।** लखनीबिगहा क्षेत्र में किराए के मकान में रहने वाले एक 30 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान दानापुर सगुना मोड़ खरंजा रोड का रहने वाला निरंजन मांझी के रूप में हुई है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। आसपास के लोगों ने बताया कि मृतक निरंजन मांझी दो शादियां की थी। कुछ दिन पहले ही वह अपनी पत्नी निशा देवी के साथ रंजन कुमार के मकान में किराएदार के तौर पर रहने आया था। शनिवार को वह घर में अकेला था। रविवार की सुबह उसका कमरा काफी देर तक बंद रहने के कारण मकान मालिक व पड़ोसियों को कुछ अनहोनी होने का आशंका होने पर उसका दरवाजा खटकाया पर कोई आवाज नहीं आया। खिड़की से लोगों ने देखा कि करकटनुमा घर के छत के रेलिंग में दुपट्टा डालकर आत्महत्या कर लिया। वहीं लोगों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी जो मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि उसके दो शादी करने के कारण आए दिन पारिवारिक झगड़ा होते रहता था।

# मगध तूफांस ने जीता स्कूल क्रिकेट लीग अंडर—12 का खिताब

## कासा पिकोला स्कूल क्रिकेट लीग अंडर—12 के फाइनल में आईआईटी पैंथर्स को हराया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** टर्निंग प्वायंट के तत्वावधान में खेली जा रही कासा पिकोला स्कूल क्रिकेट लीग अंडर—12 सीजन—1 का फाइनल मुकाबला मगध तूफांस ने 21 रन से अपने नाम किया। स्थानीय कृष्णा क्रिकेट ग्राउंड, खेमनीचक पर रविवार को इस टूर्नामेंट के फाइनल में आईआईटी पैंथर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मगध तूफांस की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। टीम के स्टार बल्लेबाज आदित्य राज ने बेहतरीन 59 रन की पारी खेली, जिसकी बदौलत टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 164 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। उनके अलावा अभिनव आर्या ने 26 और अनुराग यादव व आयुष्मान जैन ने 13-13 रन का योगदान दिया। टीम को अतिरिक्त 32 रन भी मिले, जिसने स्कोर को और मजबूती दी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईआईटी पैंथर्स की शुरुआत ठीक-ठाक रही, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से टीम दबाव में आ गई। हालांकि आयुष कुमार ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 81 रन की दमदार पारी खेली और अंत तक टीम को जीत दिलाने की कोशिश करते रहे, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें पर्याप्त सहयोग नहीं मिल सका। परिणामस्वरूप पूरी टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 143 रन ही बना सकी और खिताब से चूक गई। गेंदबाजी में मगध तूफांस के आयुष्मान जैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट झटके, जबकि रुद्र नारायण और अन्य गेंदबाजों ने भी अहम योगदान दिया। मैच के टर्निंग प्वाइंट के रूप में पैंथर्स के मध्यक्रम का जल्दी आउट होना रहा, जिससे टीम उबर नहीं सकी। मैच के बाद आयोजित संक्षिप्त समारोह में विजेता टीम के आदित्य राज को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। यह सम्मान रूबन हॉस्पिटल के दीपू जी और जीएसटी उपायुक्त शशि शेखर सिंह द्वारा प्रदान किया गया। इस मौके पर हैलो सिटी फिजियोथेरेपी एंड रिहेब सेंटर के डॉ. बब्लू कुमार, चंदन कुमार और अभिमन्यु कुमार ने खिलाड़ियों को फिजियोथेरेपी व रिहेब की सुविधा देने की घोषणा की, जो युवा खिलाड़ियों के लिए एक सराहनीय पहल है। आयोजन सचिव नवीन कुमार ने जानकारी दी कि विजेता और उपविजेता टीमों के लिए अलग से भव्य पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। साथ ही सोमवार से अंडर—15 वर्ग के मुकाबलों की शुरुआत होगी, जिससे क्रिकेट प्रेमियों को और भी रोमांचक मैच देखने को मिलेंगे।

**संक्षिप्त स्कोर**

**मगध तूफांसः** 20 ओवर में 5 विकेट पर 164 रन, अनुराग यादव 13, आयुष्मान जैन 13, आदित्य राज 59, अभिनव आर्या 26, अभिषेक 14, अतिरिक्त 32, आदित्य राज 1/27, शुभम आर्या 1/33, शशांक शेखर 1/15, साहिल राय 1/15, आरव कुमार चंद्रा 1/27.

**आईआईटी पैंथर्सः** 20 ओवर में 8 विकेट पर 143 रन, आरव कुमार चंद्रा 16, आयुष कुमार 81, शुभम आर्या 11, अतिरिक्त 20, आयुष्मान जैन 3/22, रुद्र नारायण 1/25, 1/17, आयुष कुमार 1/23, आनंद कुमार 1/23.

## जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रेम यूथ फाउंडेशन की टीम विजयी

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** भारत सरकार , युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय , मेरा युवा भारत पटना के तत्वावधान में पटना कॉलेज पटना के खेल मैदान में जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ प्रो अनिल कुमार एवं राज्य निदेशक सूर्यकांत कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया ।डॉ अनिल कुमार ने कहा कि खेल से टीम भावना पैदा होता है साथ ही शरीर की फुर्ती और मजबूती बनी रहती है । वही मेरा युवा भारत के राज्य निदेशक सूर्यकांत कुमार ने कहा कि भारत सरकार खिलाड़ियो को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह का आयोजन लगातार कर रही है । गाँव के युवा मंडल से निकलकर प्रखंड, जिला तक पहुचने का अवसर प्रदान किया जाता है । वही बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पटना के महासचिव प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार सरकार के मेडल लाओ नौकरी पाओ अभियान से खिलाड़ियों का हौसला काफी बढ़ा है । बिहार प्रतिभा की धनी प्रदेश है जरूरत है कि खिलाड़ियों को उचित अवसर प्राप्त है । हर पंचायत में खेल क्लब का गठन किया जा रहा है जहाँ खिलाड़ीयो को प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा । महिला कबड्डी में प्रेम यूथ फाउंडेशन फतुहा के टीम बिहटा कबड्डी क्लब को हराकर ट्रॉफिक पर कब्जा जमा लिया । टीम में दिव्या रंजन, तन्नू मिश्रा, ऋतु रानी, खुशी गुप्ता, कालिका कुमारी,रूपा कुमारी, अन्नू कुमारी, मुश्कान कुमारी शामिल है । टीम के मैनेजर अंजू कुमारी । खेल मैदान में काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे । मौके कॉलेज के काउंसलर अहतेश्याम राजा, एकलव्य कुमार, राजीव प्रियदर्शी, विकाश कुमार, अमूल्य शर्मा, नेहा कुमारी, रजनी कुमारी, केदार सिंह, अलका कुमारी , सन्नी कुमार मौजूद रहे ।

# बिहार ओपन फिडे रेटिंग शतरंज का हुआ भव्य समापन

नई सोच एक्सप्रेस

- इंद्रजीत महिंद्रकर बने विजेता
- ग्रैंडमास्टर पीटर क्रियाकोव को उपविजेता का खिताब
- विद्यालयों के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनेगा शतरंज- सुनील कुमार शिक्षा मंत्री
- ओलिंपिक में बिहार की सहभागिता ज्यादा से ज्यादा हो- श्रेयसी सिंह खेल मंत्री

**पटना।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, खेल विभाग , बिहार सरकार एवं अखिल बिहार शतरंज संघ के संयुक्त तत्वावधान में पटना के कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर में चल रही बिहार ओपन फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता आज सम्पन्न हो गई। आज खेले गए अंतिम चक्र में बोर्ड नम्बर एक पर रूस के ग्रैंडमास्टर पीटर क्रियाकोव ने शुरुआती भूल के मद्देनजर महज तेरह चालों में बाजी ड्रा कर ली। वहीं दो नम्बर बोर्ड पर महाराष्ट्र के महेंद्रकर इंद्रजीत ने बंगाल परमब्रत सरकार को पराजित कर शीर्ष पर आ गए । मुकाबला तब और भी रोचक हो गया जब हरियाणा के पृथ्वी शर्मा ने नेपाल चैंपियन रुपेश जायसवाल को पराजित कर शीर्ष स्कोर ग्रुप में स्थान बना लिया। इस तरह आठ अंकों के साथ पीटर, महिंद्रकर एवं पृथ्वी तीनों संयुक्त रूप से शीर्ष पर आ गए। तत्पश्चात, टाई ब्रेक अंकों के आधार पर हुए निर्णय में आधे अंक के अंतर से इंद्रजीत महिंद्राकर को विजेता , ग्रैंडमास्टर पीटर क्रियाकोव को उपविजेता तथा पृथ्वी शर्मा द्वितीय उपविजेता का खिताब मिला । अंतिम चक्र की समाप्ति के उपरांत आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री श्री सुनील कुमार एवं खेल मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र एवं नगद इनामी राशि से पुरस्कृत किया। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए राज्य के शिक्षा मंत्री ने शतरंज को बौद्धिक विकास के लिए अति आवश्यक माना। साथ ही उन्होंने शतरंज को प्राथमिक शिक्षा में सम्मिलित करने की बात कही । उन्होंने इस बारे में आगे योजनाबद्ध तरीके से क्रियान्वित करने की बात कही । वहीं इस अवसर पर बोलते हुए माननीय खेल मंत्री ने कहा कि 2036 में देश में आयोजित हो रहे ओलिंपिक खेलों के मद्देनजर बिहार की अधिकतम भागीदारी की बात कही। खेल को आंदोलन का रूप देते हुए राज्य से अधिकाधिक खिलाड़ियों की सहभागिता हेतु खिलाड़ियों को तैयार करने पर जोर दिया। इस अवसर पर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रण शंकरण , अखिल बिहार शतरंज संघ के अध्यक्ष दिलजीत खन्ना एवं सचिव धर्मेंद्र कुमार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के निदेशक रविंद्र नाथ चौधरी, उप निदेशक हिमांशु सिंह, सिक्किम शतरंज संघ के सचिव महेंद्र ढकाल, खेल विभाग के पूर्व निदेशक संजय कुमार सिन्हा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



**पुरस्कार विजेताओं की सूची इस प्रकार हैः**

**मुख्य पुरस्कार**

महिन्द्राकर इन्द्रजीत – महाराष्ट्र – 1,00,000 + ट्रॉफी
किरीयाकोव पेत्र – रूस – 60,000 + ट्रॉफी
पृथ्वी शर्मा – हरियाणा – 40,000 + ट्रॉफी
चटर्जी के. के. - पश्चिम बंगाल – 30,000
अलेख्या मुखोपाध्याय - पश्चिम बंगाल – 25,000
सुन्दरम कुमार – नई दिल्ली – 22,000
अंकित दास – प. बंगाल – 20,000
किशन कुमार – बिहार – 18,000
विवेक शर्मा – बिहार – 16,000
समीर चौधरी – दिल्ली – 14,000

**सर्वश्रेष्ठ वरिष्ठ खिलाड़ी (S60)**
पी.के. सिंह– बिहार – 10,000 + ट्रॉफी

**सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी**
मरियम फातिमा – बिहार – 20,000 + ट्रॉफी

1800 रेटिंग वर्ग me सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी
शिवमोहन द्विवेदी – उत्तर प्रदेश – 25,000 + ट्रॉफी

1600 रेटिंग वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी
राइमा भट्टाचार्जी – पश्चिम बंगाल – 25,000 + ट्रॉफी

सर्वश्रेष्ठ अनरेटेड खिलाड़ी- अभिषेक राज – बिहार – 25,000 + ट्रॉफी

**सर्वश्रेष्ठ बिहार खिलाड़ी**
कुमार गौरव – बिहार – 20,000 + ट्रॉफी

**अंडर-15 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी**
नवनील चट्टी – पश्चिम बंगाल – 5,000 + ट्रॉफी
वेदांत राजेश – झारखंड – 3,000 + ट्रॉफी
प्रखर चौरसिया – बिहार – 2,000 + ट्रॉफी

**अंडर-13 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी**
शिवाय सिंह – उत्तर प्रदेश – 5,000 + ट्रॉफी
देबाग्निक मोडक – पश्चिम बंगाल – 3,000 + ट्रॉफी
अर्योजीत भौमिक – पश्चिम बंगाल – 2,000 + ट्रॉफी

अंडर-11 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी
देवांश केशरी – बिहार – 5,000 + ट्रॉफी
आदविक कुमार – बिहार – 3,000 + ट्रॉफी
मानस – बिहार – 2,000 + ट्रॉफी

**अंडर-09 (U09) सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी**
आर्यन कुमार – बिहार – 5,000 + ट्रॉफी
श्रेष्ठ कियान – बिहार – 3,000 + ट्रॉफी
मनोमय मंडल – पश्चिम बंगाल – 2,000 + ट्रॉफी

**अंडर-07 (U07) सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी**
रुद्र प्रताप – बिहार – 5,000 + ट्रॉफी
अर्नव कुमार – बिहार – 3,000 + ट्रॉफी
कृष्णा के – बिहार – 2,000 + ट्रॉफी

**अंडर-15 (F15)**
ऐशानी पाठक – उत्तर प्रदेश – 5,000 + ट्रॉफी
मडके इशिका – छत्तीसगढ़ – 3,000 + ट्रॉफी
स्निनिका घोष – पश्चिम बंगाल – 2,000 + ट्रॉफी

**अंडर-13 (F13)**
यक्षिणी पी – तमिलनाडु – 5,000 + ट्रॉफी
अनिका यादव – बिहार – 3,000 + ट्रॉफी
आरोही सागर – बिहार – 2,000 + ट्रॉफी

**अंडर-11**
दीपनजली श्रीवास्तव – उत्तर प्रदेश – 5,000 + ट्रॉफी
अंकिता राज – बिहार – 3,000 + ट्रॉफी
आराध्या प्रकाश – बिहार – 2,000 + ट्रॉफी

**अंडर-09 (F09)**
वंशिका महाश्वरी – बिहार – 5,000 + ट्रॉफी
दिशा कुमारी – बिहार – 3,000 + ट्रॉफी
अवंतिका चक्रवर्ती – त्रिपुरा – 2,000 + ट्रॉफी

**अंडर-07 (F07) Female**
आव्या श्रीवास्तव– बिहार – 5,000 + ट्रॉफी
प्रेरणा चौधरी – बिहार – 3,000 + ट्रॉफी
अभिनव अविका – बिहार – 2,000 + ट्रॉफी

# भाजपा की वरिष्ठ नेत्री सरोज प्रजापत का निधन, डीडवाना में सोमवार को अंतिम यात्रा

नई सोच एक्सप्रेस



**डीडवाना |** शोक की लहर, हजारों आंखें नम। भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री, पूर्व प्रदेश मंत्री एवं वर्तमान कार्यसमिति सदस्य श्रीमती सरोज प्रजापत का रविवार को जयपुर में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से गंभीर रूप से बीमार थीं और 29 मार्च को दोपहर 3:00 बजे मंगलम पल्स हॉस्पिटल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही भाजपा संगठन और प्रजापत समाज में शोक की लहर दौड़ गई, वहीं क्षेत्रभर में गहरा दुःख व्याप्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 23 मार्च को जयपुर में उनके घुटनों का ऑपरेशन हुआ था। ऑपरेशन के अगले ही दिन 24 मार्च को उन्हें पेशाब में तकलीफ शुरू हुई, जिसके बाद उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई। संक्रमण बढ़ने के कारण किडनी सहित शरीर के अन्य अंग प्रभावित होते गए और स्थिति अत्यंत गंभीर हो गई। पिछले तीन-चार दिनों से वे अस्पताल में भर्ती थीं, जहां प्रदेशभर के जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेते रहे और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते रहे। निधन की सूचना मिलते ही भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेंद्र कुमावत, कुम्हार कुमारी कला माटी बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद टाक, भाजपा प्रवक्ता मदन प्रजापत, डीडवाना के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री यूनुस खान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, प्रदेश मंत्री स्टैबी चौहान सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि अस्पताल पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। श्रीमती सरोज प्रजापत ने अपने राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन में अमिट छाप छोड़ी। वे अखिल भारतीय प्रजापत कुंभकार महासंघ एवं राजस्थान कुम्हार कुमावत महासभा की राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा भी रह चुकी थीं। उनके नेतृत्व में समाज के अनेक प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित हुए। भाजपा संगठन में उन्होंने एक समर्पित, कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान की।

**आज निकलेगी अंतिम यात्राः**स्वर्गीय सरोज प्रजापत की अंतिम यात्रा सोमवार सुबह 10:00 बजे उनके पैतृक गांव डीडवाना स्थित प्रजापत समाज भवन के पास उनके निवास स्थान से मोक्षधाम के लिए रवाना होगी। अंतिम यात्रा में भाजपा के वरिष्ठ नेता, मंत्री, जनप्रतिनिधि, समाज के गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

## बाइक सवार युवक को रोककर गोली मारी, बाजार से लौट रहे युवक वांछित अपराधी पर आरोप



नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद।** जिले में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब बाइक से बाजार कर घर लौट रहे एक युवक को रास्ते में रोककर गोली मार दी गई। घायल की पहचान अशोक कुमार के रूप में हुई है, जो गोलकपुर गांव निवासी नागेश्वर प्रसाद के पुत्र हैं। घटना पाली थाना क्षेत्र की बतायी जा रही है। परिजनों के अनुसार, इस वारदात को बाढु यादव नामक व्यक्ति ने अंजाम दिया है, जो कई मामलों में वांछित अपराधी है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। घायल अशोक कुमार को तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना स्थित पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि गोली पैर में लगी है और फिलहाल उनकी स्थिति खतरे से बाहर बतायी जा रही है। घटना की सूचना पुलिस प्रशासन को दे दी गई है। इस मामले में पाली थाना पुलिस का कहना है कि अभी तक कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई और जांच शुरू की जाएगी।

# सुगौली में तृतीय कैडेट बिहार राज्य भारोत्तोलन चैम्पियनशिप का शुभारंभ

नई सोच एक्सप्रेस



**मोतिहारी/सुगौली।** खेल विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में आयोजित तृतीय कैडेट बिहार राज्य भारोत्तोलन चैम्पियनशिप 2025-26 (बालक एवं बालिका, आयु वर्ग 9-13 वर्ष) का विधिवत उद्घाटन रविवार को नन्द हाई स्कूल, सुगौली के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भूतपूर्व विधायक माननीय ई. शशिभूषण सिंह, डॉ. सुधीर कुमार, समाजसेवी मोहम्मद अलीहसन साहब, राकेश कुमार झा, बिहार वेटलिफ्टिंग डेवलपमेंट कमिटी के अध्यक्ष अरुण केसरी तथा पूर्वी चंपारण जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष नवीन कुमार (गुड्डू जी) द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। यह प्रतियोगिता 29 से 30 मार्च 2026 तक दो दिनों तक आयोजित की जा रही है, जिसमें बिहार के विभिन्न जिलों से आए 9 से 13 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। आयोजन का उद्देश्य राज्य के उभरते खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना तथा उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम का संचालन जिला भारोत्तोलन संघ के कोषाध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने किया। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव रुस्तम आलम, संयुक्त सचिव आरिफ़ इकबाल (छोटू) एवं प्रशांत कुमार (छोटू) का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर समाजसेवी संदीप कुमार मिश्रा, वार्ड पार्षद श्याम शर्मा, रेडियंट पब्लिक स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर हृषिकेश कुमार हर्ष, डॉ. चंद्रकिशोर कुमार गुप्ता तथा डॉ. भोला प्रसाद यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# फिल्म पेड्डी का टीजर जारी, पेड्डी पहलवान के रूप में दमदार लगे सुपरस्टार राम चरण

सुपरस्टार राम चरण 40 साल के हो चुके हैं। इस खास अवसर पर उन्होंने अपने चाहने वालों को तोहफा देते हुए फिल्म पेड्डी का टीजर जारी कर दिया है। बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित इस फिल्म में मेगा स्टार के साथ जाह्नवी कपूर मुख्य किरदार में नजर आएंगी। निर्माताओं द्वारा दिया गया यह तोहफा राम नवमी 2026 से भी मेल खाता है, जिसमें राम चरण को दमदार और प्रभावशाली रूप में पेश किया गया है। महज 44 सेकंड के टीजर में, राम चरण का बिल्कुल अलग अवतार देखने को मिला है, जिससे फैंस बेहद उत्साहित हैं। सुगठित शरीर, मजबूत मांसपेशिया, घनी दाढ़ी और बालों का जूड़ा लगाए अभिनेता पेड्डी पहलवान बने हैं और कुश्ती के अखाड़े में सामने वालों को धूल चटा रहे हैं। उनका डायलॉग मेरा खेल मेरा अहंकार है प्रभावशाली है जो खेल के प्रति उनके जुनून को परिभाषित करता है। यह अभिनेता के करियर का सबसे चौंका देने वाला लुक है। पेड्डी की कहानी 1980 के दशक में आंध्र प्रदेश के ग्रामीण परिवेश पर आधारित एक स्पोर्ट्स ड्रामा है जिसमें वास्तविक घटनाओं को काल्पनिक कहानियों के साथ संजोया गया है। शिव राजकुमार, दिव्येंदु शर्मा, जगपति बाबू, बोमन ईरानी और सत्या जैसे सितारे भी इसका हिस्सा हैं। यह एक पैन-इंडिया फिल्म है जो 30 अप्रैल, 2026 को तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में संगीत ऑस्कर विजेता एआर रहमान ने दिया है।







# रणबीर कपूर बनेंगे राम, हनुमान जयंती पर जारी होगा रामायण का पहला लुक, मेकर्स ने की बड़ी घोषणा

भारतीय सिनेमा की प्रतीक्षित फिल्म रामायण को लेकर दर्शकों का इंतजार अब खत्म होने वाला है. फिल्म के निर्माता नमित मल्होत्रा ने राम नवमी के पावन अवसर पर एक बड़ी घोषणा करते हुए प्रशंसकों को खुशखबरी दी है. उन्होंने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि फिल्म में भगवान राम की मुख्य भूमिका निभा रहे अभिनेता रणबीर कपूर का पहला लुक 2 अप्रैल, 2026 को हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर दुनिया के सामने पेश किया जाएगा. नमित मल्होत्रा ने इंस्टाग्राम पर एक बेहद खास पोस्ट साझा की. उन्होंने प्रशंसकों के धैर्य और अटूट विश्वास के लिए उनका आभार व्यक्त किया. उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, शुभ राम नवमी. आपके विश्वास और धैर्य के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद. 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के दिन, हम मिलकर पहला कदम उठाएंगे. रामायण - नामित मल्होत्रा द्वारा. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह फिल्म दिवाली 2026 और 2027 में वैश्विक स्तर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

निर्माता ने अपने संदेश में इस बात पर जोर दिया कि रामायण केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि एक गहरी जिम्मेदारी और भक्ति का विषय है. उन्होंने लिखा कि यह कहानी हम सभी की है और उनकी पूरी टीम इसे पूरी शुद्धता, श्रद्धा और भव्यता के साथ पर्दे पर उतारने के लिए पिछले कई सालों से मेहनत




कर रही है. 2 अप्रैल को होने वाला रामा का लुक लॉन्च एक बड़े वैश्विक कार्यक्रम का हिस्सा होगा, जिसमें फिल्म की भव्यता की पहली झलक दिखाई जाएगी. नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में सितारों का जमावड़ा लगा है. रणबीर कपूर जहां भगवान राम के रूप में नजर आएंगे, वहीं दक्षिण भारतीय अभिनेत्री साई पल्लवी माता सीता की भूमिका निभा रही हैं. कन्नड़ सुपरस्टार यश इस फिल्म में रावण के शक्तिशाली किरदार में दिखेंगे. इसके अलावा, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में जान फूंकेंगे. इस फिल्म का एक और सबसे बड़ा आकर्षण इसका संगीत है. पहली बार दुनिया के दो महान संगीतकार—हॉलीवुड के हंस ज़िमर और भारत के ए.आर. रहमान—एक साथ मिलकर इस महागाथा की धुनें तैयार कर रहे हैं. लगभग 4,000 करोड़ रुपये के भारी-भरकम बजट के साथ बन रही यह फिल्म भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्म होने वाली है. इसे अत्याधुनिक वीएफएक्स तकनीक और आइमैक्स अनुभव के लिए शूट किया जा रहा है ताकि दर्शकों को एक जादुई अनुभव मिल सके. फिल्म को दो भागों में रिलीज किया जाएगा, जिसका पहला भाग दिवाली 2026 में आएगा.

# भूत बंगला का ट्रेलर कब होगा जारी? अक्षय कुमार हॉरर-कॉमेडी में करेंगे दमदार वापसी

अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की हॉरर-कॉमेडी भूल भुलैया (2007) एक सफल लोकप्रिय फिल्म थी। इसी शैली में अभिनेता दोबारा धमाकेदार वापसी कर रहे हैं। उनकी आगामी फिल्म भूत बंगला 10 अप्रैल, 2026 को रिलीज होगी और इसका निर्देशन भी प्रियदर्शन ने किया है। कुछ दिन पहले इसका आधिकारिक टीजर सामने आया था, जिसे लोगों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। अब जब फिल्म की रिलीज करीब है, तो आइए जानते हैं कि इसका ट्रेलर कब तक जारी किया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, भूत बंगला की रिलीज में अब ज्यादा समय नहीं है। इसलिए फिल्म का ट्रेलर 30 मार्च को जारी कर दिया जाएगा। हालांकि, निर्माताओं की ओर से ट्रेलर रिलीज को लेकर अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हाल ही में, फिल्म का गाना तू ही दिसदा जारी हुआ था जिसमें अक्षय के साथ, वामिका गब्बी का रोमांटिक अंदाज देखने को मिला था। एक अन्य गाना रामजी आके भला करेंगे भी जारी हुआ था। भूत बंगला को बिना किसी वाद-विवाद के सेंसर बोर्ड द्वारा पास कर दिया गया है। फिल्म को यूए 16+ रेटिंग के साथ प्रमाणित किया गया है, जिसका मतलब है कि 16 से कम उम्र के बच्चों को माता-पिता के मार्गदर्शन में फिल्म देखना योग्य होगा। फिल्म ऐसे वक्त में आ रही है जब रणवीर सिंह की धुरंधर 2 का दबदबा बरकरार है। हालांकि अक्षय इसके बिल्कुल नहीं घबरा रहे हैं।



# दुनियाभर में 'धुरंधर 2 का भौकाल, 8वें दिन 11 सौ करोड़ के हुई पार, शाहरुख खान के 3 साल पुराने रिकॉर्ड की उड़ा दी धज्जियां

रणवीर सिंह स्टारर और आदित्य धर निर्देशित फ़िल्म 'धुरंधर 2 देश और दुनियाभर के बॉक्स ऑफ़िस पर एक जबरदस्त तूफ़ान बन गई है, जो रुकने का नाम नहीं ले रही और टिकट खिड़की पर खतरनाक कलेक्शन कर रही है. फिल्म की वर्ल्डवाइड परफॉर्मेंस की बात करें तो ये स्पाई थ्रिलर फ़िल्म दुनियाभर में न सिफ़र् 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली सबसे तेज बॉलीवुड फ़िल्म बन गई है, बल्कि इसने शाहरुख़ ख़ान की फ़िल्म पठान के लाइफ़टाइम बिज़नेस को भी पीछे छोड़ दिया है. धुरंधर 2 का क्रेज़ वर्किंग डेज में भी कम नहीं हुआ है, और दूसरे गुरुवार को भी इसने तगड़ा कलेक्शन कर डाला है. चलिए यहां जानते हैं 'धुरंधर 2 का 8वें दिन का कलेक्शन कितना रहा है? रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2 दुनियाभर में वीकडेज़ में भी बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है. पहले वीकेंड में शानदार कमाई के बाद, फिल्म रेगुलर वर्किंग डेज़ में भी ताबड़तोड़ करोडों कमा रही है और नए बेंचमार्क सेट कर रही है. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार के शुरुआती अनुमानों के मुताबिक 19,493 शो से इस फिल्म ने भारत में 49.70 करोड़ की कमाई हुई है, जिससे इसका घरेलू





बाजार में कुल ग्रॉस कलेक्शन 805.32 करोड़ हो गया है. भारत से नेट कलेक्शन 674.17 करोड़ है. बुधवार तक के विदेशी कलेक्शन (261.92 करोड़) को इसमें जोड़ने पर, दुनिया भर में कुल कलेक्शन ?1,067.24 करोड़ हो जाता है. गुरुवार के विदेशी कलेक्शन से इसमें और भी करोड़ों रुपए जुड़ गए हैं और यह दुनिया भर में इसने 1100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. धुरंधर 2 ने रिलीज के 8वें दिन यानी दूसरे गुरुवार को 11 सौ का आंकड़ा पार कर शाहरुख खान की साल 2023 की ब्लॉकबस्टर 'पठान के वर्ल्डवाइड लाइफटाइम कलेक्शन 1069.85 करोड़ को मात दे दी है. अब इसका अगला टारगेट शाहरुख खान की एक और ब्लॉकबस्टर जवान के वर्ल्डवाइड लाइफटाइम कलेक्शन 1163.62 करोड़ को पार करना है. उम्मीद है कि दूसरे शुक्रवार को फिल्म ये मील का पत्थर पार कर लेगी और इसी के साथ बॉलीवुड की दुनियाभर में तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन जाएगी और दूसरे पर पहुंचने के लिए इसे अपनी ही प्रीक्वल धुरंधर के 1300 करोड़ के लाइफटाइम को मात देनी होगी. जबकि पहले नंबर पर आमिर खान की दंगल 2059 करोड़ के कलेक्शन के साथ काबिज है.

# राजामौली की वाराणसी का पहला लुक जारी, 2027 की राम नवमी पर होगी रिलीज

भारतीय सिनेमा के मशहूर निर्देशक एस.एस. राजामौली ने अपनी अगली बड़ी फिल्म वाराणसी को लेकर एक बड़ा अपडेट साझा किया है. राम नवमी के खास मौके पर फिल्म की टीम ने एक छोटा लेकिन बेहद असरदार वीडियो (ग्लिम्स) जारी किया है. इस वीडियो के साथ ही मेकर्स ने यह साफ कर दिया है कि यह फिल्म अगले साल 7 अप्रैल, 2027 को श्री राम नवमी के अवसर पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी.

इस फिल्म में सुपरस्टार महेश बाबू मुख्य भूमिका निभा रहे हैं. खबरों के अनुसार, वे रुद्र नाम के एक शिव भक्त का किरदार निभा रहे हैं, लेकिन कहानी में रामायण का गहरा संबंध दिखाया गया है. जारी किए गए वीडियो में महेश बाबू को भगवान श्री राम के रूप में दिखाया गया है, जिसने प्रशंसकों के बीच काफी उत्सुकता जगा दी है. बताया जा रहा है कि फिल्म में 25 मिनट का एक बहुत बड़ा रामायण सीक्वेंस है, जिसे शूट करने में लगभग 60 दिन लगे हैं.

वाराणसी को भारत की अब तक की सबसे महंगी फिल्मों में से एक माना जा रहा है. इसका बजट 1,000 करोड़ रुपये से ज्यादा बताया जा रहा है. राजामौली इस फिल्म को एक ग्लोबल एडवेंचर के रूप में बना रहे हैं. फिल्म की शूटिंग वाराणसी के पवित्र घाटों से लेकर अंटार्कटिका की बर्फीली वादियों तक की गई है. तकनीकी रूप से भी यह फिल्म





बेहद खास है क्योंकि इसे आइमैक्स फॉर्मेट में शूट किया जा रहा है, ताकि दर्शकों को सिनेमा हॉल में एक अलग ही अनुभव मिले. महेश बाबू के अलावा इस फिल्म में ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा जोनास मंदाकिनी के रोल में नजर आएंगी. वहीं, साउथ के मशहूर अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन फिल्म में विलेन (कुंभ) की भूमिका निभा रहे हैं. फिल्म की कहानी में एक्शन और एडवेंचर के साथ-साथ पौराणिक कथाओं का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा. वीडियो शेयर करते हुए टीम ने लिखा, आप उन्हें अगली राम नवमी तक सिनेमाघरों में देखेंगे. इस मैसेज ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है. राजामौली की पिछली ब्लॉकबस्टर फिल्मों जैसे बाहुबली और आरआरआर को देखते हुए, दुनिया भर के सिनेमा प्रेमी वाराणसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.

# आईपीएल में आज होगा सीएसके और राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला

**एजेंसी, गुवाहाटी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सोमवार को पांच बार की विजेता रही चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का पहला मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से होगा। रॉयल्स की कप्तानी युवा रियान पराग करेंगे। वहीं सीएसके की कप्तानी रूतुराज गायकवाड़ के पास है। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन के सीएसके जाने के बाद पराग को कप्तानी दी गयी है। वहीं सीएसके नये नेतृत्व के तहत ही रूतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में उतरेंगी। इस मैच में दोनो ही टीमों में शामिल कुछ स्टार खिलाड़ी अपनी ही पुरानी टीमों से टकराते दिखें। लंबे समय तक रॉयल्स में रहे विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन इस बार सीएसके की ओर से खेलेंगे जबकि सीएसके के रविन्द्र जडेजा रॉयल्स की ओर से उतरेंगे। ऐसे में दोनों ही टीमों का रोमांचक मुकाबला होगा। सीएसके




को सैमसन के आने से एक अच्छा बल्लेबाज और विकेट कीपर मिलेगा। वहीं जडेजा के आने से रॉयल्स की गेंदबाजी और बल्लेबाजी बेहतर होगी। सामने अपनी पुरानी टीमों को चुनौती देने की बारी होगी। सैमसन ने हाल में टी20 विश्व कप में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। ऐसे में उनके फार्म में होने का लाभ सीएसके को मिलेगा। वह सीएसके टीम के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ के साथ पारी शुरु करेंगे। सैमसन के पास लंबी पारी खेलने का अनुभव है जिसका लाभ सीएसके को मिलेगा। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी पूरी तरह से फिट नहीं होने के कारण शुरुआती मैचों से बाहर रहेंगे। ऐसे में सैमसन को उनकी कमी पूरी करनी होगी। धोनी के बार होने से बायें हाथ के युवा स्पिन ऑलराउंडर प्रशांत वीर को टीम में अवसर मिल सकता है। इसके अलावा युवा कार्तिक शर्मा पर भी सबकी नजरें रहेंगी। कार्तिक तेजी से खेलने के लिए जोन जाते हैं। सीएसके के पास मजबूत बल्लेबाजी क्रम है। युव बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस अब पहले से बेहतर हो चले हैं। वहीं शिवम दुबे मध्यक्रम के भरोसेमंद बल्लेबाज बन गए हैं। युवा आयुष म्हात्रे भी अच्छी बल्लेबाजी करते हैं। वहीं सीएसएस की गेंदबाजी कुछ कमजोर नजर आती है। गेंदबाजी की जिम्मेदारी नूर अहमद , अकील हुसैन, मैट हेनरी और खलील अहमद के पास रहेगी।

वहीं रॉयल्स की बात करें तो जडेजा के आने से टीम का अनुभव और संतुलन बढ़ा है। टीम की बल्लेबाजी की कमान यशस्वी जायसवाल के पास रहेगी। टीम में युवा वैभव सूर्यवंशी भी नये रिकार्ड बनाना चाहेंगे। वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायेर के होने से भी टीम को लाभ मिलेगा। रॉयल्स की गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर के अलावा कोई भी ऐसा गेंदबाज नहीं है जो विशेष हो। पिछले सत्र के बाद टीम में कई बदलाव हुए हैं पर वह बेहतर गेंदबाज शामिल नहीं कर पायी है। स्पिन गेंदबाजी की कमान जडेजा और रवि बिश्नोई के पास रहेगी।

**टीमें ही टीमें इस प्रकार हैं**

**राजस्थान रॉयल्सः** रियान पराग (कप्तान ), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायेर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल, रविंद्र जडेजा, सैम कुरेन, एडम मिल्ने, बृजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

**चेन्नई सुपर किंग्सः** रूतुराज गायकवाड़ (कप्तान), संजू सैमसन, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे , आयुष म्हात्रे, मैट हेनरी, अकील हुसैन, नूर अहमद, जैमी ओवर्टन, मैथ्यू शॉर्ट, खलील अहमद, जाक फोकेस, अंशुल कम्बोज, नाथन एलिस, सरफराज खान, राहुल चाहर, कार्तिक शर्मा, उर्विल पटेल, अमन खान, रामाकृष्णा घोष, प्रशांत वीर, श्रेयस गोपाल, गुरजपनीत सिंह और मुकेश चौधरी।

## विराट में अब भी किसी युवा बल्लेबाज जैसी रनों की भूख देखकर होती है हैरानी : अश्विन

**एजेंसी, बेंगलुरु**

दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की आईपीएल 2026 के पहले ही मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेली पारी की जमकर प्रशंसा की है। विराट इस मैच में पारी की शुरुआत से लेकर जीत का टिके रहे। इसी को लेकर अश्विन ने कहा है कि उनके अंदर आज भी रनों की पहले जैसी ही भूख है जो मुख्य रुप से युवा बल्लेबाजों में होती है।

अश्विन ने कहा, मुझे इस उम्र में वह काफी अजीब लगता है। मैं कभी-कभी हमारी बातचीत के दौरान उसे यह बताता हूं। वह 40 के आस-पास बल्लेबाज कर रहा था, एक साझेदारी चल रही थी और आरसीबी आराम से आगे बढ़ रही थी। वह पहला एक रन लेने के लिए दौड़ा, वहीं रुक गया जबकि दूसरा बल्लेबा अभी आधा भी नहीं पहुंचा था पर विराट पहले से ही दूसरा एक रन लेने का प्रयास कर रहा था। वह लेग साइड पर 57 मीटर की बाउंड्री थी और यह दिखाता है कि वह अभी



भी गेम में कितना उत्साह लाता है।

अश्विन ने साथ ही कहा, वह जो कहता है, वही करता है। ऐसा लगता है जैसे वह लोगों को यह बताने के लिए एक शो कर रहा हो कि गेम कैसे खेलना चाहिए, इसे मेहनत से खेलना चाहिए और इसे वैसे ही खेलना चाहिए जैसा इसे खेला जाना चाहिए। विराट ने जो किया, उसके बारे में यह बात मेरे लिए सबसे अलग थी और अगर आससीबी इसी तरह बल्लेबाी करने वाली है, तो विराट को बस पूरे 20 ओवर खेलने की जरूरत है। विराट मैदाने पर टिके रहें तो रन आते रहंगे।

### आईपीएल के पहले ही मैच में क्लासेन को आउट दिये जाने पर वॉन ने उठाये सवाल

**एजेंसी, बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शुरुआत के साथ ही विवाद भी शुरु हो गये हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच हुए पहले ही मैच में हेनरिक क्लासेन के एक कैच को लेकर ये विवाद उठा है। क्लासेन के कैच को बाउंड्री पर फिल सॉल्ट ने पकड़ लिया पर वह इसी दौरान सीमा रेखा के काफी करीब पहुंच गये इससे अंपायर ने क्लासेन को आउट दे लिया और उसी पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने सवाल उठाये हैं। वॉन ने सोशल मीडिया में लिख, 'मुझे ऐसा लगा जैसे सॉल्ट के पैर ने सीमा रेखा को छुआ हो। ऐसे में क्लासेन कों संदेह का लाभ मिलना था पर नहीं दिया गया। इससे आरसीबी को लाभ हुआ। अंपायर कैये यह कैसे बता सकते हैं पैर का कोई हिस्सा सीमा रेखा पर नहीं लगा।'वॉन ने कहा कि सॉल्ट ने शानदार कैच पकड़ा, मगर कैच पकड़ने के दौरान वह बाउंड्री के काफी नजदीक थे।

## आईपीएल से हटने वालों के खिलाफ कड़े कदम उठाने की जरुरत : गावस्कर

**एजेंसी, मुम्बई**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है आईपीएल से हटने वाले खिलाड़ियों के खिलाफ केवल दो साल का प्रतिबंध ही काफी नहीं है। हससे भी अधिक सख्त कदम उठाने चाहिये जिससे कि कोई भी भविष्य में इस प्रकार से धोखा न करे। गावस्कर ने कहा कि जिस प्रकार से कई खिलाड़ी बहानेबाजी करते हैं उसे रोकने के लिए आईपीएल आयोजकों का कठोर नियम बनाने चाहिये। आईपीएल शुरु होने के ठीक पहले कुछ विदेशी खिलाड़ियों के अचानक वापस नाम लेने से टीमों की रणनीति बिखर गयी है। नाम वापस लेने वालों में इंग्लैंड



के बेन डकेट और हैरी ब्रूक भी शामिल है। बीसीसीआई के नियमों के अनुसार अगर कोई खिलाड़ी नीलामी में बिकने के बाद टूर्नामेंट से नाम वापस लेता है तो उस पर 2 साल का प्रतिबंध लगता है पर गावस्कर का मानना है कि इससे अधिक अधिक कठोर कदमों की जरुरत है। गावस्कर ने कहा, "यह एक कठिन मामला है। डकेट की एशेज सीरीज बहुत अच्छी रही थी, और अगर उन्हें 'द हंड्रेड' की नीलामी में उतनी बड़ी रकम में नहीं खरीदा गया होता, तो वह आईपीएल खेल रहे होते। 'द हंड्रेड' में अच्छी कीमत पर खरीदे जाने के बाद, वह आईपीएल को छोड़ने और यह कहने में काफी खुश थे कि वह अपने टेस्ट करियर पर ध्यान देना चाहते हैं।" उन्होंने साथ ही कहा, "लेकिन हां, इस बारे में बीसीसी को भी सोचना चाहिए कि क्या किया जाना चाहिए, क्योंकि दो साल का प्रतिबंध साफ तौर पर काम नहीं कर रहा है। आपको कुछ ऐसा करना होगा जिसका असर हो। जब तक इसका खिलाड़ी पर और उसके आईपीएल में वापसी के अवसरों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, तब तक यह नियम काम नहीं करेगा।" डकेट के लीग से हटने के फैसले ने खिलाड़ियों की प्रतिबद्धता और लीग के नियमों पर सवाल उठने लगे हैं।

## हमारा लक्ष्य खिताब फिर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर खिताब जीतना है : पाटीदार

**एजेंसी, बेंगलुरु**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने सत्र के पहले ही मैच में जीत पर खुशी जताते हुए कहा है कि हम खिताब बचाने की मानसिकता के साथ नहीं उतरे हैं। पाटीदार के अनुसार आरसीबी लगातार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर फिर से खिताब जीतना चाहती है। आरसीबी ने अपने पहले ही मैच में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएत) को छह विकेट से हराय है जिससे उसके हौंसले बलंद हैं। पाटीदार ने कहा कि वह टीम के अभियान को खिताब की जगह खिताब हासिल करने वाला मानते हें। उन्होंने कहा, हम इस मानसिकता



के साथ नहीं खेल रहे हैं कि कुछ बचाना है। हमने 2025 में जो किया, वह बीती बात थी। अब हम इस बार फिर खिताब जीतने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। आरसीबी की जीत में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के अलावा देवदत्त पडिक्कल और जैकब डफी के अच्छे प्रदर्शन की अहम भूमिका रही है। इसी को लेकर पाटीदार ने कहा, लक्ष्य का पीछा करने में कोहली शीर्ष पर हैं। मुझे हमेशा से ही उनकी बल्लेबाजी पसंद रही है और डगआउट से उन्हें खेलते देखना बहुत शानदार रहता है।

उन्होंने कहा, कोच एंडी फ्लावर और मुझे भी लगता है कि वह अपने खेल के सबसे उच्च स्तर पर हैं। उनकी पारी की प्रशंसा के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। वह मेरे आदर्श हैं और मैंने उन्हें नेट्स पर उसी ऊर्जा और तत्परता के साथ खेलते देखा है। मैं उन्हें नेट्स पर बल्लेबाजी करते देखकर बहुत कुछ सीख रहा हूं। वहीं मैच में तीन विकेट लेकर सनराइजर्स पर अंकुश लगाने वाले डफी को लेकर उन्होंने कहा, वह टी20 का विशेषज्ञ गेंदबाज है और हमें उस पर काफी भरोसा है। जिस तरह से वह खेल रहा है, जबर्दस्त है।

# बिजनेस

## साप्ताहिक समीक्षा- लगातार पांचवें सप्ताह गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में जारी जंग के कारण लगातार बदल रही परिस्थितियों के बीच घरेलू शेयर बाजार पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान जोरदार उतार-चढ़ाव का गवाह बनने के बाद लगातार पांचवें सप्ताह गिरावट के साथ बंद हुआ। रामनवमी की छुट्टी के कारण सिर्फ चार दिन के कारोबारी सप्ताह में शेयर बाजार पहले और आखिरी दिन बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि दूसरे और तीसरे कारोबारी दिन बाजार में जोरदार तेजी बनी रही। शुक्रवार को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के बाद बीएसई का सेंसेक्स साप्ताहिक आधार पर 949.74 अंक यानी 1.27 प्रतिशत के गिरावट के साथ 73,583.22 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई के निफ्टी ने साप्ताहिक आधार पर 294.90 अंक यानी 1.27 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,819.60 अंक के स्तर पर पिछले सप्ताह के कारोबार का अंत किया। 27 मार्च को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह में बीएसई का लार्जकैप इंडेक्स साप्ताहिक आधार पर 2.79 प्रतिशत की बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। इस इंडेक्स में शामिल कंपनी में टेक महिंद्रा, अपोलो हॉस्पिटल्स और जाइडस लाइफ साइंसेज जैसी कंपनियां के शेयर टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, स्वीगी, एचडीएफसी बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, अडानी एंटरप्राइजेज, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड, इंडस टावर्स, टाटा कैपिटल और गेल (इंडिया) लिमिटेड जैसी कंपनियों के शेयर टॉप लूजर्स की सूची में शामिल हुए। इसी तरह बीएसई का मिडकैप इंडेक्स सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद साप्ताहिक आधार पर 1.3 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल ग्लैंड फार्मा, कोफोर्ज, विशाल मेगा मार्ट, प्रीमियर एनर्जीज, ऑरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज सॉफ्टवेयर, एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस और परसिस्टेंट सिस्टम्स के शेयर टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, भारत डायनॉमिक्स, बजाज हाउसिंग फाइनेंस, गुजरात गैस, न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी, गोदरेज इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी, एस्कॉर्ट्स क्यूबोटा, टॉरेंट पावर, कोचीन शिपयार्ड और 360 वन डब्ल्यूएएम के शेयर टॉप लूजर्स की सूची में शामिल हुए। बीएससी का स्मॉलकैप इंडेक्स भी पिछले सप्ताह के कारोबार के दौरान साप्ताहिक आधार पर गिरावट का शिकार हुआ। स्मॉलकैप इंडेक्स में साप्ताहिक आधार पर 1.01 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस इंडेक्स में शामिल एंबेसी डेवलपमेंट्स, ब्रेन बीज सॉल्यूशंस, जयप्रकाश पावर वेंचर्स, पीटीसी इंडस्ट्रीज, गार्डनरिच शिप बिल्डर्स एंड इंजिनियर्स, चेन्नई पैट्रोलियम कॉरपोरेशन, फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज, आरएचआई मैग्नेसिता इंडिया, रिलैक्सो फुटवियर्स, बॉम्बे बर्मा ट्रेडिंग कॉरपोरेशन, किर्लोस्कर ब्रदर्स और फिनोलेक्स केबल्स कर साप्ताहिक आधार पर 8 से लेकर 13 प्रतिशत तक की कमजोरी के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स, एचईजी, ऐफल 31, एक्मे सोलर होल्डिंग्स, अपार इंडस्ट्रीज, फाइव स्टार बिजनेस फाइनेंस, सम्मान कैपिटल और ब्रिगेड एंटरप्राइजेज के शेयर में साप्ताहिक आधार पर 7 से लेकर 15 प्रतिशत तक की मजबूती दर्ज की गई।

## एनएसई पर 13 अप्रैल को ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स की होगी लॉन्चिंग, इंडियन नेचुरल गैस फ्यूचर्स की भी जल्द होगी शुरुआत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) 13 अप्रैल से एनएसई डेटेड ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स की शुरुआत करने जा रहा है। इसके लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने एस एंड पी ग्लोबल एनर्जी के साथ एक स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप करने का ऐलान किया है। इसके साथ ही एनएसई अगली तिमाही में इंडियन नेचुरल गैस कॉन्ट्रैक्ट्स भी शुरू करने वाला है। इसके लिए एनएसई को मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) से मंजूरी मिल गई है।

मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि एनएसई डेटेड ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स की लॉन्चिंग होने से एनएसई के एनर्जी सेगमेंट ऑफरिंग में बड़ा विस्तार होगा। इसी तरह इंडियन नेचुरल गैस कॉन्ट्रैक्ट्स की शुरुआत नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एनर्जी



डेरिवेटिव्स पोर्टफ़ोलियो को बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम होगा। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि एनएसई का यह कदम उसके एनर्जी डेरिवेटिव्स पोर्टफोलियो को बढ़ावा देने के उसके कमिटमेंट का भी संकेत है, जिसका फायदा उसे विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को आकर्षित करने में मिलेगा।

बता दें कि फिलहाल एनएसई के पास वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड कॉन्ट्रैक्ट्स में 16 प्रतिशत मार्केट शेयर है। जानकारों का कहना है कि एनएसई ने अगले कॉन्ट्रैक्ट एक्सपायरी तक इसे 30 प्रतिशत से भी अधिक करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। एनएसई के योजनाकारों को उम्मीद है कि ब्रेंट क्रूड और नैचुरल गैस फ्यूचर्स की शुरुआत होने पर एनर्जी डेरिवेटिव्स मार्केट में एनएसई को अपनी मौजूदगी मज़बूत करने में मदद मिलेगी और इससे ग्लोबल पार्टिसिपेंट्स का एक बड़ा वर्ग भी इसमें निवेश करने के लिए आकर्षित होगा।

फिलहाल भारत में कमोडिटी मार्केट पर मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज(एमसीएक्स) हावी है। ऐसी स्थिति में एनएसई के स्ट्रेटेजिक विस्तार से एनर्जी सेगमेंट में कॉम्पिटिशन बढ़ने की संभावना है। इसके साथ ही इसकी वजह से एनर्जी सेंगमेंट में ट्रेडिंग वॉल्यूम में भी तुलनात्मक रूप से बढ़ोतरी होने की संभावना है।

## सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी के भाव में बड़ी गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में तेजी का रुख नजर आ रहा है। दूसरी ओर चांदी के भाव में गिरावट दर्ज की गई है। आज के कारोबार में सोना 170 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 180 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। दूसरी ओर चांदी के भाव में आज 10 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी दर्ज की गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज हाजिर सोना 4,416 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंचा हुआ है, वहीं चांदी अंतरराष्ट्रीय बाजार में फिसल कर 68.12 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर आ गई है। भारत में सोने की कीमत में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,44,720 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,44,870 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,32,660 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,32,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में



2,39,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,44,870 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,32,810 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,44,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,32,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,44,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,32,710 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## मिलावटी पनीर को बाजार में असली बताकर बेचा जा रहा थाः 700 किलो से अधिक नकली पनीर बरामद

**एजेंसी, जयपुर**

जवाहर नगर थाना पुलिस ने मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शनिवार को 700 किलो से अधिक नकली पनीर (मावा) बरामद किया। जिससे मिलावटखोरों में हड़कंप मच गया है। इस मामले में खाद्य विभाग की टीम को मौके पर बुलाकर जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस मिलावटी पनीर को बाजार में असली बताकर बेचा जा रहा था। थानाधिकारी महेश चंद्र ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि टीला नंबर-1 स्थित राजेश डेयरी पर



नकली मावा सप्लाई होने वाला है। इस पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर पिकअप वाहन से भारी मात्रा में लाया गया मावा बरामद किया। जिसे बाजार में सप्लाई से पहले ही पकड़ लिया गया। इस कार्रवाई के दौरान सीएमएचओ प्रथम की टीम को बुलाकर नमूने लिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद आरोपितों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## इलेक्ट्रिक टू व्हीलर मार्केट में टीवीएस का दबदबा, बजाज ऑटो दूसरे स्थान पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

टीवीएस मोटर ने मार्च के महीने में भी इलेक्ट्रिक टू व्हीलर मार्केट में अपना दबदबा बरकरार रखा है। 27 मार्च तक देश में कुल 1,39,238 इलेक्ट्रिक टू व्हीलर का रजिस्ट्रेशन हुआ था। इसमें 27.30 प्रतिशत मार्केट शेयर के साथ टीवीएस मोटर पहले स्थान पर रही। टीवीएस मोटर द्वारा निर्मित कुल 38,007 इलेक्ट्रिक टू व्हीलर का अभी तक रजिस्ट्रेशन हो चुका है। टीवीएस मोटर के बाद इलेक्ट्रिक टू व्हीलर बेचने के मामले में बजाज ऑटो दूसरे स्थान पर रही है। बजाज ऑटो द्वारा बनाए गए इलेक्ट्रिक टू व्हीलर्स का मार्केट शेयर 24 प्रतिशत है। अभी तक बजाज ऑटो द्वारा बनाए गए 33,447 इलेक्ट्रिक टू व्हीलर का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। सरकार द्वारा बनाए गए वाहन पोर्टल द्वारा जारी किए गए रजिस्ट्रेशन डेटा के अनुसार मार्च के महीने में एथर एनर्जी 26,151 इलेक्ट्रिक टू व्हीलर की बिक्री करके तीसरे स्थान पर रही है। इलेक्ट्रिक टू व्हीलर सेगमेंट में एथर एनर्जी का मार्केट शेयर 18.8 प्रतिशत है। कंपनी की इस उपलब्धि में एथर एनर्जी की 450 सीरीज और फैमिली स्कूटर रिज्टा की बिक्री का अहम योगदान है। मार्च के महीने में इलेक्ट्रिक टू व्हीलर बेचने के मामले में हीरो मोटोकॉर्प चौथे स्थान पर रही। हीरो मोटोकॉर्प के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ब्रांड विडा ने 15,683 रजिस्ट्रेशन और 11.3 प्रतिशत मार्केट शेयर के साथ इलेक्ट्रिक टू व्हीलर सेगमेंट में मार्च महीने के दौरान चौथा स्थान हासिल किया। वहीं ओला इलेक्ट्रिक ने मार्च महीने के दौरान 6,381 इलेक्ट्रिक टू व्हीलर की बिक्री की। इस महीने इलेक्ट्रिक टू व्हीलर सेगमेंट में ओला इलेक्ट्रिक का मार्केट शेयर 4.6 प्रतिशत रहा और कंपनी पांचवें स्थान पर रही। इन प्रमुख कंपनियों के अलावा अन्य कंपनियों में एंपियर ने 3.9 प्रतिशत मार्केट शेयर के साथ 5,378 इलेक्ट्रिक टू व्हीलर्स का रजिस्ट्रेशन कराया, जबकि रिवर कंपनी ने 2.3 प्रतिशत मार्केट शेयर के साथ अपने 3,135 इलेक्ट्रिक टू व्हीलर्स का रजिस्ट्रेशन कराया। मार्च के महीने में बीगॉस ने कुल 2,296 इलेक्ट्रिक टू व्हीलर्स की बिक्री की। इलेक्ट्रिक टू व्हीलर सेगमेंट में कंपनी का मार्केट शेयर 1.6 प्रतिशत है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।